| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 80,716.55 |
| निफ्टी | ~ | 24,613.00 |
| सोना | ~ | 74,020 |
| चांदी | ~ | 95,000 |
| डॉलर | ~ | 83.57 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
बुधवार 17 जुलाई 2024
आषाढ़ शुक्ल 12 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 15, अंक 295
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## खास खबर

### मानसून सत्र से पहले सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

नई दिल्ली। सरकार ने मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई है। सूत्रों के मुताबिक, 21 जुलाई को सुबह 11 बजे यह बैठक होगी। इस बैठक में सरकार की मानसून सत्र को सुचारू रूप से चलाने पर सहमति बनाने पर विचार किया जाएगा। बता दें कि मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा और 12 अगस्त तक चलेगा। मानसून सत्र के दौरान 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी।

### मुस्लिम पुलिसकर्मी रख सकते हैं दाढ़ी - मद्रास हाईकोर्ट

चेन्नई । मद्रास हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा कि भारत विविध धर्मों और रीति-रिवाजों का देश है, दाढ़ी रखने के लिए अल्पसंख्यक समुदायों खासतौर पर मुस्लिम कर्मचारियों को दंडित नहीं किया जा सकता है। अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा कि मद्रास पुलिस गजट के अनुसार अधिकारियों को दाढ़ी रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, लेकिन मुस्लिम पुलिस अधिकारी जीवन भर दाढ़ी रखने के हकदार हैं। कोर्ट ने कहा कि पुलिस विभाग में सख?त अनुशासन की जरूरत होती है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि अल्पसंख्यक समुदाय के किसी कर्मी को दाढ़ी रखने के लिए दंडित किया जा सकता है।

### चांदीपुरा वायरस से 6 बच्चों की मौत

अहमदाबाद। गुजरात में चांदीपुरा वायरस के चलते 5 दिन में 6 बच्चों की मौत हो गई है। गुजरात के स्वाथ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि अभी तक राज्य में 12 बच्चे इस वायरस से इन्फेक्टेड हैं। इस वायरस का इन्फेक्शन 9 साल से 14 साल के बच्चों को ही होता है। डॉक्टरों ने बताया कि चंदीपुरा वायरस से बच्चों में फीवर और फ्लू जैसे लक्षण दिखते हैं। इसके बाद इन्सेफेलाइटिस यानी दिमाग में सूजन तक हो सकती है, जो बच्चों की मौत का कारण बन सकती है। यह वायरस मच्छर और मक्खियों से इंसानों में फैलता है। फिलहाल राज्य में 12 बच्चों में से 4 साबरकांठा, 3 अरावली, 1 महीसागर, 1 खेड़ा और 2 राजस्थान, 1 मध्य प्रदेश से हैं। हालांकि, इन सभी का इलाज गुजरात में अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है।

### वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी के पिता की हत्या

दरभंगा । बिहार में विकासशील इंसान पार्टी यानी वीआईपी के सुप्रीमो मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या कर दी गई है। मंगलवार सुबह 70 साल के सहनी का क्षत-विक्षत शव उनके घर से मिला है। घटना दरभंगा के घनश्यामपुर थाना के जीरत गांव की है। मिथिला रेंज

# डोडा में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में अफसर समेत 5 जवान शहीद

जम्मू। आतंकी अपनी कायराना हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। आए दिन सेना के जवानों को निशाना बना रहे हैं। बीते रोज डोडा में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में 5 जवान बुरी तरह से घायल हो गए थे जिन्होंने अस्पताल में दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक आर्मी का एक अधिकारी भी हमले में शहीद हो गया है। कश्मीर के एक आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। आतंकी संगठन कश्मीर टाइगर्स ने बयान जारी करके कहा है कि सुरक्षाबलों ने जब मुजाहिद्दीन का तलाशी अभियान शुरू किया तो फायरिंग की गई।

जानकारी के मुताबिक रात करीब 9 बजे आतंकियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई। वाइट नाइट कॉर्प्स ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर जवानों के घायल होने की सूचना दी। खुफिया जानकारी के आधार पर जंगल में आतंकियों के खिलाफ तलाशी अभियान शुरू किया गया था। बीते कुछ सप्ताह से जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों को देखते हुए सुरक्षाबल अलर्ट पर हैं। 14 जुलाई को कुपवाड़ा में एलओसी पर आतंकी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे जिन्हें जवानों ने ढेर कर दिया था।

8 जुलाई को कठुआ में हुए आतंकी हमले में पांच सेना के जवान शहीद हो गए थे। वहीं घात लगाकर सेना के काफिले पर किए गए हमले में कई जवान घायल हो गए थे। कुलगाम में 6 जुलाई को कई आतंकियों को मार गिराया गाय था वहीं दो जवान भी शहीद हो गए ते। हाल ही में डोडा में भी मुठभेड़ में तीन आतंकियों को मारा गया था।

बता दें कि कश्मीर टाइगर्स पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का शैडो ग्रुप है। 9 जुलाई को कठुआ में हुए हमले की जिम्मेदारी भी इसी आतंकी संगठन ने ली थी। अधिकारियों का कहना है कि डोडा में राष्ट्रीय राइफल्स और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने शाम को 7 बजे के बाद देसा जंगल इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। यहां आतंकियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद जंगल में छिपे आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। 20 मिनट चली मुठभेड़ में अधिकारी समेत चार जवान बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चारों जवानों ने दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक उनकी हालत गंभीर थी। डोडा में आतंकियों के साथ मुठभेड़ अब भी जारी है। बताया गया कि यहां तीन से चार आतंकी छिपे हो सकते हैं।




### डोडा हमले पर बोलीं महूबबा...अब तक उनके सिर कटने चाहिए थे

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक मेजर सहित चार जवानों के बलिदान पर नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष और पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला और पीडीपी प्रमुख और पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के जवानों की हत्या की निंदा की। अब्दुल्ला और पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने डोडा में मुठभेड़ में एक मेजर सहित चार भारतीय सेना के जवानों और एक पुलिस अधिकारी की हत्या की कड़ी निंदा की है। वहीं पीडीपी अध्यक्ष महबूबा ने मंगलवार को आतंकी हमलों में पिछले 32 महीनों में 50 सैनिकों की मौत के लिए जवाबदेही की मांग की। उन्होंने कहा कि अब तक उनके सिर कट जाने चाहिए थे। महबूबा ने कहा कि दुर्भाग्य से कोई जवाबदेही नहीं है। अब तक उनके सिर कट जाने चाहिए थे... डीजीपी (आर आर स्वैन) को अब तक बर्खास्त कर देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि डोडा में जो हुआ वह बेहद निंदनीय है। हमने इस हमले में अपने बहादुर सैनिकों और अधिकारियों को खो दिया... कोई जवाबदेही नहीं है।

### डोडा हमले पर बोले राहुल-देश और जवानों के गुनहगार आतंकियों पर कड़ी कार्रवाई करे सरकार



जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुए आतंकी हमले को लेकर सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि पूरा देश एकजुटता से खड़ा है, लेकिन सरकार से हम मांग करते हैं कि आतंकवादियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा-आज जम्मू कश्मीर में फिर से एक आतंकी मुठभेड़ में हमारे जवान शहीद हो गए। शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार को गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। उन्होंने आगे लिखा-एक के बाद एक ऐसी आतंकी घटनाएं बेहद दुखद और चिंताजनक है। ये आतंकी हमले जम्मू कश्मीर की जर्जर स्थिति बयान कर रहे हैं।

बीजेपी सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा हमारे जवान और उनके परिवार भुगत रहे हैं। हर देशभक्त भारतीय की यह मांग है कि केंद्र सरकार बार-बार हो रही सुरक्षा चूकों की पूरी जवाबदेही लेकर देश और जवानों के गुनहगारों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे। दुख की इस घड़ी में पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता के साथ खड़ा है।

## सुप्रीम कोर्ट में सभी 34 जजों के पद भरे

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट में दो नए जजों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह और जस्टिस आर. महादेवन को सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त किया गया है। जस्टिस सिंह मणिपुर से सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बनने वाले पहले व्यक्ति होंगे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र सरकार से इन दोनों के नामों की सिफारिश की थी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने 11 जुलाई को इन नियुक्तियों की सिफारिश की थी। सुप्रीम कोर्ट में कुल 34 जजों के पद स्वीकृत हैं और इन दोनों के शपथ लेने के बाद सभी पद भर जाएंगे। वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट में 32 न्यायाधीश कार्यरत हैं।

## शराब, अब स्विगी, जोमैटो से भी कर सकेंगे ऑर्डर

नई दिल्ली। शराब के शौकीनों के लिए अच्छी खबर है। दारू खरीदने के लिए अब आपको ठेके पर जाने की जरूरत नहीं है। स्विगी, जोमैटो और बिगबास्केट जैसे ऑनलाइन डिलीवरी प्लेटफॉर्म जल्द ही बीयर, वाइन और लिकर जैसे कम अल्कोहल वाले पेय पदार्थों की डिलीवरी शुरू कर सकते हैं। उद्योग अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि नई दिल्ली, कर्नाटक, हरियाणा, पंजाब, तमिलनाडु, गोवा और केरल सहित कई राज्य इस पहल के लिए पायलट परियोजनाओं पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अधिकारी वर्तमान में शराब की डिलीवरी की अनुमति देने के पक्ष और विपक्ष का आकलन कर रहे हैं। 2020 में स्विगी और ज़ोमैटो ने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान अपनी सेवाओं में विविधता लाने के लिए गैर-मेट्रो क्षेत्रों में ऑनलाइन शराब वितरण शुरू किया, जब उनका मुख्य व्यवसाय काफी प्रभावित हुआ था। रिपोर्ट में उद्योग के एक अधिकारी के हवाले से कहा गया है, यह बढ़ती प्रवासी आबादी, विशेष रूप से बड़े शहरों में, उन उपभोक्ताओं की बदलती प्रोफ़ाइल को ध्यान में रखकर किया गया है जो मध्यम मात्रा में अल्कोहल युक्त शराब को भोजन के साथ मनोरंजन के रूप में पीते हैं। साथ ही, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने पारंपरिक शराब की दुकानों से खरीदारी करना और दुकान के सामने के अनुभवों को अप्रिय बताया है। स्विगी के कॉर्पोरेट मामलों के उपाध्यक्ष दिनकर वशिष्ठ ने ऑनलाइन डिलीवरी मॉडल के लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन मॉडल्स में पूरी ट्रांजैक्शन रिकॉर्ड, उम्र की पुष्टि और नियमों का पालन होता है। इसके अलावा, ऑनलाइन तकनीक सरकार और एक्साइज नियमों के अनुसार काम करती है, जैसे समय की पाबंदी, ड्राई डे और जोनल डिलीवरी के नियम, सबकुछ अच्छे से फॉलो होता है।

### बढ़ सकता है कारोबार

पब चेन द बीयर कैफे के मुख्य कार्यकारी राहुल सिंह ने कहा, शराब की ऑनलाइन होम डिलीवरी को सक्षम करके, राज्य उपभोक्ता सुविधा को बढ़ा सकते हैं, आर्थिक विकास को गति दे सकते हैं और जिम्मेदार और विनियमित शराब वितरण सुनिश्चित करते हुए वैश्विक रुझानों के साथ तालमेल बिठा सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, घरों तक शराब की डिलीवरी की अनुमति केवल ओडिशा और पश्चिम बंगाल में है। रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र, झारखंड, छत्तीसगढ़ और असम में कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान शराब की डिलीवरी के लिए अस्थायी मंजूरी प्रतिबंधों के बावजूद सफल रही।

### बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया अनोखा फैसला

## आरोपी दंपत्ति को दी छह-छह महीने की सजा जो अलग-अलग समय पर काटनी होगी

नई दिल्ली। तलाक दिए बिना दूसरी शादी करना पड़ा महंगा। दूसरी शादी करने के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक दंपती को जेल की सजा की हवा खिला दी । हालांकि इस मामले को असाधारण बताते हुए आरोपियों को विशेष छूट भी दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दंपती का छोटा बच्चा है, ऐसे में इन्हें अलग-अलग समय पर सजा काटने की छूट दी है। कोर्ट ने कहा कि बच्चे की देखभाल भी जरूरी है इसलिए दोनों आरोपी बारी-बारी से सजा काटेंगे। एक आरोपी की सजा पूरी होने के बाद दूसरे को दो सप्ताह के अंदर सरेंडर करना होगा।



जस्टिस सीटी रविकुमार और संजय कुमार की पीठ ने सजा सुनाते हुए कहा कि पहले पति छह महीने की सजा काटेगा। इसके बाद दो सप्ताह के अंदर महिला को सरेंडर करना होगा और फिर महिला छह महीने जेल में रहेगी। ऐसे में माता-पिता के जेल में रहते हुए बच्चे को दिक्कत नहीं होगी। उसके पास मां-बाप में से कोई एक मौजूद रहेगा।

मामला यह है महिला पहले पति से अलग रहने लगी और दूसरी शादी कर ली इसके बावजूद वह पहले पति से गुजारा भत्ता ले रही थी। पहले पति ने सुप्रीम कोर्ट में मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। मद्रास हाईकोर्ट ने आरोपी महिला और उसके दूसरे पति को दोषी ठहराया लेकिन सजा केवल राइजिंग ऑफ द कोर्ट तक ही सुनाई थी। इस सजा इसका मतलब है कि जितनी देर कोर्ट में मामले की सुनवाई चलती है, उतनी देर तक आरोपियों को सजा होती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अपराध के मुताबिक यह सजा पर्याप्त नहीं है।

## अनुसूचित जातियों की सूची में छेड़छाड़ करने का कोई अधिकार नहीं - सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि संसद के बनाए कानून के अलावा राज्यों या केंद्र सरकार के पास संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत प्रकाशित अनुसूचित जातियों की सूची में छेड़छाड़ करने का कोई अधिकार नहीं है। अदालत ने बिहार सरकार के उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि अत्यंत पिछड़ी जाति तांती-तंतवा को अनुसूचित जाती की सूची में पान/सवासी जाति के साथ शामिल किया जाए। अदालत ने प्रस्ताव को अवैध और गलत बताया। इस मामले की सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा के पीठ ने की।

अदालत ने कहा,वर्तमान मामले में राज्य की कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण और संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ पाई गई है। राज्य को इस शरारत के लिए माफ नहीं किया जा सकता।संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत सूची में शामिल अनुसूचित जातियों के सदस्यों को वंचित करना एक गंभीर मुद्दा है। पीठ ने कहा कि किसी जाति,नस्ल या जनजाति को शामिल करने या बाहर करने के लिए संसद से बनाए गए कानून के तहत ही काम करना होगा।

बिहार सरकार ने एक जुलाई 2015 को अनुसूचित जाति सूची के लाभ को तांती-तंतवा समुदाय तक पहुंचाने के लिए अत्यंत पिछड़ी जातियों (ईबीसी) की सूची में तांती-तंतवा को अनुसूचित जाति की सूची में दूसरे समुदाय यानी पान, सवासी, पनर के साथ विलय करने की अधिसूचना जारी की थी।बिहार सरकार के इस प्रस्ताव को डॉक्टर भीम राव आंबेडकर विचार मंच बिहार और आशीष रजक ने पटना हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी। वहां उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी।

## कावेरी जल विवाद पर कर्नाटक और तमिलनाडु आमने-सामने

चेन्नई । मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु को कावेरी जल की कम मात्रा जारी करने पर कर्नाटक सरकार का रुख अत्यधिक निंदनीय है। सीएम स्टालिन ने कावेरी जल विवाद पर सर्वदलीय बैठक की। स्टालिन ने सर्वदलीय बैठक में तमिलनाडु को कावेरी का पानी देने से इंकार करने पर कर्नाटक सरकार की कड़ी निंदा की। हम सीडब्ल्यूआरसी से आग्रह करते हैं कि वह कर्नाटक सरकार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश और सीडब्ल्यूएमए के आदेश के मुताबिक कावेरी का पानी छोड़ने का आदेश दे।



15 जुलाई, 2024 तक, कर्नाटक के चार मुख्य बांधों में कुल भंडारण 75.586 टीएमसी फीट है, तमिलनाडु के मेट्टूर जलाशय में जल स्तर मात्र 13.808 टीएमसी फीट है। किसानों ने कर्नाटक सरकार से तमिलनाडु के लिए कावेरी जल छोड़ने की मांग को लेकर त्रिची, थिल्लई नगर में कर्नाटक बैंक के सामने विरोध प्रदर्शन किया। कावेरी के पानी के कारण 20 वर्षों से अधिक समय से मुकदमेबाजी जारी है। यह एक राजनीतिक मुद्दा है जिस पर 150 वर्षों से अधिक समय से बहस चल रही है।

कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच कावेरी जल विवाद पर बढ़ते तनाव के बीच, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने आपसी समझ की आवश्यकता पर जोर देकर बातचीत और सहयोग के लिए खुलापन व्यक्त किया है। डीके ने जल आवंटन पर कहा, तमिलनाडु को मिलने का पूरा अधिकार है, जैसे हम मिलते हैं। हम उनकी बैठक पर आपत्ति नहीं करते हैं। यह उनका कर्तव्य है।

इस बीच, बीजेपी नेता सीटी रवि ने कहा कि राज्य तभी पानी छोड़ सकता है, जब उसके पास होगा। उन्होंने कहा, सीडब्ल्यूआरसी (कावेरी जल विनियमन समिति) आमतौर पर अपना फैसला अगस्त में देती है, लेकिन इस साल जुलाई में दिया गया। पिछले साल सूखा पड़ा था और इस साल भी हमें 30 फीसदी बारिश की कमी के साथ ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। हम पानी तभी छोड़ सकते हैं जब हमारे पास पानी होगा। यह बारिश पर निर्भर करता है। अगर बारिश अच्छी होती है, तब हम तमिलनाडु की मांग से ज्यादा पानी छोड़ सकते हैं।

## आलाकमान ने केशव प्रसाद मौर्य को दिल्ली तलब किया

नई दिल्ली। उत्तरप्रदेश में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की नाराजगी के कारण सियासी तूफान आ गया है। केशव प्रसाद मौर्य लोकसभा चुनाव के बाद से ही नाराज चल रहे हैं। वह कोई भी कैबिनेट मीटिंग में नहीं गए हैं ना ही अपने विभाग के दफ्तर जा रहे हैं। उनकी नाराजगी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कथित अनबन से जोड़कर देखा जा रहा है। मंगलवार को भी केशव प्रसाद मौर्य को आलाकमान ने दिल्ली तलब किया लेकिन योगी आदित्यनाथ को नहीं बुलाया। इससे सियासत की गलियों में हलचल पैदा हो गई। इससे पहले मौर्य ने एक बयान दिया था और कहा था कि संगठन हमेशा सरकार से बड़ा होता है। उनके इस बयान के बाद यह कयास लगाए गए कि वह संगठन में कोई बड़ी भूमिका की मांग कर रहे हैं। लेकिन अब अचानक उनके दिल्ली जाने और योगी आदित्यनाथ के साथ न होने के कारण राजनीतिक हलचल पैदा हो गई है। ज्ञात रहे कि चुनाव के दौरान योगी आदित्यनाथ को हटाने की बात दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने की थी, जिसका खंडन भाजपा के किसी भी दिग्गज नेता ने नहीं किया था।



## विवादित ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर पर हुआ एक्शन

### -ट्रेनिंग रद्द कर एकेडमी ने वापस बुलाया

नई दिल्ली। महाराष्ट्र कैडर की ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर का विवादों और खुलासों के चलते ट्रेनिंग प्रोग्राम रद्ध कर दिया गया है। उत्तराखंड के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एडमिनिस्ट्रेशन एकेडमी ने उन्हें वापस बुलाने पत्र जारी करते हुए 23 जुलाई के बाद एकेडमी में शामिल होने के निर्देश दिए हैं।

लगातार विवादों में रहने के चलते ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर का ट्रेनिंग प्रोग्राम रद्द कर दिया गया है। एकेडमी ने उन्हें तत्काल वापस बुलाने के लिए पत्र भी जारी किया है। यही नहीं एकेडमी ने पत्र लिखकर महाराष्ट्र सरकार को भी इस कार्रवाई से अवगत करा दिया है। इससे ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मुसीबतें बढ़ती नजर आ रही हैं। एकेडमी ने अपने



पत्र में कहा है, कि आपके जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित करने और आगे की आवश्यक कार्रवाई करने के लिए आपकी त्वरित वापसी का निर्णय लिया गया है। इस प्रकार से महाराष्ट्र राज्य सरकार के जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम से आपको मुक्त किया जाता है। एकेडमी ने पत्र संलग्न करते हुए आगे कहा है कि यथाशीघ्र, किन्तु किसी भी परिस्थिति में आपको 23 जुलाई, 2024 के बाद एकेडमी में उपस्थित होने के निर्देश दिए जाते हैं।

यहां बताते चलें कि ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर ट्रेनिंग शुरु करने से पहले ही विवादों में आ गईं थीं। इसके बाद उनकी लाइफस्टाइल, फिटनेस और प्रमाण-पत्रों को लेकर रोज नए-नए खुलासे होने लगे। आरोप है कि पूजा खेडकर दृष्टिबाधित और मानसिक रूप से बीमार होने का प्रमाण पत्र लगा यूपीएससी परीक्षा में शामिल हुईं थीं, जिसका लाभ लेकर वो आईएएस बनी हैं। उन पर मेडिकल जांच से बचते रहने और मामले को टालने जैसे आरोप भी हैं। इसलिए जैसे ही ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की ट्रेंनिंग बीच में रोकने और वापस एकेडमी बुलाए जाने का पत्र जारी हुआ, लोगों ने कहना शुरु कर दिया कि अब उनकी मुसीबतें बढ़ने वाली हैं।




# 10 मोहर्रम, यौमे आशुरा आज

## याद किये जायेंगे शहीदाने कर्बला, यौमे आशुरा पर अदा कि जाएगी विशेष नमाज

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। पैग़म्बर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हसन हुसैन और उनके 72 जानिसारो की शहादत का पर्व मोहर्रम 17 जुलाई बुधवार को जिले सहित देश व पूरी दुनिया में धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप मनाया जाएगा। जहा पूरे दिन जगह जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएगे। यौमे आशूरा के नाम से जाने जाने वाले इस खास दिन में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा आशूरा की विशेष नमाज मस्जिदों व घरों में अदा की जाएगी.इसके अलावा जगह जगह ताजिए निकालकर अखाड़े का आयोजन कर, जगह जगह लंगर ए आम, खिचड़ा, शरबत आदि का वितरण कर शहीदाने कर्बला को याद किया जाएगा।



### विशेष नमाज सहित विभिन्न कार्यक्रमो के होंगे अयोजन

मुस्लिम समाज के लोग इस खास दिन में यौमे आशूरा का रोजा रख विशेष इबादत करेंगे तो वही कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहुमीन और बुजुर्गो को याद करेंगे। वही जगह-जगह लंगर खिचड़ा शरबत आदि का वितरण कर अन्य कार्यक्रम संपन्न कराए जाएगे, इसके आलावा घर घर- शरबद खिचड़ा का वितरण कर शहीदाने करबला को याद किया जाएगा।

### ऐतिहासिक दिनों में शुमार है आज का दिन

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आशुरा के दिन का ऐतिहासिक महत्व है। इस्लामिक तारीख के मुताबिक यौमे आशुरा की बहुत ही फजीलत और यह अजमत वाला दिन है, क्योंकि यौमे आशुरा के दिन ही हजरत आदम की दुआयें कबूल हुई, इसी दिन हजरत नूह की कश्ती जूदी पहाड़ी के किनारे लगी। इसी दिन हजरत इब्राहिम पर आग, गुलजार हुई, इसी दिन हजरत ईसा आसमान पर उठा लिये गये और इसी दिन हजरत ईमाम हुसैन और उनके 72 जानिसार की कर्बला में शहादत हुई थी।

### यौमे आशूरा का रोजा, नमाज सहित होंगी अन्य इबादते

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मस्जिदो और घरो में यौमे आशुरा का पर्व मनाया जाएगा। जिसके तहत मस्जिदो और घरो में विशेष नमाज अदा की जायेगी और दुआये मांगी जायेगी। नगर मुख्यालय की जामा मस्जिद सहित विभिन्न मस्जिदो में सुबह 10 बजे यौमे आशुरा की विशेष नमाज अदा की जाएगी और आशुरे की दुआ भी पड़ी जाएगी। यौमे आशुरा का रोज़ा भी अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए मुस्लिम धर्मावलंबी रोजे का ऐहतेमाम करते है और शहीदाने कर्बला की याद में शरबत तथा खिचड़ा सहित लंगर का भी जगह-जगह इंतजाम किया जाता है।

### करबला मैदान में इस्लाम को बचाने हुए थे शहीद

आपको बताए कि मोहर्रम माह के एक तारीख से लेकर 10 तारीख तक शहर की जामा मस्जिद में धर्मगुरू द्वारा धर्मावलंबियों को शहीदाने कर्बला और हजरत ईमाम हुसैन की जीवनी से जुड़ी तकरीर दी जा रही है।मुस्लिम धर्म की मान्यता अनुसार यौमे आशुरा का पर्व परंपराओं एवं मान्यताओं के अनुसार हजरत ईमाम हुसैन के चाहने वाले अलग-अलग तरीकों से भी मनाते हैं, बहरहाल आशुरे के दिन को पूरी दुनिया में विशेष रूप से हजरत ईमाम हुसैन की याद के रूप में ही मनाया जाता हैं, जिन्होंने इस्लाम की शरियत के खिलाफ उठने वाली सभी याजिदरूपी आवाजो को हमेशा के लिए बंद करने में अपनी शहादत दे दी। जिनके साथ परिवार के 6 माह के बच्चे अली असगर सहित 72 जानिसार शहीद हुए थे।हर साल उन्ही शहीदों की याद में मुस्लिम समाज द्वारा धार्मिक मान्यता के अनुरूप मोहर्रम का पर्व मनाया जाता है।जहां शहीदाने कर्बला को याद कर उनकी याद में शरबत खिचड़ा लंगर सहित अन्य आयोजन कर विशेष नमाज दुआ आदि आयोजन संपन्न कराए जाते है।वही इसी माह मोहर्रम से ही मुस्लिमो के नए साल की शुरुवात होती है।

# ग्राम पंचायत मुरमाड़ी के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। ग्राम पंचायत मुरमाडी के लगभग एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि उनके ग्राम में गौठान, चारागाह जैसी शासकीय भूमि पर कुछ लोगों के द्वारा बहुत अधिक अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे ग्राम में अब बहुत दिक्कतों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है इसलिए वह चाहते हैं कि प्रशासन द्वारा उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर कार्रवाई की जाए। आपको बता दे की ग्राम पंचायत मुरमाडी (पुनी) के ग्राम वासियों के द्वारा ग्राम के पशुओं के चारागाह के स्थान गौठान में अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा जबरन ग्राम में अतिक्रमण कर लिया गया है जिसके कारण ग्राम के लोगों के जानवरों को चराने एवं अन्य सामाजिक कार्य के लिये निर्धारित सार्वजनिक भूमि की लगातार कमी होती जा रही है , जिससे ग्राम वासियों में रोष व्याप्त है तथा ग्रामवासियों के मध्य आपसी संबंध लगातार खराब होते जा रहे हैं , जिससे सभी लोग भाई चारे से रहना चाहते हैं इस हेतु एक मिटिंग रखी गई, जिससे हम सभी के द्वारा मिटिंग में उक्त शासकीय पशु चारागाह की भूमि को खाली कराने का निर्णय लिया गया। ऐसी स्थिति में वह प्रशासन से मांग करते है कि ग्राम के निवासियों के मध्या आपसी सामंजस्य बना रहे एवं शासकीय भूमि में किये जा रहे अतिक्रमण को रोका जाना आवश्यक । ग्रामीण सतीश चौधरी और देवकीनंदन बिसेन बताते हैं कि गांव में ग्राम पंचायत की शासकीय भूमि थी जिस पर गांव के कुछ ग्रामीणों द्वारा धीरे-धीरे कर बहुत अधिक जमीन पर अपना कब्जा कर लिया गया है एवं आज ग्राम में पशुओं को चराने एवं अन्य कार्य के लिए शासकीय भूमि नहीं बची है और यदि अभी आवाज नहीं उठाई गई तो कुछ दिनों बाद गांव में जो शासकीय भूमि है वह खत्म हो जाएगी और आज शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने के कारण गांव में आपसी विवाद हो रहा है इसलिए वह चाहते हैं कि इस विषय पर जिला प्रशासन द्वारा अपने स्तर पर किए गए शासकीय भूमि में अतिक्रमण को हटाया जाए और जो लोगों ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया है उन पर न्याय उचित कार्रवाई की जाए इसलिए वह आज कलेक्टर को ज्ञापन देने जिला मुख्यालय पहुंचे हैं।



# सरपंच संघ ने पंचायत में तालाबंदी का किया ऐलान

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। सरपंच संघ जिलाध्यक्ष वैभवसिंह बिसेन प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मनरेगा को लेकर सरकार अपना काला कानुन वापस ले, अन्यथा पंचायतो में तालाबंदी की जाएगी।उन्होंने बताया कि शासन के 1 जुलाई को मनरेगा संबंधी कार्यों पर मटेरियल सामग्री संबंधी सभी काम समाप्त करने का जो आदेश पारित किया गया है, वह काला कानून है। जिस आदेश के खिलाफ पंचायत सरपंच संघ ने तय किया है कि यदि सरकार यह आदेश वापस नहीं लेती है तो पंचायतो में तालाबंदी की जाएगी। उन्होंने बताया कि मनरेगा को लेकर सरकार के आदेश सहित रेत के आसमान छूते दाम, पंचायतो के संचालन में आ रही समस्याओं को लेकर, जिला और ब्लॉक सरपंच संघ की बैठक आगामी 20 जुलाई, शनिवार को दोपहर 1 बजे जनपद पंचायत कार्यालय बालाघाट आहूत की गई है।जिसमें जिले के सभी पंचायतो के सरपंचों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की जाएगी और मनरेगा को लेकर सरकार के आदेश के खिलाफ, सरपंचो की रणनीत की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी। जिसमें आगामी 23 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास के घेराव एवं आंदोलन को लेकर चर्चा की जाएगी।

# आयुष विभाग ने जनसुनवाई में खिलाई मलेरिया रोधी दवा

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। आयुष विभाग ने मंगलवार को कलेक्टर परिसर में स्टॉल लगाकर मलेरिया रोधी दवाई का वितरण किया है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी ने बताया कि आयुष विभाग मलेरिया रोग नियंत्रण के लिए कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसमें 7 जनपदों के 68 गांवों में होम्योपैथी की दवाई खिलाई जाएगी। प्रथम चरण में 18 व 25 जुलाई तथा 1 अगस्त को और द्वितीय चरण 22 व 29 अगस्त को तथा 5 सितंबर को आयोजित होगा। होम्योपैथी की 6-6 गोलियां सप्ताह में एक बार लेना होती है। चिन्हित गांवो में मलेरिया का प्रभाव पूर्व में ज्यादा रहा है।

# घर में मिली 04 दिन पुरानी लाश

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। कटंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत चिचगांव के ग्राम खोलापुर में 04 दिन पुरानी लाश आबादी के बीच स्थित एक घर के भीतर से बरामद की गई. सोमवार की देर शाम घर के भीतर लाश होने की सूचना पुलिस को मिली. स्थानीय रहवासियों के मुताबिक सोमवार की शाम अचानक से घर के भीतर से बदबू आने लगी तब जाकर पता चला की घर के भीतर लाश है. जिसके बाद मृतक के पुत्र को सूचना दी गई. जिसने देर शाम कटंगी थाना पहुंचकर पिता की मौत की जानकारी पुलिस को दी. प्राप्त जानकारी अनुसार खोलापुर निवासी राम चौधरी की लाश उसके ही घर फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली. बताया जा रहा है कि मृतक राम चौधरी का पूरा परिवार जिसमें दो बेटे और पत्नी शामिल है. बेटा और पत्नी बाहर कमाने के लिए गए हुए थे जबकि एक बेटा बीसापुर में अपने रिश्तेदार के यहां मकान में काम कर रहा था. घर पर राम चौधरी केवल अकेला रहता था. वह मनमौजी




किस्म का व्यक्ति था मतलब अपनी ही दुनिया में जीता था. मजदूरी का काम करता था और शराब पीने का आदि था. जिस कारण उसे कोई कुछ नहीं बोलता था. सुबह तड़के ही उठकर घर से गायब हो जाता था. इस वजह से किसी का उस पर ध्यान भी नहीं था. सोमवार की शाम जब घर की तरफ से बदबू आने लगी तब लोगों का ध्यान उनके घर की तरफ गया. देर शाम पुलिस ने मृतक का शव बरामद किया और पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया. वही मृग कायमी कर मंगलवार को शव का पीएम किया गया. फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि आखिरकार राम चौधरी ने फांसी लगाई है या फिर हत्या का मामला है. पुलिस ने कहां की जांच के बाद ही कुछ भी स्पष्ट हो पाएगा। बता दें कि लाश से इतनी अधिक बदबू चल रही थी कि मृतक के सगे संबंधी तक लाश के पास जाने से कतरा रहे थे. ऐसे में पूर्व जनपद सदस्य भाजपा नेता राजेश ठाकरे ने शव को फंदे से उतारा. राजेश ठाकरे ने इस पूरी घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन पर भी सवाल उठाए है. दरअसल, सोमवार की रात ही शव को अस्पताल लाया गया. मगर, मंगलवार की सुबह 11 बजे तक शव का पीएम नहीं हो पाया. अस्पताल में स्वीपर नहीं होने के कारण बॉडी को पोस्टमार्टम नहीं हो पा रहा था. तिरोड़ी से स्वीपर लाया गया तब कहीं जाकर पीएम हुआ. पूर्व जनपद सदस्य ने कहा कि अस्पताल में काफी लंबे समय से पद रिक्त है. सरकार और प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

# पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास में रिक्त सीट के लिये आवेदन आमंत्रित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। शासकीय पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास बालाघाट, खैरलांजी एवं कन्या छात्रावास बालाघाट में रिक्त सीट पर सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिये महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई हे। प्रवेश के लिये इच्छुक विद्यार्थी अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में आवश्यक समस्त दस्तावेजों के साथ कार्यालय अधीक्षक पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास बालाघाट (उत्कृष्ट मैदान के पीछे, पुराने डी.ई.ओ आफिस के बाजू मे), कार्यालय अधीक्षक पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास बालाघाट (आकाशवाणी केन्द्र के पीछे, पावर हाउस के सामने) एवं कार्यालय अधीक्षक पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास खैरलांजी (किन्ही) में कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर जमा कर सकते है।

# इधर मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार तो उधर एक और मोटरसाइकिल नगर से हुई चोरी

## मोटरसाइकिल चोरी करने वालों के पीछे लगी कोतवाली पुलिस

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कोतवाली पुलिस ने 15 जुलाई को एक रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में जहां दो युवक को गिरफ्तार किया वही नगर के वार्ड नंबर 22 लीलावती इंस्टीट्यूट के सामने रोड किनारे खड़ी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी हो गई। कोतवाली पुलिस ने रितिक पिता भागवत साहू 22 वर्ष वार्ड नंबर 20 कोसमी थाना ग्रामीण निवासी द्वारा की गई रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ माह से नगर में मोटरसाइकिल चोरी की वारदात कुछ हद तक थमी हुई थी किंतु पिछले कुछ दिनों से मोटरसाइकिल की चोरी बढ़ने लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रितिक साहू वार्ड नंबर 20 ग्राम कोसमी निवासी नगर के वार्ड नंबर 22 स्थित स्क्रीन हाउस नाम की दुकान में फ्लेक्स होर्डिंग बनाने का काम करते हैं। 15 जुलाई को दो पर 12.30 बजे रितिक साहू अपनी मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर क्रमांक एमपी 50 जेड सी 5347 से काम करने बालाघाट आए थे। जिन्होंने मोटरसाइकिल लीलावती इंस्टीट्यूट के सामने रोड के किनारे खड़ी कर दिए थे और काम करने के लिए स्क्रीन हाउस की दुकान चले गए थे । शाम 5.30 बजे करीब रितिक साहू ने आकर देखा तो उनकी मोटरसाइकिल उन्होंने जहा खड़ी किए थे उसे स्थान पर नहीं थी। तब रितिक साहू ने अपनी मोटरसाइकिल की तलाश आसपास व नगर में किये। कोई पता नहीं चला इस संबंध में रितिक साहू ने दुकान वाले बंटी बत्रा और अपने पिताजी भागवत साहू को मोटरसाइकिल चोरी होने के संबंध में बताये। और रिपोर्ट करने कोतवाली पहुंचे। कोतवाली पुलिस ने रितिक साहू द्वारा की गई रिपोर्ट पर इस मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। ज्ञात हो की पिछले दिनों 11 जुलाई को गर्रा स्थित चावल राइस मिल के परिसर में स्थित पार्किंग से चोरी गई रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में 15 जुलाई को ही कोतवाली पुलिस ने दो आरोपी एलएलबी का छात्र आर्यन पिता राजेश पाठक 18 वर्ष और राहुल पिता सुनील तिवारी 34 वर्ष दोनों वार्ड नंबर 24 इंदिरा नगर बालाघाट निवासी को गिरफ्तार किया जिन्हें विद्वान अदालत द्वारा जेल भिजवा दिया गया है। इस कार्यवाही के चलते नगर के वार्ड नंबर 22 लीलावती इंस्टीट्यूट के सामने रोड किनारे खड़ी मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर ब्लैक कलर की चोरी हो गई। यह मोटरसाइकिल रितिक साहू के पिता भागवत साहू के नाम से पंजीकृत है। जिसकी कीमत 45000 रुपए बताई गई है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यकारिणी घोषित

## धीरज मात्रे बने नगर मंत्री

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल ने बताया कि एक वर्षीय कार्यकाल की परिषद कार्यकारिणी में धीरज मात्रे को नगर मंत्री बनाया है, जो पूर्व में नगर सहमंत्री और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व निभा चुके है। वहीं नगर सहमंत्री का दायित्व विनायक



झरिया, कमल शुक्ला, सुश्री लाची, त्रक्षी असाटी, अश्विनी राहंगडाले और आदर्श कुरवे को सौंपा गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष तीरेंद्र गौतम, उमंग पालेवार, अनिकेत लखेरा को मनोनित किया गया है। साथ ही नवीन कार्यकारिणी में एसएफडी, एसएफएस, राष्ट्रीय कला मंच सहित विद्यार्थी परिषद के सभी आयाम, गतिविधि के प्रमुख दायित्वान कार्यकर्ताओं की भी घोषणा की गई है। कार्यकारिणी घोषणा में प्रमुख रूप से प्रांत सहमंत्री एवं जिला विस्तारक सुव्रत बाझल उपस्थित थे। जिन्होंने दायित्व बोध विषय पर अपने विचार दायित्ववान कार्यकर्ताओं के सामने रखे।

# सेन समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह व पौधारोपण आज

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिला सेन (नाई) समाज बालाघाट द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी जिले के सेन समाज के प्रतिभावान छात्र/छात्राओं का सम्मान समारोह व पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन 17 जुलाई को दोपहर 12 बजे शहर के भटेरा चौकी रोड स्थित एक होटल में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रिकेश सेन विधायक वैशाली नगर भिलाई जिला दुर्ग, डॉ. आई.एम.पी वर्मा पूर्व विधायक मऊगंज रीवा, संदीप श्रीवास आबकारी निरीक्षक बालाघाट उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में सेन समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज के प्रतिभावान छात्र/छात्राओं जिन्होनें वर्ष 2023-2024 में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में 65 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त किया है। इसके अलावा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभावानों को भी मुख्य अतिथियों के हस्ते सम्मानित किया जावेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहन मिल सके व समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता का प्रचार हो सकें। कार्यक्रम में स्वजातीयजनों से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील जिला सेन (नाई) समाज के जिलाध्यक्ष मदनलाल चावके, उपाध्यक्ष सत्यनारायण श्रीवास, आत्माराम चन्ने, डॉ. डीआर शिवनकर, नवनीत लांझेवार, महामंत्री डॉ. पीताम्बर उरकुड़े, सचिव सुभाष मधुकर, रवि ठाकुर, प्रवक्ता राजन भारद्वाज, केशशिल्पी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रोशन सराठे, युवा जिलाध्यक्ष मनोज सेन पारधी, नगर अध्यक्ष सुमित सेन, शैलू सेन, कोषाध्यक्ष भोजराज सेनभक्त, मिथलेश सराठे, सहसचिव वियज सूर्यवंशी, आदर्श सेन, डॉ. रवि श्रीवास, मितेन्द्र लांझेवार, प्रकाश फूलबांधे एवं संरक्षक डी.एल श्रीवास, डॉ. भुनेश भारद्वाज, बाबुलाल सराठे, अशोक वाट, यशवंत राव लक्षणे, एन.एल जुझारे, ईश्वरी प्रसाद भारद्वाज, भोजलाल सराठे, के. एल शेण्डे, डॉ. गौरीशंकर भारद्वाज, पीताम्बर चौधरी, धनीराम उसराठे, अशोक सेन, चैनलाल श्रीवास, गणेश भारद्वाज, सुखदेव सेन सहित अन्य पदाधिकारी सदस्यों ने की है।

लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# महात्मा गांधी नगर पालिका स्कूल के पुराने शिक्षकों को ही रखा जाएगा विधिवत

## स्कूल का रिजल्ट गिरने पर स्कूल के प्राचार्य ने विषयवार और पोर्टल के माध्यम से अतिथि शिक्षक रखने की करी थी मांग

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। महात्मा गांधी नगर पालिका स्कूल में बीते दिनों रिजल्ट बिगड़ने की वजह से कहा जा रहा था कि पुराने अतिथि शिक्षकों को हटाकर पोर्टल के माध्यम से विषयवार शिक्षक रखे जाएंगे, किंतु आज हुई बैठक के बाद अब यह निर्णय लिया गया है कि जो पुराने अतिथि शिक्षक थे वह यथावत रहेंगे और तीन से चार शिक्षकों की और भर्ती नियम अनुसार की जाएगी। आपको बता दे की बीते कुछ दिनों से नगर पालिका महात्मा गांधी स्कूल में रिजल्ट बिगड़ने के बाद यहां के स्कूल प्रबंधन और नियम अनुसार अतिथि शिक्षकों को बंद कर दिया गया था और जब हमारे द्वारा भी शिक्षक नहीं आने को लेकर स्कूल के प्राचार्य से चर्चा की गई थी, तो उन्होंने बताया था कि अतिथि शिक्षकों का कुछ महीनो के लिए समय अवधि रहती है और उसके बाद अतिथि शिक्षकों को बंद कर दिया जाता है और पुन: नियम अनुसार पोर्टल के माध्यम से अतिथि शिक्षक रखे जाते हैं, किंतु उनकी स्कूल में बीते कुछ वर्षों से जो अतिथि शिक्षक वर्षों से सेवा दे रहे हैं उन्हीं को नगर पालिका स्कूल द्वारा हर वर्ष रखा जा रहा था, किंतु हर वर्ष की तरह इस बार भी रिजल्ट गिरने की वजह इस बार स्कूल के प्राचार्य द्वारा पद्मेश न्यूज़ को चर्चा में बताया



गया था कि इस बार जो स्कूल का रिजल्ट गिरा है उसमें कहीं ना कहीं स्कूल में विषय वार शिक्षक का नहीं होना है इसलिए इस बार उन्होंने नगर पालिका को एक पत्र लिखा था जिसमें उन्होंने यह मांग की थी कि शासन के नियम अनुसार अतिथि शिक्षकों की भर्ती पोर्टल के माध्यम से ही की जाएगी और जब हमने भी नगर पालिका की संबंधित शाखा से अतिथि शिक्षकों के विषय में चर्चा की थी, तो वहां के संबंधित कर्मचारियों द्वारा बताया गया था कि इस बार नगर पालिका पोर्टल के अनुसार ही महात्मा गांधी नगर पालिका स्कूल में शिक्षक रखेंगे किंतु सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार 16 जुलाई को दोपहर 3:00 बजे नगर पालिका अध्यक्ष और स्कूल प्रबंधन की एक बैठक हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया है कि जो अतिथि शिक्षक वर्षों से सेवा दे रहे हैं, उन्हीं को यथावत जैसे का वैसा रखा जायेगा और अन्य चार शिक्षकों की भर्ती पोर्टल के अनुसार की जाएगी, जबकि देखा जाए तो जब रिजल्ट बिगड़ा था तो यह माना जा रहा था कि विषय वार शिक्षक नहीं है किंतु अब महज उन्हें शिक्षकों से अध्यापन कार्य करवाया जा रहा है अब देखना होगा कि आने वाले सत्र में महात्मा गांधी नगर पालिका स्कूल का रिजल्ट कैसा रहता है।

### शिक्षकों की व्यवस्था करने का कार्य नगर पालिका का है – शैलेंद्र राहंगडाले

इस विषय पर जब हमारे द्वारा दूरभाष पर महात्मा गांधी नगर पालिका स्कूल के प्राचार्य शैलेंद्र राहंगडाले से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि उन्होंने पहले तो नगर पालिका को विषयवार शिक्षक ही मांगे थे और नगर पालिका स्कूल में शिक्षकों की व्यवस्था करने का कार्य नगर पालिका का है अब नगर पालिका के द्वारा जिस प्रकार की व्यवस्था बनाकर दी जाएगी, वह उसी में शिक्षण कार्य करवाएंगे और शिक्षकों के विषय में वह ज्यादा कुछ नहीं कह सकते, क्योंकि वह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है शिक्षकों की भर्ती और शिक्षकों को रखने का अधिकार नगर पालिका का है क्योंकि नगर पालिका ही यह स्कूल संचालित करती है इसलिए वह इस पर ज्यादा कुछ नहीं कह पाएंगे।

# ग्राम पंचायत कायदी की सचिव श्रीमती गायत्री गोस्वामी निलंबित

## कर्तव्यों के प्रति लापरवाही और आदेशों की अवहेलना किए जाने पर की गई निलंबन की कार्यवाही

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जनपद पंचायत वारासिवनी के अधीन ग्राम पंचायत कायदी की सचिव श्रीमती गायत्री गोस्वामी को कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने एवं आदेशों की अवहेलना की जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। 16 जुलाई को यह कार्यवाही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट के द्वारा की गई। निलंबन के बाद निलंबित सचिव श्रीमती गायत्री गोस्वामी का मुख्यालय जनपद पंचायत वारासिवनी किया गया है। ज्ञात हो की ग्राम पंचायत कायदी में पदस्थ सचिव श्रीमती गायत्री गोस्वामी के द्वारा ग्राम पंचायत कायदी में नियमित रूप से उपस्थित होकर जनहितैषी शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं किए जाने, ग्राम पंचायत की मासिक बैठक सामान्य प्रशासन एवं अन्य महत्वपूर्ण समितियां की बैठक आयोजित नहीं की जाने, वर्तमान में स्थानापन्न सरपंच को सरपंच ना मानते हुए ग्राम पंचायत की बैठक बुलाने से इनकार किए जाने एवं स्थानापन्न चुनाव के उपरांत दो दिवस से ग्राम पंचायत कार्यालय खोले नहीं जाने से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिस संबंध में सचिव श्रीमती गायत्री गोस्वामी का स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया साथ ही दिनांक 15 जुलाई 2024 को जिला स्तरीय जांच दल द्वारा प्रस्तुत पंचनामा अनुसार ग्राम पंचायत कायदी में विगत एक वर्ष के रिकॉर्ड का संधारित होना नहीं पाया गया। ग्राम पंचायत संबंधित अभिलेख सचिव श्रीमती गायत्री गोस्वामी एवं भूतपूर्व सरपंच श्रीमती रेखा नगरगड़े के निज निवास में होने की जानकारी प्राप्त हुई थी। श्रीमती गायत्री गोस्वामी द्वारा उक्त कारण बताओ नोटिस का जवाब संतोष जनक नही होने तथा शासकीय अभिलेख अपनी अभिरक्षा में ग्राम पंचायत में संधारित नहीं किए जाने, जांच में सहयोग न करने एवं वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों की अवहेलना किए जाने की दशा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट के द्वारा मध्य प्रदेश पंचायत राज्य एवं ग्राम स्वराज अधिनियम-1993 एवं मध्य प्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील)-1999 के नियम-4 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए। निलंबन अवधि में श्रीमती गायत्री गोस्वामी नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी तथा जिनका मुख्यालय जनपद पंचायत वारासिवनी किया गया है।

# बैहर रोड से साइकिल सवार को ठोस मारकर बस स्टैंड पहुंची बुलेरो को गुस्साये लोगों ने घेरा-बुलेरो चालक फरार

## घायल साइकिल सवार लतीफ खान जिला अस्पताल में भर्ती

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। स्थानीय बस स्टैंड में उस समय हंगामा हो गया जब बैहर रोड से साइकिल मोटरसाइकिल और फोर व्हीलर को ठोस मार कर और मौके से फरार होकर बस स्टैंड पहुंची एक बुलेरो कार को लोगों ने घेर लिया और बुलेरो चालक



घबराकर बुलेरो को वहीं छोड़कर फरार हो गया। 16 जुलाई को दोपहर 2.30 बजे बैहर रोड पर स्थित चांदनी चौक में इस बुलेरी की ठोकर से घायल साइकिल सवार वृद्ध अब्दुल लतीफ खान पिता अब्दुल हमीद खान 65 वर्ष वार्ड नंबर 4 बैहर चौकी बालाघाट निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। यातायात पुलिस ने बुलेरो बस स्टैंड से हटाकर कोतवाली के हवाले कर दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब्दुल लतीफ खान बैहर रोड स्थित फ्रेश चिकन शॉप ताज दरबार के सामने काम करते हैं। 16 जुलाई को 2.30 बजे करीब अब्दुल लतीफ खान अपने घर में खाना खाने के बाद साइकिल में अपने घर से अपनी दुकान जमा मस्जिद जाने निकले थे। तभी चांदनी चौक के पास भरवेली की ओर से तेज रफ्तार से आ रही बुलेरो क्रमांक एमपी 04 बी सी 4698 के चालक बुलेरो को तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक चलाते हुए जहा पर साइकिल सवार अब्दुल लतीफ खान को ठोस मारकर फरार हुआ वहीं इस वाहन की चपेट में एक मोटरसाइकिल और एक प्रशासनिक वाहन भी आ गया। इस बुलेरो की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार तो बाल बाल बच गया वही साइकिल सवार अब्दुल लतीफ खान घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक साइकिल सवार अब्दुल लतीफ खान को ठोस करने के बाद फरार बुलेरो चालक जब बस स्टैंड की ओर पहुंचा तभी इस दुर्घटना से गुस्साए लोगों इस बोलेरो का पीछा करते हुए बस स्टैंड पहुंचे और इस बोलेरो को घेर लिए तभी बुलेरी चालक अपने को घिरते देख बुलेरो को वही छोड़कर वहा से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली और यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों का गुस्सा नियंत्रण में किये। इसके बाद यातायात पुलिस ने बस स्टैंड से इस बुलेरो को हटाकर कोतवाली के हवाले कर दिया। इस बुलेरो की ठोकर से घायल साइकिल सवार अब्दुल लतीफ खान को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। जिला अस्पताल पुलिस ने अब्दुल लतीफ खान का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली भिजवा दी है। इस मामले के आगे जांच कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है।


# यादे हुसैना और शाही संदल आज

## हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा हक्कू शाह बाबा का 220 वा सालाना उर्स, आज नगर में निकाला जाएगा शाही संदल, रोजाना 20जुलाई तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। हर साल की तरह इस साल भी सैय्यद अलहाज अब्दुल हकीम उर्फ हक्कू शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह चिश्ती का सालाना उर्स पूर्ण अकीदतो, हर्षोल्लास और विधि विधान के साथ मनाया जा रहा हैं.जिसकी शुरुआत आज 5 मोहर्रम 12 जुलाई को परचम कुशाई और गुसल,मजार ए पाक के साथ की जा चुकी गई.20 जुलाई तक चलने वाले इस उर्स मुबारक पर रोजाना ही विभिन्न कार्यक्रमों के अयोजन किए जा रहे। जिसके तहत आज मंगलवार को दरगाह शरीफ में कुरान खानी व मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया तो वही बुधवार को बाबा के आस्ताने के लिए नगर में उर्स मुबारक पर शाही संदल निकाला जाएगा। जानकारी के अनुसार 17 जुलाई को सुबह यादें हुसैना मनाया जाएगा।वही दोपहर 2 बजे दरबार शरीफ से शाही संदल निकाला जाएगा जो वार्ड नंबर 10 इमामबाड़ा पहुंचेगा.वहां से अलम और चादर के साथ शाही संदल शहर का गस्त करने के लिए रवाना होगा. जो नगर के विभिन्न मार्गों का गस्त करता हुआ वापस दरबार शरीफ पहुंचेगा। जहां बाबा को अलम व चादर पेश कर अमनो- आमान की सामूहिक दुआएं मांगी जाएगी।वही भरवेली शहर का संदल भी इसी संदल में शामिल होगा। वही दरबार शरीफ मे शमा महफिल का आयोजन होगा।

### रोजाना हो रहे विभिन्न आयोजन

आपको बताएं कि हजरत हक्कू शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह चिश्ती के 220 वे सालाना




उर्स मुबारक पर हर साल की तरह इस साल भी 12 से 20 जुलाई तक रोजाना विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे है है। 20 जुलाई तक चलने वाले इस सालाना उर्स मुबारक की शुरुवात 12 जुलाई शुक्रवार की सुबह मजार शरीफ का गुसल व परचम कुशाई के साथ की गई. वहीं 14 जुलाई को हजरत इमाम हुसैन रजी. के मुए मुबारक का दीदार कराया गया. इसी क्रम मे 16 जुलाई को सुबह 10 बजे कुरान खानी व मिलाद शरीफ का आयोजन हुआ तो वही बुधवार 17 जुलाई की सुबहा यादे हुसैना मनाया जाएगा।तो वही दोपहर में उर्स मुबारक पर शाही संदल नगर का गस्त करता हुआ दरगाह पहुचेगा जहा अमनो आमान की सामुहिक दुवाओ के अलावा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कराए जाएंगे। इसी तरह 18 जुलाई की शाम को फूलों का नजराना पेश कर दरगाह शरीफ में चादर चढ़ाई जाएगी. वही शाम को लंगर ए आम का आयोजन होगा. 19 जुलाई को कुल शरीफ की फातिहा, रंग महफिल कार्यक्रम होगा। तो वही उर्स मुबारक के अंतिम दिन 20 जुलाई ईशा की नमाज के बाद उर्स ए मुबारक पर अजीमो शान कव्वाली का आयोजन होगा.जिसमें देश व दुनिया के मशहूर कव्वाल रईस अनीस साबरी द्वारा कव्वाली के नजराने पेश किए जाएगे।जहां रईश अनीस साबरी देर रात तक अपने चुनिंदा शेर और कव्वाली पेश करते नजर आएंगे। जिसके बाद देश में अमन चैन शांति और अमनो अमान की सामूहिक दुवाओ के साथ उर्स मुबारक का समापन किया जाएगा। बाबा के इस सालाना उर्स मुबारक पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियां उर्स व दरबार कमेटी द्वारा पूर्ण कर ली गई है।

### फूलो व आकर्षक रोशनी से सजाया गया दरबार

सैय्यद अलहाज अब्दुल हकीम उर्फ हक्कू शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह चिश्ती के 220 वे सालाना उर्स मुबारक पर मेन रोड स्थित आस्ताना ए औलिया दरबार को रंग रोगन कर, रंग बिरंगी लाइट लगाकर सजाया गया हैं।तो वही उर्स मुबारक के अवसर पर दरबार शरीफ में आकर्षक डेकोरेशन लगाकर दरगाह शरीफ को फूलों से सजाया गया है. वही उर्स कमेटी व दरबार कमेटी द्वारा उर्स मुबारक पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।जहा रोजाना ही विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर 20 जुलाई को कव्वाली और कुल शरीफ की फातिहा के बाद उर्स मुबारक का समापन किया जाएगा.उर्स मुबारक के मौके पर सरपरस्त जनाब नजीर अहमद कादरी, दरगाह शरीफ खादिम कलीम अहमद कादरी, सगीर अहमद कादरी,अरहम अहमद, हजरत ख्वाजा गरीब नवाज उर्स कमेटी,हजरत हक्कू शाह बाबा उर्स कमेटी, और हजरत हक्कू शाह बाबा जनकल्याण समिति के समस्त पदाधिकारी सदस्यों सहित अन्य ने बाबा के आस्ताने में पहुंचने वाले सभी अकीदतमन्दो से उर्स मुबारक में शामिल होने की गुजारिश की हैं।

# एक सप्ताह बाद काबू में आया डायरिया

## धीरे-धीरे कर नियंत्रण में आ रही डायरियां की स्थिति, कोसमी में सातवे दिन भी जारी रहा स्वास्थ्य शिविर

**बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में बनी ग्राम पंचायत कोसमी में डायरिया कैसे फैला, फिलहाल इसकी पुष्टि तो नहीं हो पाई है लेकिन वर्तमान समय में कोसमी में फैले डायरिया की स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है। उधर पीएचई विभाग की लैब रिपोर्ट भी सामान्य आई है। तो वही पीएचई अधिकारी ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है गांव में डायरिया पानी से संभवत: नहीं फैला है. पर सवाल अब भी वही है कि जब पानी से गांव में डायरिया नहीं फैला तो फिर आखिर ऐसे कौन से कारण रहे जिसकी वजह से इतने सारे लोग डायरिया नामक बीमारी की चपेट में आ गए। फिलहाल इसका पता लगाया जा रहा है।**

### लैब रिपोर्ट आने के बाद पानी की शुरू की गई सप्लाई

नगर के ग्राम कोसमी में फैले डायरियां की स्थिति अब पूरी तरह से नियंत्रण में है। मंगलवार को सातवे दिन भी शिविर जारी रहा। लेकिन उस शिविर में डायरिया नामक बीमारी के एक भी मरीज नहीं मिले बल्कि सिर्फ 06 ग्रामीण ही अन्य बीमारी से पीड़ित नजर आए। जिनका उपचार शिविर के माध्यम से किया गया। उधर पीएचई विभाग से डायरिया मरीजों के घर से लिए गए पानी के सैंपल की लैब रिपोर्ट आ गई। उस लैब रिपोर्ट में पानी में किसी भी प्रकार का बैक्टीरिया नहीं होने की बात सामने आई ।वही लैब रिपोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि डायरिया नामक बीमारी गांव में पानी से नहीं फैली है। जिसके बाद से पंचायत द्वारा गांव में बंद की गई पानी की सप्लाई एक बार फिर से शुरू कर दी गई है। तो वही अब डायरिया पूरी तरह से नियंत्रण में है। बताया जा रहा है की डायरिया की बीमारी से पीड़ित कुछ मरीजों का उपचार जारी है जिन्हें



जल्द ही डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

### लैब रिपोर्ट में गांव के पानी की स्थिति अच्छी आई है- गगन

इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान ग्राम पंचायत प्रतिनिधि गगन नगपुरे ने बताया कि पीएचई विभाग की सभी लैब रिपोर्ट में गांव के पेयजल की स्थिति अच्छी पाई गई है। इसके बद से गांव में पेयजल सप्लाई भी सुचारू रूप से शुरू कर दी गई है। वही साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा गांव में अब भी शिविर जारी है। फिलहाल डायरिया से पीड़ित मरीज शिविर में नहीं मिल रहे हैं।हमें ऐसा लगता है कि अब यह बीमारी पूर्ण रूप से नियंत्रण में है।

### अन्य कारणों की वजह से डायरियां फैला होगा- उइके

वही इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री बीएल उइके ने बताया कि कोसमी में डायरियां फैलने की खबर के बाद वे स्वयं मौके पर पहुंचे थे। पहले पेयजल को कारण माना जा रहा था।उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए गांव के सभी 39 हैंडपंपों, तीन नलजल योजनाओं के पानी के अलावा डायरियां प्रभावितों के घरों से सेम्पल लेकर भी पानी की लैब में जांच करवाई गई है। सभी जांच में पेयजल की रिपोर्ट में पानी सही पाया गया है। सभी लैब रिपोर्ट स्वीकार सीमा के अंदर आई है। उन्होंने बताया कि दूषित भोजन या मौसम की वजह से डायरियां फैला होगा। लेकिन सम्भवत: पानी की वजह से डायरिया नहीं हुआ होगा। इसके अन्य कारण भी हो सकते हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम काम कर रही है।उन्होंने जिलेवासियों से भी अपील की है कि यदि कहीं भी इस तरह की समस्याएं आती हैं या पानी दूषित होने की आशंका होती है तो वे बेझिझक पीएचई विभाग में उनके पास आ सकते हैं। मामूली फीस जमा कर पानी की जांच करवाई जा सकती है। विभाग के पानी की जांच के लिए सुसज्जित लैब के अलावा पर्याप्त स्टॉफ भी मुस्तैद है।

# गोगलई से बम्हनी मार्ग गड्डों में हुआ तब्दील

## ग्रामीणों ने तत्काल सड़क बनाये जाने की मांग, कलेक्टर कार्यालय में सौंपा ज्ञापन, मांग पूरी न होने पर चकाजाम कर अनशन की दी चेतावनी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। नगर के निकट ग्राम गोंगलई से बम्हनी के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौपकर तत्काल सड़क बनाई जाने की मांग की है। आपको बता दे की गोगलई से लेकर बम्हनी तक सड़क मार्ग प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बनी थी। लेकिन वह सड़क अब गड्ढो में तब्दील हो गई है। इस सड़क में लगातार भारी वाहनों का भी आवागमन होता है। जिस कारण सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिससे ग्रामीणजनों को बालाघाट मुख्यालय में आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते उन्होंने मंगलवार



को बड़ी संख्या में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या से प्रशासन को अवगत कराया है इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि यह किं पूर्व मे ग्राम गोंगलई से लेकर भमोड़ी, चिचगांव, बम्हनी तक सड़क निर्माण का निर्माण कार्य किया गया था। जो वर्तमान मे गढ्डे में तबदिल हो गया है। उक्त सड़क पर आवागमन स्कूल के बच्चो का तथा ग्राम बम्हनी से बालाघाट तक आने वाले मजदूर एवं अन्य लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वही रोड़ मे बड़े बड़े गड्डे होने के कारण स्कूल जाने वाले बच्चो के साथ घटना भी घटित हो चुकी है।उन्होंने बताया कि उक्त सड़क निर्माण के लिए पूर्व में सीएम हेल्प लाइन के माध्यम से शिकायत की गई थी। लेकिन आज दिनांक तक उक्त सड़क में किसी प्रकार का मलमा, मुरम नही डाला गया है ना ही मरमत कार्य किया गया है। इसके बाद भी यदि उक्त सड़क का निर्माण या मरमत नही कराई जाती तो हम ग्रामीणो के द्वारा चक्का जाम करने व अनशन पर बैठने हेतु मजबूर होना पड़ेगा।हमारी मांग की यथाशीघ्र ग्राम गोंगलई से होते हुए उमरया रोड ग्राम बम्हनी तक जाने वाले सड़क का तत्काल निर्माण कार्य कराये जाये। इस दौरान प्रमुख से ताराचंद पाचे, विक्रम पाचे,कुमेश पाचे, हरिप्रसाद बाहे, रवि लिलहारे, मनोज विश्वकर्मा, रोहित नेवारी, युवराज सुलाखे, राजेश कोहरे, प्रकाश पाचे, तुलेश रंनगिरे, योगेश चौधरी सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# जन्मदिन मनाने मोती गार्डन आई एक 20 वर्ष की लड़की से युवक ने की मारपीट और छेड़छाड़

## युवक कुलदीप युवक गिरफ्तार

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कोतवाली समीप मोतीगार्डन मेंएक युवक ने लड़की के साथ छेड़छाड़ और मारपीट कर उसे जान से मारने की धमक दे दी। 15 जुलाई की शाम 7.30 बजे यह घटना उस समय हुई जब यह 20 वर्षीय लड़की अपनी सहेलियों के साथ मोती गार्डन में अपना जन्मदिन मनाने के लिए आई थी। कोतवाली पुलिस ने इस युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक कुलदीप पिता चेतराम सैयाम 22 वर्ष नरगुटोला थाना गढ़ी बालाघाट निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह 20 वर्षीय लड़की जिले की बिरसा थाना क्षेत्र की रहने वाली है। जो बूढ़ी बालाघाट में किराए से रहकर यहां की गर्ल्स कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है। कुलदीप सैयाम इस लड़की का पूर्व परिचित है। जो बालाघाट में रहकर पढ़ाई करता है। 15 जुलाई की शाम 7.30 बजे यह लड़की अपना जन्मदिन मनाने के लिए अपनी सहेलियों के साथ मोती गार्डन आए हुए थे और मोती गार्डन के अंदर तालाब के पास पहुंचे ही थे कि कुलदीप सैयाम वहा पहुंचा और लड़की से बोला कि तू मेरे से बात क्यों नहीं करती मेरे साथ क्यों नहीं रहती। लड़की ने बोली कि मैं किसी से बात नहीं करती। इतना कहते ही कुलदीप सैयाम ने इस लड़की को अश्लील गालियां देते हुए हाथबुक्को से मारपीट करने लगा लड़की वहा से भागने लगी तब कुलदीप सैयाम ने दोड़कर इस लड़की का बुरी नीयत से हाथ पकड़ कर उसके गाल में काट दिया। बीच बचाव करने जब इस लड़की की सहेलियां और एक युवक आया तो कुलदीप सैयाम उनके साथ भी झूमाझपटी की । इस दौरान साइकिल से जा रही एक लड़की को कुलदीप ने सायकल को लात से मार कर गिरा दिया। जिसे यह लड़की नाली में गिर गई। इसके बाद कुलदीप सैयाम इस लड़की को जान से मार डालने की धमकी देकर वहा से फरार हो गया। जिसके बाद यह लड़की कोतवाली पहुंची और घटना के सम्बंध में बतायी। कोतवाली पुलिस ने तुरंत मोती गार्डन में पहुंचकर कुलदीप सैयाम को पड़कर थाने लाई। इस 20 वर्षीय लड़की का इलाज जिला अस्पताल में किया गया। जिसके द्वारा की गई रिपोर्ट पर उपनिरीक्षक किरण वरकडे ने कुलदीप श्याम के विरुद्ध धारा 296,115(2), 74 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर इस अपराध में कुलदीप श्याम को गिरफ्तार करके 16 जुलाई को उसे न्यायालय में पेश कर दिया गया। जिनकी जमानत याचिका विद्वान अदालत द्वारा मंजूर कर ली गई है।

# शासकीय आवासीय भवन जीर्णशीर्ण, कभी भी हो सकता है क्षतिग्रस्त

## जीर्णशीर्ण भवन के क्षतिग्रस्त एवं पेड़ गिरने से घटित हो सकता है बड़ा हादसा, जिम्मेदार मौन, क्षतिग्रस्त शास. आवासीय भवन को डिस्मेंटल एवं भवन की ओर झुके पेड़ की टहनी को कटवाने की शासन-प्रशासन से की मांग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत कार्यालय के सामने पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा ४० से ४५ वर्ष पूर्व शासकीय आवासीय भवन (क्वाटर) का निर्माण किया गया था जहां राजस्व विभाग के कर्मचारी रहते थे परन्तु उक्त भवन का समय-समय पर मरम्मत कार्य नही होने के कारण शासकीय आवासीय भवन जीर्णशीर्ण हो चुका है एवं दीवारों में दरारे भी आ चुकी है। साथ ही जनपद पंचायत कार्यालय के प्रवेश गेट के सामने का विशालकाय पेड़ का एक बड़ा सा टहनी भी जीर्णशीर्ण भवन की ओर उसका झुकाव अधिक बना हुआ है। जल्द ही शासकीय भवन को डिस्मेंटल या पेड़ की टहनी को नही कटवाया गया तो भवन के साथ ही विद्युत पोल किसी भी समय क्षतिग्रस्त हो सकता है और मार्ग के साईड में भवन टूटकर गिरता है तो बहुत बड़ी दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई है क्योंकि सामने में जनपद पंचायत कार्यालय है एवं जीर्णशीर्ण भवन के सामने में जनपद पंचायत में प्रवेश करने का गेट है। साथ ही मार्ग से स्थानीयजन एवं जनपद पंचायत काम से आने वाले जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं शासकीय कर्मचारी भी आते है। अगर भवन अचानक क्षतिग्रस्त होकर रोड़ के ऊपर गिरता है तो मार्ग से आने-जाने वाले उसकी चपेट में आ सकते है जिससे बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। साथ ही पूर्व में जागरूक नागरिक एवं स्थानीयजनों के द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग से राजस्व विभाग के कर्मचारियों के लिए बनाये गये शासकीय आवासीय भवन (क्वाटर) जो जीर्णशीर्ण हो चुका है उसे डिस्मेंटल करने की मांग कर चुके है परन्तु प्रशासन के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे ऐसा लगता है कि पीडब्ल्यूडी विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। स्थानीयजनों एवं जनपद पंचायत में आने वाले ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों ने जीर्णशीर्ण हो चुके राजस्व विभाग के शासकीय आवासीय भवन को जल्द डिस्मेंटल करने की शासन-प्रशासन से मांग की है। वहीं दूरभाष पर पीडब्ल्यूडी विभाग के उपयंत्री वायआर पटले से जनपद पंचायत कार्यालय के सामने बने शासकीय आवासीय भवन जो जीर्णशीर्ण हो चुका है उसे डिस्मेंटल एवं विशालकाय पेड़ जिसका झुकाव जीर्णशीर्ण भवन की ओर अधिक है उसे कटवाने के संबंध में चर्चा करने का प्रयास किया गया परन्तु संपर्क नही हो पाया।





### पीडब्ल्यूडी विभाग से भवन को डिस्मेंटल एवं पेड़ को कटवाने की मांग

आपकों बता दे कि जनपद पंचायत कार्यालय के सामने पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा विगत ४०-४५ वर्ष पूर्व राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारियों के रहने के लिए लाखों रूपयों की लागत से शासकीय आवासीय भवन (क्वाटर) का निर्माण किया गया था परन्तु देख-रेख के अभाव में भवन जीर्णशीर्ण होने के साथ ही दीवारों में दरारे आ चुकी है। साथ ही दरवाजे, खिड़की एवं सडन भी सड़ चुके है जो किसी भी समय क्षतिग्रस्त हो सकता है। वहीं जनपद पंचायत के प्रवेश गेट के सामने स्थित विशालकाय पेड़ का एक बड़ा सा टहनी का झुकाव जीर्णशीर्ण भवन की ओर है और भवन के समीप विद्युत पोल लगा हुआ है जिससे विद्युत तार भी गुजरे है एवं उक्त विद्युत पोल से निवासरत लोगों के घरों में कनेक्शन भी गये है। अगर जीर्णशीर्ण भवन के क्षतिग्रस्त एवं पेड़ के टूटने से विद्युत पोल भी टूट सकता है जिससे बड़ी दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई है। वहीं प्रशासन के द्वारा ४० से ४५ वर्ष पूर्व बनने शासकीय आवासीय भवन का देख-रेख करने के साथ ही मरम्मत कार्य समय-समय पर करवाते रहते तो भवन जीर्णशीर्ण नही होता परन्तु भवन की ओर विशेष ध्यान नही देने के कारण वर्तमान में भवन की स्थिति जर्जर हो चुकी है जो किसी भी समय क्षतिग्रस्त हो सकती है। वहीं जीर्णशीर्ण भवन के सामने जनपद पंचायत कार्यालय है जहां रोजाना जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी भी आते है परन्तु उनका भी ध्यान जीर्णशीर्ण हो चुके शासकीय आवासीय भवन की ओर नही है। जबकि रोड़ किनारे से दीवारों में दरारे आने के साथ ही दीवार का झुकाव भी एक साईड में आ चुका है रोड़ की ओर, अगर दीवार का जाईंड अलग होता है तो वह किसी भी समय क्षतिग्रस्त होकर रोड़ की साईड में गिर सकता है। वहीं पेड़ का झुकाव भी जीर्णशीर्ण भवन की ओर अधिक है। यदि पेड़ टुटकर गिरता है वह जीर्णशीर्ण भवन व विद्युत पोल एवं तार के ऊपर ही गिरेगा जिससे भवन व विद्युत पोल दोनों क्षतिग्रस्त हो सकते है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा इस समस्या की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे ऐसा लगता है कि पीडब्ल्यूडी विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

# सेवानिवृत्त प्रभारी बीपीओं योगेन्द्र सोनेकर को दी गई विदाई

## पांढरवानी पंचायत में विदाई समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी के सभाकक्ष में १६ जुलाई को विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत पांढरवानी सरपंच अनीस खान, उपसरपंच राकेश अग्रवाल, प्रभारी बीपीओं खिलेन्द्र सोनवंशी, सेवानिवृत्त पंचायत समन्वयक (पीसीओं), प्रभारी बीपीओं योगेन्द्र सोनेकर, नवनियुक्त पीसीओं श्री पारधी की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस विदाई समारोह के अवसर पर सरपंच, उपसरपंच, पंचगणों के द्वारा सेवानिवृत्त प्रभारी बीपीओं योगेन्द्र सोनेकर का तिलकवंदन करने के बाद शाल, श्रीफल एवं उपहार भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर विदाई दी। वहीं नवनियुक्त पंचायत समन्वयक श्री पारधी का स्वागत किया गया। इस विदाई समारोह कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थितजनों ने पांढरवानी पंचायत के सेवानिवृत्त पीसीओं, जनपद पंचायत लालबर्रा के प्रभारी बीपीओं योगेन्द्र सोनेकर के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि श्री सोनेकर जी का कार्यकाल बेहद ही सराहनीय रहा है और इनकी प्रथम नियुक्ति ग्राम सेवक के पद पर हुई थी उसके पश्चात् इन्होने कई वर्षो तक ग्राम पंचायत सचिव के पद पर रहकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में अपनी सेवाएं दी और सचिव के पद से पदोन्नत होकर ये पंचायत समन्वयक अधिकारी बने। जिन्होने लालबर्रा जनपद सहित बालाघाट जिले के अन्य जनपद पंचायतों के साथ अन्य जिलों में भी अपनी सेवाएं दी। इनकी सेवानिवृत्ति जनपद पंचायत लालबर्रा में पंचायत समन्वयक अधिकारी, प्रभारी खण्ड पंचायत अधिकारी (बीपीओं) के पद पर रहते हुए हुई है। वहीं पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने कहा कि सेवानिवृत्त बीपीओं योगेन्द्र सोनेकर का कार्यकाल सराहनीय रहा है और इन्होने अपना काम पूरी ईमानदारी से करते हुए समय-समय पर सभी को मार्गदर्शन भी प्रदान करने का कार्य किया है जो गत ३० जून को सेवानिवृत्त हो चुके है। आज पांढरवानी पंचायत में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर उन्हे विदाई दी गई है और उनसे अपेक्षा करते है कि हमारी पंचायत बॉडी को समय-समय पर मार्गदर्शन भी प्रदान करें क्योंकि श्री सोनेकर से इनके अधीनस्थ कर्मचारियों ने इनके कार्यकाल में मार्गदर्शन प्राप्त किया है। श्री खान ने कहा कि सेवा में आने के बाद सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया है जिससे हर अधिकारी-कर्मचारी को गुजरना होता है लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद आपके काम व कार्यशैली ही आपकी पहचान बनी रहती है और आपके सेवानिवृत्ति के बाद आप अपनी उन्ही कार्यशैली व स्वभाव से पहचाने जाते है एवं श्री सोनेकर का स्वभाव बेहद ही सहज व सरल रहा है इन्होने अपने क्षेत्र में पूरी ईमानदारी व निडर होकर अपनी सेवाएं दी, इनकी पहचान एक निडर अधिकारी के रूप बनी हुई है। सेवानिवृत्त प्रभारी खण्ड पंचायत अधिकारी (बीपीओं) योगेन्द्र सोनेकर ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में काम करने के लिए अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधियों के बीच में आपसी तालमेल का होना बहुत जरूरी होता है क्योंकि आपसी तालमेल से ही विकास कार्य संभव है यदि अधिकारी-कर्मचारी व जनप्रतिनिधियों में तालमेल न हो तो विकास कार्य नहीं हो पाते है। मेरे कार्यकाल में भी मैंने जनप्रतिनिधियों की सही व उचित मांग व बातें थी उन्हे मानकर उसके अनुसार काम किया परंतु जब मुझे ऐसा लगता था कि नहीं यह काम नियम विरूध्द है तो मैं उस काम का खुलकर विरोध करता था एवं जनप्रतिनिधियों से बहस भी हो जाये करती थी इसलिए जहां आप सही हो वहां पर आपको बोलना चाहिये। श्री सोनेकर ने कहा कि ग्राम पंचायत में यदि विकास कार्य करना है तो सरपंच, उपसरपंच व पंचों में आपसी तालमेल बहुत जरूरी है, पंचों को भी अपने अधिकारी व दायित्वों का निर्वहन करना चाहिये उन्हे पंचायत की हर बैठक में उपस्थित रहना चाहिये तभी उन्हे पंचायत से संबंधित सब जानकारियां मिल सकेगी और जब भी मेरी आवश्यकता पड़ेगी तो मैं आपकी मदद करूंगा। साथ ही यह भी कहा कि सभी कर्मचारियों को अपना कार्य पूरी ईमानदारी से करने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ दिलवाना चाहिए क्योंकि सेवानिवृत्ति के बाद शासकीय विभाग में उनके द्वारा किये गये कार्य ही याद किये जाते है। इस अवसर पर पांढरवानी पंचायत के प्रभारी सचिव कृष्णा पंचेश्वर, पंच मुकेश पटले, भूपेन्द्र कुमरे सहित अन्य पंचगण एवं पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# त्याग व बलिदान का पर्व मोहर्रम आज, याद किये जायेंगे हजरत इमाम हसन-हुसैन

## अमोली रजा मस्जिद में यौमे आशुरा पर अदा की जायेगी विशेष नमाज आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। इस्लामी साल का पहला महिना, मोहर्रम जिसकी १० तारीख को याने कि १७ जुलाई को यौमे आशुरा के दिन हजरत इमाम हसन हुसैन व उनके ७२ जानिसारों को याद किया जायेगा। इसी कड़ी में नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत अमोली स्थित रजा मस्जिद में १७ जुलाई को प्रात: ९ बजे यौमे आशुरा की दुआ एवं विशेष नमाज अदा कर मोहर्रम पर्व मनाया जायेगा। तत्संबंध में जानकारी देते हुए रजा मस्जिद अमोली सदर हाजी अनवर यासिनी ने बताया कि इस्लामी साल के पहले दिन से ही रजा मस्जिद में हजरत इमाम हसन हुसैन व उनके फरजंदो को मिलाद तकरीर के माध्यम से याद किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में यौमें आशुरा यानि की दसवीं तारीख को १७ जुलाई को प्रात: ९ बजे रजा मस्जिद में यौमे आशुरा पर अदा की जायेगी विशेष नमाज एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। श्री यासिनी ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आशुरा के दिन का ऐतिहासिक महत्व है। यौमे आशुरा इस्लामिक तारीख के मुताबिक बहुत ही फजीलत और अजमत वाला दिन है क्योंकि यौमे आशुरा के दिन ही हजरत आदम की दुआएं कबूल हुई। इसी दिन हजरत नूह की कश्ती जूदी पहाड़ी के किनारे लगी। इसी दिन हजरत इब्राहिम पर आग, गुलजार हुई और इसी दिन हजरत ईसा आसमान पर उठा लिए गये तथा इसी दिन हजरत ईमाम हुसैन और उनके ७२ जानिसार की कर्बला में शहादत हुई थी। साथ ही यह भी बताया कि यौमे आशुरा के रोजे का भी अत्यंत महत्व हैं इसलिए मुस्लिम धर्मावलंबी रोजे का ऐहतेमाम करते है और शहीदाने कर्बला की याद में नगपुरा, निलजी, बोरी व बघोली सहित अन्य जगहों पर शरबत तथा खिचड़ा सहित लंगर का भी इंतजाम किया जाता है।



# महाविद्यालय में पीएम एक्सीलेंस कालेज उद्घाटन समारोह का हुआ लाईव टेलीकास्ट

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के ५५ महाविद्यालय कालेज को प्रधानमंत्री एक्सीलेंस का दर्जा प्रदान किया है। जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता, आधुनिक पुस्कालय, बहुआयामी विषयों का अध्यापन, सर्व सुविधा, उच्च कोटि की अध्यापन व्यवस्थाऍ खेल सुविधाऍ उपलब्ध होगी। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने गत दिवस पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ इंदौर के अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय से किया है। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण (लाईव टेलीकास्ट) शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में किया गया और उक्त कार्यक्रम से महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत, डॉ. संगीता मेश्राम, डॉ. प्रदीपकुमार भिमटे, डॉ. देवराज चौरे, डॉ, पल्लवी जाटव, श्रीमती संध्या परते, डॉ. कामाक्षा बिसेन, श्रीमती माधुरी पुसे, श्रीमती आशा कारे, संदीप चौरसिया, मनीष शिवहरे, यादोराव राजुरकर, व्यंकट नगपुरे, श्रीमती सरिता एड़े, रामदयाल मथारे, लकेश गेडाम, पीतम मुरते, श्रीमती वंदना कुर्वे, मिनेश पंचेश्वर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# सौहार्दपूर्वक व आपसी भाईचारे के साथ मनाये मोहर्रम एवं अन्य पर्व - हेमंत

## थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक






लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित थाना परिसर में १६ जुलाई को दोपहर २ बजे शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। यह बैठक थाना प्रभारी हेमंत नायक, जामा मस्जिद के सदर अफसर कुरैशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नगर के व्यापारियों व वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों की प्रमुख उपस्थिति में प्रारंभ हुई। इस बैठक में १७ जुलाई को मोहर्रम पर्व, आगामी रक्षाबंधन, भुजलिया, जन्माष्टमी, १५ अगस्त स्वतंत्रता दिवस, विश्व आदिवासी दिवस, मारबत पर्व सहित अन्य त्यौहारों को सौहार्दपूर्वक, शांतिपूर्वक व भाईचारे के साथ मनाने पर आवश्यक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थितजनों के द्वारा नगर मुख्यालय की समस्याएं भी रखी गई जिसमें यातायात व्यवस्था, सड़क के ऊपर बैठकर धमाचौकड़ी मचा रहे मवेशियों को पकड़कर पशु मालिकों पर कार्यवाही करने सहित अन्य समस्याओं से अवगत करवाया गया। जिस पर थाना प्रभारी ने आश्वास्त करते हुए कार्यवाही करने की बात कही। चर्चा में थाना प्रभारी हेमंत नायक ने बताया कि थाने में आगामी पर्व को लेकर मंगलवार को लालबर्रा थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित कर १७ जुलाई को मोहर्रम, १५ अगस्त स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन एवं अन्य पर्व मनाने पर चर्चा कर सभी से कहा गया कि उक्त पर्व शांतिपूर्वक, भाईचारे व सौहार्दपूर्वक मनाये। साथ ही क्षेत्र में किसी प्रकार की घटना होने पर तत्काल सूचना देने कहा गया है ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। इस अवसर पर समाजसेवी गिरीश पाठक, मो. अय्युब भारती, बेलगांव सरपंच अरविंद पंचेश्वर, देवेन्द्र अवधिया, दिनेश फुंडेकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



== प्रथम पुण्यतिथि ==
स्व. दुर्गा उराड़वंश जी की प्रथम पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन
- श्रद्धानवत -
मनोज उराड़वंश - पति
राजकुमार-ममता उराड़वंश देवर-देवरानी
भूनेंद्र-छाया उराड़वंश भतीजा-बहु
पूजा-कुलदीप ब्रम्हे बेटी-दामाद
पूनम-प्रांशु सूर्यवंशी बेटी-दामाद
प्रज्ञा उराड़वंश छोटी-बेटी
स्वाति व प्रवीण एवं समस्त
उराड़वंश परिवार पांढरवानी लालबर्रा
स्व. दुर्गा उराड़वंश जी
मृत्यु दिनांक 17.07.2023

# सविता टॉकीज के सामने जल भराव से वार्डवासियों में आक्रोश

## पानी निकासी की व्यवस्था करने वार्डवासियों ने की मांग

**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर के वारासिवनी रामपायली मार्ग पर स्थित सविता टॉकीज के सामने जल भराव की स्थिति बनी हुई है। जिसका सड़क निर्माण कंपनी या नगर पालिका के द्वारा बीते ५ वर्षों से समस्या का निराकरण नहीं किया गया है। जिसके कारण स्थिति यथावत बनी हुई है जहां जमा होने वाले बरसात के पानी की निकासी की व्यवस्था नही होने के कारण वार्डवासियों सहित राहगीर सभी को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिसके लिए वार्डवासियों के द्वारा लंबे समय से शिकायत की भी गई है, परंतु वर्तमान तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह जल भराव की स्थिति कभी कभी विकराल रूप की धारण कर लेती है जिससे रोड़ किनारे निवासी लोगों के मकान में भी पानी घुस जाता है जिससे उन्हें बहुत ज्यादा परेशान होना पड़ता है। यह समस्या लोगों को सड़क निर्माण कंपनी की लापरवाही के कारण भुगतनी पड़ रही है।**

### जल भराव की यह है स्थिति

रामपायली रोड़ स्थित सविता टॉकीज के सामने विनीता नागरे के घर के सामने वाले मार्ग पर एक साइड में बरसात होने पर आसपास का पानी ढलान होने से एक स्थान पर इकट्ठा हो जाता है। जहां पर नाली का निर्माण है परंतु उसकी निकासी नही होने से पानी वहीं पर जमा रहता है। यह व्यस्ततम मार्ग होने के कारण छोटे बड़े सभी प्रकार के वाहन वहां से आना जाना करते हैं जिससे पानी अपनी लहरों के रूप में घरों के अंदर तक आ जाता है। वहीं वाहनों की तेज गति के कारण किनारे चल रहे छोटे वाहन एवं साइकिलों से यात्रा कर रहे आम इंसान या छात्र छात्राओं के ऊपर पानी उड़ जाता है जिससे उनके कपड़े पूरे खराब हो जाते हैं। जहां पर भारी




समस्या बनी हुई है यह समस्या आज की नहीं है सड़क निर्माण के समय से यह स्थिति बनी हुई है। जिसको लेकर वार्ड वासियों एवं राहगीरों के द्वारा लंबे समय से नगर पालिका वारासिवनी से मामले में व्यवस्था बनाने की मांग की जा रही है । परंतु नगर पालिका के द्वारा वर्तमान तक जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है।

### सड़क निर्माण कंपनी के लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे वार्डवासी

लंबे इंतजार के बाद वारासिवनी खैरलांजी मार्ग का निर्माण एमपीआरडीसी के द्वारा ठेकेदारी में करवाया गया था। जिसके रोड़ निर्माण के मानचित्र में सड़क के दोनों छोर पर सीमेंट नाली निर्माण करने का स्पष्ट उल्लेख था। की सड़क में बरसात के दौरान पानी जमा ना हो और वह नालियों के माध्यम से निकासी व्यवस्था बनी रहे। परंतु सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा नाली निर्माण कार्य पेटी ठेकेदार के हाथों में दे दिया गया उन्हें निर्धारित स्थान एवं दूरी दी गई। जिसमें सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा गंभीरता से नाली निर्माण पर ध्यान नहीं दिया गया। जिसके कारण निर्माण कर रहे ठेकेदारों के द्वारा वारासिवनी खैरलांजी हाईवे मार्ग के दोनों छोर पर नाली निर्माण महज मजाक के रूप में कहीं कहीं बना दी गई। जिसमें नगर में ही कुछ स्थान छोड़ छोड़ कर नाली का निर्माण किया गया है ,जिन्हें एक साथ जोड़ा नहीं गया जिस कारण से सड़क का पानी उक्त नालियों में भरने के बाद रोड़ पर ही जमा हो रहा है। क्योंकि यह नालियां दोनों छोर पर बंद पड़ी हुई है जबकि पानी से सड़क जल्दी खराब होती है जिसके लिए नाली अति आवश्यक थी ।इस पर सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया। जिसका कारण रहा की सविता टॉकीज के सामने जल भरने की स्थिति निर्मित हो रही है । वहीं नगर के अन्य स्थानों पर भी सड़कों पर पानी बह रहा है जो लोगों के लिए समस्या बना हुआ है। ऐसी स्थिति में नगर पालिका के द्वारा भी तत्कालीन समय में ध्यान नहीं दिया गया।

### रोड़ निर्माण कम्पनी ने नही की पानी निकालने की कोई व्यवस्था-राकेश चौबे

वार्डवासी राकेश चौबे ने पद्मेंश से चर्चा में बताया कि सड़क निर्माण के बाद से जल भराव की स्थिति बनी हुई है। यहां पर नाली की



निकासी नहीं है आगे पीछे दोनों तरफ नाली बंद है जगह छोड़कर नाली बनाई गई है। पानी निकालने की कोई व्यवस्था नहीं है क्योंकि सीधी स्पष्ट लगातार जुड़ी हुई नाली का निर्माण नहीं किया गया है। आंबेडकर भवन हो या उसके पहले की नाली सभी जगह यही स्थिति है जिसके लिए डिवाइडर को तोड़ दिया गया है की दूसरी छोर पर पानी जाएगा। पर वहां भी निकासी नही होने के कारण खाली स्थान में पानी जमा हो रहा है यह जमा होने वाला पानी करीब ४ घंटे बाद में निकल जाता है। परंतु इस







स्कूल के बच्चे आम इंसान अपने कार्यों के दौरान आने जाने वालों को समस्या हो रही है हम चाहते हैं कि इस नाली से पानी निकालने की व्यवस्था होनी चाहिए।

### पानी निकासी नही होने से घरो में घुस रहा बारिश का पानी-सुरेन्द्र नगपुरे

वार्डवासी सुरेंद्र नगपुरे ने पद्मेंश से चर्चा में बताया कि ज्यादा बारिश होती है तो हमारे घर के सामने पानी जमा हो जाता है । वह पानी निकासी नहीं होता है तो ट्रक व अन्य वाहन चलने के करण लहरों के साथ पानी घरों में घुसता है। इसमें नाली का कचरा भी हमारे घरों में घुस रहा है रास्ते से लिए जाते हैं तो आने जाने वाले वाहनों का पानी उनके ऊपर उड़ रहा है। जिससे उनके कपड़े खराब हो रहे हैं और वहां गीले भी



हो रहे हैं जिससे उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है यहां हमारे साथ आम इंसान को भी परेशानी है।हर वर्ष की यही समस्या है जब से रोड़ बनी है तब से पानी जमा हो रहा है जिसकी शिकायत अनेको बार कर दी गई है पर कोई समस्या का समाधान आज तक नहीं निकल पाया है। यहां जो नाली है वह जुड़ी नहीं है दोनों तरफ से बंद है हम चाहते हैं कि समस्या का निराकरण किया जाए क्योंकि घरों में दुकानों में बार बार पानी घुसने से सामान खराब हो रहा है।

### यह समस्या सभी वार्ड वासियों की समस्या है-विनीता नागरे

वार्डवासी विनीता नागरे ने बताया कि बीते करीब ५ वर्षों से यह जल भराव की समस्या बनी हुई है निराकरण आज तक नहीं हुआ है लगातार शिकायत का दौर चल रहा है। बीते



करीब ५ वर्ष से हम यही काम कर रहे हैं की शिकायत करते हैं पर कुछ होता नहीं है अभी पानी आया है पूरा जमा हो गया है जो कीचड़ और गंदगी के साथ घरों में आ रहा है। ऐसे में अब हमें समस्या हो रही है क्योंकि घरों में अधिकतर सामान जमीन पर रखे होते हैं वह गीला और खराब होते हैं। जब घर के सामने नाली बनी हुई है तो उसकी निकासी देना चाहिए था और नहीं दिए तो नगर पालिका को ध्यान देना था किसी ने कुछ किया नहीं अब हम परेशानी भुगत रहे हैं। बहुत ज्यादा समस्या होती है मेरे अकेले की समस्या नहीं यह सब की समस्या है हम बस यही चाहते हैं कि यह नाली के साफ सफाई कर पानी निकासी की व्यवस्था बनाई जाये।

### इनका कहना है

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि यह मामला अभी हमारे संज्ञान में आया है । जिसमें नगर पालिका के अमले को भेज कर पानी निकासी की व्यवस्था बना दी जायेगी।

**दिशा डेहरिया**

# १०० बिस्तर वाला होगा वारासिवनी का शासकीय सिविल अस्पताल

## स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर करने किया जा रहा प्रयास-विवेक पटेल

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी में लंबे समय से शासकीय सिविल अस्पताल को १०० बिस्तरों





वाला अस्पताल बनाए जाने की वर्षों पुरानी माँग अब शीघ्र ही पूरी होगी। इसके लिए क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल के साथ अधिकारियों ने मंगलवार को सिविल अस्पताल का मुआवना किया। विदित हो कि वर्तमान में वारासिवनी सिविल अस्पताल मात्र ४९ बिस्तरों वाला हैं। जहाँ पर वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के करीब १२० से अधिक ग्रामों के मरीज यहाँ अपना इलाज कराने के लिए आते है साथ ही भर्ती भी होते हैं ।लेकिन यहाँ पर मरीजों की तादाद में बिस्तरों की सँख्या कम होने के चलते मरीजों को अधिक दूरी तय कर जिला अस्पताल में भर्ती होने जाना पड़ता हैं। इस समस्या को देखते हुए लंबे समय से वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के इस सबसे बड़े अस्पताल को १०० बिस्तर का किए जाने की माँग नागरिकों के द्वारा की जा रही थी।जिस पर प्रदेश सरकार ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए १०० बिस्तरों के अस्पताल निर्माण के लिए २४ करोड़ ९ लाख रुपये की राशि प्रदान की हैं । जिसके बाद मंगलवार को एसडीएम राजीव रंजन पांडे, कार्यपालन यंत्री यू एस उइके, एसडीओ पीडब्ल्यूडी आंनद बंसोड,बीएमओ डॉ कमलेश झोड़े के साथ विधायक विवेक पटेल ने अस्पताल का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि १०० बिस्तरों वाले इस अस्पताल का निर्माण पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर किया जाएँगा और यहाँ भर्ती मरीजों को अस्पताल की नई बनी बिल्डिंग में नए भवन के निर्माण तक भर्ती किया जाएँगा।

### वारासिवनी अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टरों को लाने का हैं प्रयास-विधायक पटेल

विधायक विवेक पटेल ने कहा कि मेरा प्रयास हैं कि इस अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और माहौल मिले जिसके लिए वे लगातर प्रयासरत हैं। वारासिवनी का सिविल अस्पताल क्षेत्र का सबसे बड़ा अस्पताल हैं ,जहाँ पर एक सैकड़ा से अधिक ग्रामों के लोग इलाज कराने आते हैं । लेकिन डॉक्टरों की कमी की वजह से मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ता हैं । हमारा प्रयास हैं कि यहाँ पर पर्याप्त डॉक्टरों की पदस्थापना हो इसके लिए हमनें मुख्यमंत्री से चर्चा कर उन्हें इस बात से अवगत भी कराया हैं । जिस पर उन्होंने पर्याप्त डॉक्टरों की शीघ्र नियुक्ति करने का आश्वासन दिया हैं।

# लोक सेवा केंद्र में निर्धारित दर से अधिक वसुली जा रही राशि हितग्राहियों में भारी आक्रोश

## निर्धारित अवधि के बाद भी हितग्राहियों का नही हो रहा कार्य

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के न्यायालय परिसर स्थित लोक सेवा केंद्र का संचालन व्यवस्थित नहीं किया जा रहा है। जहां पर आवेदन करने के लिए पहुंच रहे हैं हितग्राही से संचालक के द्वारा अधिक राशि लेकर रिसिप्ट भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है ।वहीं शासन के द्वारा समय निर्धारित किया गया है जिसका पालन नहीं किया जा रहा है। ऐसे में देखने में आ रहा है कि लोक सेवा केंद्र में कार्य करने के लिए दूर दराज से पहुंच रहे लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर लोगों के द्वारा शासन प्रशासन से व्यवस्थित रूप से लोक सेवा केंद्र के संचालन की मांग की जा रही है।






### लोक सेवा केन्द्र में शासन के नियमो का नही हो रहा पालन

शासन के द्वारा समस्त दस्तावेज निर्माण का कार्य लोक सेवा केंद्र के माध्यम से निर्धारित कर दिया गया है । ऐसे में नगर सहित दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र के लोग प्रतिदिन अपने कार्यों को लेकर लोक सेवा केंद्र में आ रहे हैं। जिन्हें लोक सेवा केंद्र में स्वयं का निर्धारित समय बनाए जाने एवं अधिक राशि लिए जाने को लेकर कार्य किया जा रहा है। जबकि शासन के द्वारा प्रत्येक कार्य की राशि निर्धारित कर दी गई है वहीं सुबह १० से शाम ६ बजे तक कार्यालय का समय निर्धारित किया गया है। ऐसे में निर्धारित समय पर भी आने वाले लोगों को भी समस्या हो रही है ।वहीं कार्यों में लेट लतीफी बनी हुई है जिसके कारण निर्धारित अवधि के बाद भी लोगों को अपने दस्तावेज निर्माण के लिए घूमना पड़ रहा है।

### लोक सेवा केन्द्र में ३५ की जगह ले रहे ५० रूपये नही दी जा रही रसीद- पीताबंर नागेश्वर

पूर्व जनपद सदस्य पीतांबर नागेश्वर ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि लोक सेवा केंद्र शासन के कार्य जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,फ ौती, नामांतरण, आय प्रमाण पत्र ,जाति प्रमाण पत्र जैसे अनेक दस्तावेज निर्माण के कार्य यहां से संचालित किए जाते हैं। जिसकी शासन के द्वारा राशि निर्धारित की गई है। परंतु उसे अत्यधिक राशि यहां काउंटर पर बैठे लोग ले रहे हैं। मेरे द्वारा ५० रुपये दिया गया तो उनको बोला गया तो उन्होंने कहा कि ठेकेदार ने हमें ५० रुपये राशि लेने बताया है जबकि शासन की निर्धारित राशि ३५



रुपये है। भोले भाले लोग आते हैं वह बोल नहीं पाते हैं समय पर उनकी सेवा नहीं मिलती है। एक दिन में समाधान होने वाले आवेदन के लिए तीन चार दिन रास्ता देखना पड़ रहा है कर्मचारी कम होने की जानकारी मिल रही है। जिस सेवा का हम लाभ लेते हैं उसकी रसीद भी नहीं देते क्योंकि उसमें दर छपी होती है हमारा मानना है कि शासन की निर्धारित राशि लेना चाहिए और कार्यालय खुलने का समय सुबह १० से ६ निश्चित है । ऐसे में यह आवेदन लेने की समय सीमा निर्धारित कर दी है ४.३० बजे तक जबकि क्षेत्र के लोग दूर दराज से अपना काम निपटाकर आते हैं। हम चाहते हैं कि व्यवस्थित इसका संचालन है अन्यथा आंदोलन होगा।

### इनका कहना है

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि शासन के द्वारा निर्धारित राशि हमारे द्वारा ली जा रही है और सुबह १० से शाम ६ बजे तक कार्यालय चालू है। हमारे द्वारा पेंडिंग कार्य पूर्ण करने के लिए रात्रि ८ बजे तक कार्य किया जाता है इस दौरान आम जनता के समय में सभी सेवा उपलब्ध है कार्यों में लेट पोर्टल के कारण हो रहा है। रशीद दस्तावेज निर्माण के दौरान आती है जो पोर्टल से जनरेट होती है इसलिए पहले राशिद नही दी जा रही है।

**उद्देश्य वासनिक**
**मैनेजर लोक सेवा केंद्र वारासिवनी**

# भाजपा युवा मोर्चा ने एक पेड़ मॉ के नाम सीएम राइज स्कुल में किया पौधारोपण

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर भाजपा युवा मोर्चा ने एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के तहत जिले में लगभग १.५ लाख पौधेरोपण के उद्वेश्य से वारासिवनी सीएम राईज स्कुल में पौधारोपण किया गया। इस दौरान पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल,प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार सहित अन्य लोग शामिल हुये। पश्चात रामपायली थाना परिसर, खैरलांजी थाना परिसर सहित छात्रावासो में भी पौधेरोपण का कार्य युवा मोर्चा के पदाधिकारियों व सदस्यो के द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, वैभव पवार प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा, जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सुहागपुरे, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सौरभ पटेल,नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष दीप चौहान, केशव बैस, अमन गांधी, योगेश व्यास, मुकेश भगत, पलाश बिसेन, रिशभ बनकर,करण कन्नोजे, चारू देशमुख, बिटटू पारधी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।






खैरलांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# गोलियों से बचना

संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पेनसिल्वेनिया के बटलर में एक राजनीतिक रैली के दौरान एक बंदूकधारी द्वारा किए गये हत्या के प्रयास में बाल-बाल बच गए। बंदूकधारी की गोली उनके कान में लगी और गोली लगने के बाद इस 78 वर्षीय नेता को गुप्तचर सेवा के एजेंटों द्वारा फौरन मंच से नीचे उतार लिया गया। गोली चलाने वाले की पहचान थॉमस क्रुक्स के रूप में की गई, जो एक पंजीकृत रिपब्लिकन था और उसने एक डेमोक्रेटिक-समर्थक समूह को एक छोटा सा चंदा भी दिया था। घटनास्थल पर कानून लागू करने वाले अधिकारियों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में उसकी मौत हो गई। अमेरिकी राजनीति के उठापटक भरे दौर में नाटकीय घटनाएं सामने आई हैं - न सिर्फ 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में तीन महीने से थोड़ा सा ज्यादा का वक्त बचा है, बल्कि विडंबना यह है कि यह हमला श्री ट्रम्प और उनके समर्थकों द्वारा समय-समय पर राजनीतिक क्षेत्र में हिंसा या हिंसक इरादों की अनदेखी करने या उसके प्रति सहानुभूति दर्शाने वाली बयानबाजी के बाद हुआ है। इन उदाहरणों में सबसे उल्लेखनीय वह बयान था जब उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि 6 जनवरी, 2021 को कैपिटल हिल के दरवाजों को तोड़ने वाली भीड़ में 卐जबरदस्त देशभक्त卐 शामिल थे। कुछ हद तक, ताजा घटना, जो अमेरिकी राजनीतिक इतिहास में दुर्लभ तो है लेकिन अभूतपूर्व नहीं, की गंभीरता ने पक्षपातपूर्ण विभाजन को पाटने वाली सहानुभूति पैदा की। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने स्पष्ट रूप से और तत्काल श्री ट्रम्प पर हमले की निंदा करते हुए कहा कि अमेरिका में इसके लिए कोई जगह नहीं है। 卐हमें इसकी निंदा करने के लिए एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होना चाहिए। यह बेहद घृणास्पद है।卐 इसी किस्म की भावनाएं अन्य राजनीतिक हस्तियों ने भी जाहिर कीं।

जहां तक चुनाव पर प्रभाव का सवाल है, ट्रम्प को पहले से ही कई सर्वेक्षणों में चुनाव के नतीजों के लिहाज से महत्वपूर्ण माने जाने वाले स्विंग राज्यों में बाइडेन के मुकाबले बढ़त मिलने का अनुमान लगाया गया है। अब, इस बढ़त में और इजाफा हो सकता है। हालांकि, यह देखना अभी बाकी है कि यह बढ़त चुनाव के दिन तक अजेय बनती है या नहीं। पद संभालने के 69 दिन बाद, 30 मार्च 1981 को एक व्यक्ति द्वारा गोली मारे जाने के बाद पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन की रेटिंग में नाटकीय रूप से उछाल आया था। फिर भी, वह बढ़त कुछ हफ्तों के भीतर ही गायब हो गई थी। ज्यादा जटिल और परेशान करने वाला सवाल यह है कि अपने उम्मीदवार की लगभग शहादत को भुनाने की कोशिश में ट्रम्प का अभियान किस हद तक नफरत की राजनीति की भाषा अपनाएगा, जो कि इस हमले के बाद पहले से ही सोशल मीडिया पर की रही भद्दी टिप्पणियों से प्रेरित है। इनमें से कई टिप्पणियों में इस हिंसा के लिए डेमोक्रेटों को दोषी ठहराया गया है और जानबूझकर राजनीतिक विरोध को व्यक्तिगत शत्रुता के साथ जोड़ दिया गया है। अगर राष्ट्रपति पद के दोनों उम्मीदवार, प्रचार की उनकी टीमें और उनकी पार्टी के नेता चुनाव अभियान, जो कि आदर्श रूप से एक व्यवस्थित हिमायत की प्रतियोगिता होनी चाहिए, के दौरान सामान्य शिष्टाचार को छोड़ते हैं और आने वाले महीनों में छिछले स्तर की लोकलुभावन प्रवृत्ति को अपने भाषणों में हावी होने देते हैं, तो यह अनिवार्य रूप से सार्वजनिक चर्चा में पहले से ही मौजूद ध्रुवीकरण की कड़वाहट को और बढ़ा देगा। आने वाले 5 नवंबर को जो भी जीतेगा, वह एक बेहद ही संकटग्रस्त राजनीति के मुहाने पर खड़ा होगा। यह द्विदलीय सेतु बनाने के लिहाज से शायद ही एक आदर्श परिदृश्य होगा। द्विदलीय सेतु का आदर्श परिदृश्य यह सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी है ताकि अमेरिका अपने सामने आने वाली विभिन्न विदेशी और घरेलू चुनौतियों से निपट सके।

# पाकिस्तान में भुट्टो का इतिहास दोहराने की तैयारी तो नहीं

पाकिस्तान में लोकतंत्र की दुहाई देने वालों का सदा से यह रोना रहा है कि सेना के बूटों तले लोकतांत्रिक सरकारों के कुचले जाने के बाद मुल्क में लोकतंत्र सिर्फ सांसे लेने के लायक ही बचा रहता है। दूसरी तरफ आतंकियों द्वारा नेताओं की सरेआम हत्याओं के चलते भी पाकिस्तान में लोकतंत्र सहमा नजर आता है। यदि इनमें से कुछ बच रहता है तो साजिश के तहत बनने वाली सरकारों के फैसले लोकतंत्र का गला घोंटने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। यदि ऐसा नहीं है तो फिर बतलाना होगा कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को अचानक किस तरह से फांसी पर लटकाया गया था। पाकिस्तान के तब क्या हालात थे और किस तरह से एक चुने हुए व्यक्ति को देश का सबसे बड़ा अपराधी ठहरा सदा के लिए खामोश कर दिया गया। इससे आगे बढ़ें तो देखें कि किस तरह से पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की सरकार को सेना प्रमुख ने अपने दम पर कब्जे में लिया और खुद राज करते नजर आए। यही नहीं जवाब तो यह भी घटना मांगती है कि आखिर भूतपूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान के लिए लोकतंत्र की सबसे बड़ी हिमायती बेनजीर भुट्टो को सरेआम हलाक कर दिया गया। घटनाएं और भी हैं जो लोकतंत्र की जड़ में मठा डालने वाली साबित होती हैं, लेकिन यहां बात हम पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से जुड़े पेंचीदा मामले की कर रहे हैं, जिसकी वजह से उनकी जान अब आफत में नजर आ रही है। वही इमरान जो पाकिस्तान के हीरो कहे जाते हैं और अपने जमाने के बेहतरीन क्रिकेटर और कप्तान होने के चलते दुनियाभर में उनके चाहने वाले और शुभचिंतक मौजूद हैं। एक वह वक्त था जबकि उनकी एक झलक पाने के लिए लोग क्रिकेट मैदान तक पहुंच जाते थे, लेकिन अब वो सियासी गलियारे के विवादित शख्स के रुप में पहचाने जा रहे हैं और मौजूदा समय में जेल में हैं। इससे पहले वो शादियां करने और तलाक के लिए भी चर्चा में रहे हैं। पारिवारिक मामलों को यदि छोड़ दिया जाए तो कह सकते हैं कि इमरान खेल के मैदान में ही नहीं बल्कि राजनीति के मैदान में भी सफलता के परचम लहरा चुके हैं और पाकिस्तान के शीर्ष प्रधानमंत्री पद को भी संभाल चुके हैं। लेकिन कहा जाता है कि कभी किसी ने अपना समय तो देख कर नहीं आया है, सो भविष्य में क्या होगा यह तो उन्हें भी नहीं मालूम था और आज जिस परेशानी ओर मुसीबत से वो गुजर रहे हैं, इसकी तो उन्हें भी भनक नहीं लगी होगी। वर्ना इसके बचाव और रास्ते बदलने के प्रयास तो उन्होंने जरुर ही किए होते।

दरअसल पाकिस्तान की मौजूदा सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सियासी पार्टी पीटीआई यानी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर प्रतिबंध लगाने का फैसला कर लिया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार में सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने इस बात की जानकारी मुहैया करा दी है। जिसके बाद से पाकिस्तान में इमरान



और उनकी पार्टी को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं आम हो चली हैं। सूचना मंत्री तरार ने 15 जुलाई के दिन कहा कि उनकी सरकार पीटीआई पर प्रतिबंध लगाने जा रही है। राजनीतिक पार्टी पर प्रतिबंध लगाए जाने का कारण गिनाने की जगह उन्होंने दो-टूक कहा कि पाकिस्तान और पीटीआई एक साथ नहीं रह सकते हैं। यह सियासी पार्टी और इसकी सोच मुल्क के लिए खतरा बन गई हैं। यहां उन्होंने इल्जाम आयद करते हुए यह भी कह दिया कि इस पार्टी के लोग देशविरोधी कामों में शामिल हैं। मतलब साफ है कि पाकिस्तान की मौजूदा सरकार को अपनी ही जमात के लोग अब बर्दाश्त नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे लोगों को कोई कैसे समझा सकता है कि आखिर लोकतंत्र वो खूबसूरत व्यवस्था है, जिसमें हिंसा और खून-खराबे के बगैर ही सरकार को बदला जा सकता है। ऐसा करते हुए सिर्फ सरकार ही नहीं बदली जाती बल्कि देश की दशा और दिशा बदलने का काम भी बहुत ही शांति के साथ कर दिया जाता है। सोच बदलती है और कार्यप्रणाली में उसे लागू करते हुए अमली जामा पहना दिया जाता है। ऐसा करते हुए लोकतांत्रिक सरकारें कभी भी डर या भय का वातावरण देश में निर्मित नहीं करती हैं, बल्कि जो काम अदालतों का होता है वो उन्हें करने देती हैं और जो काम उनका होता है यानि कानून बनाने और देश की तरक्की के रास्ते खोलने सो वो ईमानदारी से करती हैं। पाकिस्तान में इस तस्वीर को उलट कर देखने की जरुरत है, क्योंकि यहां सत्ता पाना और सत्ता के रास्ते से अपने प्रतिद्वंदी को हटाना ही सब कुछ होता है। देश और आवाम की फिकर किसे होती कहना मुश्किल है।

बहरहाल पाकिस्तान की शहबाज सरकार ने पीटीआई पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी और पूर्व उपसभापति कासिम सूरी के खिलाफ भी आर्टिकल 6 लगाने का महत्वपूर्ण ऐलान कर दिया है। यदि यह सब सही साबित हो रहा है तो यकीन जानिए कि बहुत जल्द जुल्फीकार अली भुट्टा प्रसंग लोगों को एक बार फिर याद हो आएगा क्योंकि आर्टिकल 6 के तहत मामला साबित होने पर मौत की सजा का प्रावधान भी है। जिंदगीभर चुनाव नहीं लड़ पाने का संकट कोई बड़ा संकट नहीं माना जा सकता है, क्योंकि नेता मार्गदर्शक बन पार्टी को आगे बढ़ाते हुए अपने ही लोगों के जरिए अपनी नीतियों के तहत देश चलाने में सक्षम होता है। बात सिर्फ इतनी सी है कि जननेता को सच्चा समाजसेवक होना चाहिए, तभी वह देश और आवाम का भला कर सकता है। पाकिस्तान में तो जिसे देखिए वही अपना खुद का भला करने में लगा हुआ नजर आता है। सत्ता में रहते हुए आरोप लगना आम बात है, लेकिन अपराधी ठहराए जाना और फिर विदेशों में अपने बचे हुए दिनों को काटना या उस वक्त का इंतजार करना जिसमें कि वो वापसी कर फिर सत्ता में काबिज हो सकें। इसके भी पाकिस्तान में कम उदाहरण नहीं हैं।

पाकिस्तान की मौजूदा सरकार अपने फैसले को सही साबित करने के लिए इतना तो कहती दिखती है कि पीटीआई पर कार्रवाई के लिए विश्वसनीय सबूत मौजूद हैं। तरार बताते हैं कि विदेशी फंडिंग मामले, 9 मई को हुए दंगे, सिफर प्रकरण और अमेरिका में पारित प्रस्ताव को देखते हुए यह सरकार मानती है कि पीटीआई पर प्रतिबंध लगाने के लिए ये सबूत ही काफी और विश्वसनीय हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या पाकिस्तान की सरकार अपने ही सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती दे रही है, जिसमें पीटीआई को एक राजनीतिक दल के रुप में कार्य करने की इजाजत दी गई है। इसके जवाब में सूचना मंत्री तरार का कहना था कि शहबाज सरकार ऐसे फैसले के खिलाफ पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के सामने एक समीक्षा याचिका भी दायर करेगी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा था कि इमरान खान की पार्टी राष्ट्रीय विधायिका में 20 से अधिक अतिरिक्त आरक्षित सीटों के लिए पात्र है। इस फैसले के बाद पाकिस्तान की गठबंधन सरकार पर सदन के भीतर दबाव बढ़ा, संभवत- अब वह दबाव और बर्दाश्त करने के लायक नहीं बची है। इसलिए इस फैसले को भी सरकार चुनौती देने की बात कह रही है। इस तरह के तमाम सवाल पाकिस्तानी मीडिया से छन-छन कर दुनियां के सामने आ रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि कुछ तो देश में अचानक और अचंभित करने जैसा होने जा रहा है। अप्रत्याशित कुछ भी नहीं, लेकिन वह कैसे और कब होगा यह खास मायने अब रखता है।

अंतत- पूर्व प्रधानमंत्री 71 वर्षीय इमरान खान के बारे में थोड़ा बतलाते चलें कि वो पाकिस्तान ही नहीं दुनियां के लोकप्रिय क्रिकेटर रहे हैं। उनकी शानदार कप्तानी में पाकिस्तान ने 1992 में एकदिवसीय वर्ल्डकप जीत दुनियां के खेल जगत में देश का नाम रोशन कर दिया था। खेल के मैदान में सफलता के झंडे गाड़ने के बाद इमरान राजनीति में कदम रखते हैं और 1996 में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का गठन कर जाते हैं। इसके साथ ही जनता का सहयोग मिलता है और अपने मंसूबों को अमली जामा पहनाने के लिए इमरान 1996 से 2023 तक पीटीआई के अध्यक्ष रहते हैं। अगस्त 2018 से अप्रैल 2022 तक इमरान पाकिस्तान के 22वें प्रधानमंत्री के रूप में भी काम करते हुए एक इतिहास रचने जैसा काम कर चुके हैं। यहां साल 2022 में वो पीएम पद से हटते हैं, जिसके बाद उनकी मुश्किलें बढ़ना शुरू हो जाती हैं। उन पर दना-दन कई मामले दर्ज हो जाते हैं और उनको गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाती है। बहरहाल इमरान खान जो फिलहाल जेल में हैं के खिलाफ सरकार ने अंतिम कदम उठाने जैसी घोषणा करके सभी का ध्यान एक बार फिर इमरान की तरफ मोड़ दिया है। देखना होगा कि पाकिस्तान में इतिहास दोहराया जाता है या फिर कोई बीच का रास्ता निकाल लिया जाता है, क्योंकि दुनियां की नजरें इस वक्त पाकिस्तान के सियासी हालात पर यूं ही नहीं टिकी हुई हैं।

यदि ऐसा कुछ होता है तो फिर पाकिस्तान एक बार फिर हिंसा और मार-काट के दौर से गुजरता हुआ दिखेगा। इसका फायदा सौ फीसद आतंकवादी अपने मंसूबों को अमली जामा पहना कर उठाएंगे ही उठाएंगे। यही नहीं पाकिस्तान से अलग होने का राग अलापने वाले संगठन और उनके समर्थक भी इस माहौल का भरपूर फायदा उठाते हुए बगावती तेवर दिखाएंगे। पाकिस्तान से अलग होने के लिए एक टांग पर खड़े बलूच और उनके समर्थक जोड़-तोड़ कर कुछ ऐसा करने की फिराक में होंगे, जिससे बांगलादेश की तरह उन्हें भी आजादी हासिल हो जाए। ऐसे में हाल ही में अफगानिस्तान से पंगा ले चुके पाकिस्तान को सीमापार से चुनौतियां मिलेंगी ही मिलेंगी। इन तमाम परेशानियों और झंझावातों से यदि लड़ने की छमता सरकार में है, तो वह अपने फैसले पर अडिग रह सकती है, वर्ना शतरंज की बाजी की तरह अपने बढ़ाए हुए गलत समय में गलत मोहरों को वापस अपने घर लाना ही समझदारी है।

**- डॉ हिदायत अहमद खान**

### राजनीति की परिणिति

## 'संविधान' पर राजनीति कितनी संवैधानिक.... ?

हमारे देश के संविधान के "हीरक जयंती" वर्ष में मौजूदा राजनेताओं ने इसे अपने 'राजनीतिक अस्त्र' के रूप में उपयोग करना शुरू कर दिया है और इसकी शुरूआत स्वयं केन्द्र में आसीन सत्तापक्ष ने अब हर वर्ष पच्चीस जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा के साथ की है, सन् 1975 की पच्चीस जून को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अर्धरात्रि में अचानक पूरे देश में 'आपातकाल' लागू करने की घोषणा की थी और सारी प्रशासनिक राजनैतिक शक्तियों को अपने हाथों में लेकर प्रतिपक्षी नेताओं को जेलों में डाल दिया था, देश में यह आपातकाल करीब बीस महीने रहा और इस दौरान इंदिरा जी ने पूरी मनमानी सरकार चलाई और सभी दण्ड-कानूनों का खुलकर दुरूपयोग किया, ऐसे आरोप लगाने में आज भी प्रतिपक्षी दल अग्रणी है।

भारतीय राजनीति में लाया गया यह चलन कुछ इसलिए अजीब लग रहा है क्योंकि अभी तक जन्म दिवस, समृति दिवस आदि हम मनाते आ रहे है, अब शायद पहली बार ही 'हत्या दिवस' मनाने की पहल की जा रही है और आज के राजनेता संविधान की पुस्तक का उपयोग 'खिलौने' के रूप में अपनी राजनीति को जीवनदान देने के लिए कर रहे है, प्रधानमंत्री जी सार्वजनिक रूप में संविधान की पुस्तक को अपने सिर से लगाते नजर आ रहे है, तो प्रतिपक्ष के नेता 'संविधान का गुटका' (लघु पुस्तिका) अपनी जेब में रखकर उसे हर कहीं लहराते नजर आते है, अब सवाल यह है कि यह कृत्य अपने आपमें कितना संवैधानिक है, इस पर कभी प्रतिपक्ष के नेता ने गंभीर चिंतन-मनन किया है? क्या हमारे संविधान के साथ यह सलूक उचित है? क्या संविधान को हवा में लहराने वाले अपरिपक्व नेता को संविधान के निर्माण की कहानी भी पता है, कितनी मेहनत-मशक्कत के बाद हमारी संविधान सभा ने इसकी रचना की, यह उन्हें पता है? यदि यह सब उन्हें पता होता तो वे जान-बूझकर पूरे होशों-हवास में हमारे संविधान की ऐसी बेइज्जती नही करते? उन्हें पता होना चाहिए कि हमारा संविधान हमारे लिए गीता-रामायण, कुरान या गुरूग्रंथ साहिब से कम नही है, जिसकी शपथ लेकर हमारी सरकार चलती है, आज चाहे मौजूदा नेता संविधान को ताक में रखकर अपनी मनमर्जी की सरकार चला रहे हो? किंतु हमारे संविधान का महत्व अपनी जगह है और उसे विश्व के अनेक देशों ने विश्व का 'सर्वश्रेष्ठ' संविधान माना है।

यद्यपि यहां यह भी बड़े दु:ख के साथ कहने को मजबूर होना पड़ रहा है कि आज हमारा संविधान भी महाभारत के पितृपुरूष 'भीष्म पितामह' की तरह ही संशोधनों की शरशैय्या पर पड़ा कराह रहा है अब तक इसे सवा सौ से अधिक संशोधनों के तीरों से बेधा गया है, हर सत्तारूढ़ दल ने अपनी सुविधानुसार संशोधनों के तीरों से इसे बेधा है, फिर भी आखिर यह है तो हमारा संविधान ही, क्या आज अपनी मौत की बांट जोह रहे, इस संविधान की हत्या दिवस मनाना उचित कहा जा सकता है? किंतु आज के राजनेता किसी की हत्या में ही अपनी राजनीति का 'नवजीवन' देख रहे है, तो इसे क्या कहा जाए?

आज एक तरफ 'विश्वगुरू' का सपना देखा जा रहा है तो दूसरी ओर राजनीतिक स्वार्थ सिद्धी के लिए ऐसे हथकण्ड़े अपनाए जा रहे है और बैचारे संविधान को मोहरा बनाया जा रहा है? अब इस स्थिति को क्या कहा जाए? ....अब तो बस गांधी जी के अंतिम शब्द 'हे-राम' ही दोहराने का

**- ओमप्रकाश मेहता**

# कॉपी पेस्ट से ज़्यादा कुछ अधिक नहीं तीन नये कानून

01 जुलाई से सारे देश में तीन नये कानून अस्तित्व में आ गए, केंद्र सरकार ने अंग्रेज़ी शासन के कानून बदलने की घोषणा के साथ तीन नये कानून देश पर थोप दिये। थोप दिये मैंने इसलिए कहा क्योंकि वर्तमान समय में उनकी ज़रूरत नहीं थी। कानूनों में सुधार की ज़रूरत से इंकार नहीं किया जा सकता लेकिन नये सिरे से तीन कानूनों को बनाकर केंद्र सरकार ने सारे देश मे एक चर्चा को आमंत्रित किया है।

अपनी पीठ आप थपथपाने वाली केंद्र सरकार लाख इन कानूनों की हिमायत करे लेकिन वास्तविकता इससे परे है। तमिलनाडु में इसके विरोध के बाद जहाँ स्थानीय सरकार ने इसकी समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है, तमिलनाडु सरकार ने मद्रास उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक सदस्यीय समिति गठित की, जो एक जुलाई से लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों में राज्य द्वारा किए जा सकने वाले संशोधनों और नाम परिवर्तन का अध्ययन करेगी ...न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एम सत्यनारायणन तीन नए कानूनों - भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए), 2023 - का अध्ययन करेंगे और एक महीने में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। यह इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार द्वारा थोपे गए कानूनों को सहज रूप से स्वीकारा नहीं जा रहा है। तमिलनाडु सरकार अकेली विरोध में नहीं है वरन संपूर्ण विपक्ष इसके विरोध में खड़ा है। अंग्रेज़ी काल के कानून कहने वाली सरकार इसके नाम और धाराओं की संख्या में परिवर्तन के अलावा इसमें कोई परिवर्तन की हो ऐसा दृष्टिगत नज़र नहीं आता। सीधे शब्दों में कहा जाए तो तीनों कानून कापी पेस्ट के सिवा कुछ नही हैं।


टीएमसी के सांसद ओब्रायन ने इसके विरोध में कहा था कि 93त्न मौजूदा कानून बरकरार हैं, 22 में से 18 अध्यायों को कॉपी-पेस्ट किया गया है, जिसका अर्थ है कि इन परिवर्तनों को शामिल करने के लिए मौजूदा कानूनों में बदलाव किया जा सकता था।

गत वर्ष इसका विरोध करने वाले सांसदों ने यह भी कहा था कि राज्य सरकारों, बार एसोसिएशनों, राज्य और केंद्रीय पुलिस, राष्ट्रीय विधि विद्यालय विश्वविद्यालयों, अधीनस्थ न्यायपालिका के न्यायाधीशों, सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के प्रतिष्ठित सेवानिवृत्त न्यायाधीशों या कानूनी विद्वानों जैसे महत्वपूर्ण हितधारकों से परामर्श नहीं किया गया।

गौर तलब हो कि तीनों विवादास्पद कानूनों को लोक सभा ??या राज्य सभा में बिना किसी सार्थक बहस या चर्चा के पारित कर दिया गया था।

विचारणीय बिंदु यह है कि आम धारणा के विपरीत, सीआरपीसी (जिसे भारतीय न्याय संहिता से बदल दिया गया था) मैकालेयन काल का अवशेष नहीं कहा जा सकता है क्योंकि छह भारतीय विधि आयोगों ने एक भारतीय कानून बनाने में 13 वर्ष लगाये हैं, जिसे बाद में भारतीय संसद द्वारा (1973 में) पारित किया गया, तो वर्तमान कानून को किसी भी तरह से औपनिवेशिक दृष्टिकोण नहीं कहा जा सकता है।

तीन नए कानूनों - भारतीय न्याय संहिता




(बीएनएस), 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए), 2023 कानून भारतीय न्यायिक प्रणाली पर दबाव डाल सकते हैं, जिसके बारे में स्वयं मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा था कि यह दुनिया में सबसे कम न्यायाधीश-जनसंख्या अनुपात वाले देशों में से एक है।

1 जुलाई को कानून लागू होने के साथ ही 36 मिलियन मामलों की बाधा तुरंत खड़ी हो गई। राष्ट्रीय न्यायिक ग्रिड के अनुसार, नये कानून लागू होने से पहले भारतीय अदालतों में लंबित आपराधिक मामलों की संख्या 36 मिलियन थी। इनमें से 34 मिलियन मामले जिला और तालुका अदालतों में हैं। 1.7 मिलियन मामले उच्च न्यायालयों में और 18,122 मामले सर्वोच्च न्यायालय में हैं। ये सभी मामले पुराने कानूनों के तहत चलते हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि ये कानून भारी मात्रा में - कुछ लोगों के अनुसार 95त्न तक - उन कानूनों से उधार लिए गए हैं, जिन्हें वे प्रतिस्थापित करते हैं और ये हमें औपनिवेशिक दासता से मुक्त करने में भी सहायक नहीं हैं।

नए कानून निश्चित रूप से कार्यवाही में और अधिक देरी करेंगे क्योंकि उनकी प्रकृति बहुत अस्पष्ट है, जिससे भारी भ्रम पैदा होगा। उदाहरण के लिए, 1 जुलाई या उसके बाद समाप्त होने वाले प्रत्येक पुलिस रिमांड में, पुलिस बीएनएसएस या रिमांड कानून की धारा 187 के तहत अतिरिक्त समय अवधि का दावा कर सकती है, जबकि आरोपी इस आधार पर इसका विरोध कर सकता है कि प्रक्रिया के नियम बदल गए हैं।

यहां तक ??कि बीएनएसएस की धारा 531 के तहत निरसन और बचत खंड (जो 1 जुलाई से पहले के मामलों को सीआरपीसी का उपयोग करके तय करने की अनुमति देता है) भी इस स्थिति में किसी की मदद नहीं करेगा और केवल मामलों को और जटिल करेगा क्योंकि यह केवल उन स्थितियों पर लागू होता है जहां समय सीमा 1 जुलाई 2024 को समाप्त हो गई है। यदि कुछ करने की समय सीमा अभी भी लंबित है तो कौन सा कानून लागू होगा? किसी भी विधायी मार्गदर्शन के अभाव में क्या लागू करना है, यह तय करने के लिए एक न्यायाधीश को छोड़ दिया जाएगा।

भारत में ट्रायल कोर्ट में एक आपराधिक मामले की औसत अवधि लगभग पांच से सात वर्ष होती है। इसके बाद आरोपियों की संख्या, गवाहों की संख्या, दस्तावेजों, जब्त वस्तुओं और वस्तुओं की संख्या तथा प्रत्येक तारीख पर उनकी समय पर उपलब्धता जैसी जटिलताओं के साथ समय बढ़ता जाता है।

बीएनएसएस (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) की धारा 531 के तहत सीआरपीसी (दंड प्रक्रिया संहिता) के लागू होने के दौरान दर्ज किए गए किसी मामले से उत्पन्न अपील या पुनरीक्षण सीआरपीसी द्वारा शासित होगा, न कि बीएनएसएस द्वारा। इसका मतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय तक की अपील और पुनरीक्षण सीआरपीसी द्वारा शासित होंगे। इसमें 20 साल और लग सकते हैं। इसलिए, सीआरपीसी को किसी जादू की छड़ी से मिटाया नहीं जा सकता है। यह अभी भी 20 से 30 साल तक बना रहेगा जब तक कि अंतिम मामलों का निपटारा नहीं हो जाता।

### पुलिस के लिए सिरदर्द

फिर, नए कानूनों के कारण पुलिस बल पर समस्याएं आ गई हैं। केरल के पूर्व अभियोजन महानिदेशक आसफ अली बताते हैं कि राज्य नए कानूनों के कई प्रावधानों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं है।

उन्होंने बताया, कई प्रावधानों के लिए लिखा है राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कानून के अनुसार। इससे बड़ा भ्रम पैदा होता है, क्योंकि राज्य सरकार ने उस विशेष स्थिति से निपटने के लिए कोई कानून नहीं बनाया है या कोई आदेश निर्धारित नहीं किया है।

आसफ अली ने यह भी बताया कि अधिकांश पुलिस स्टेशनों में इन नए कानूनों द्वारा निर्धारित ऑनलाइन पंजीकरण को लागू करने के लिए बुनियादी ढांचे का अभाव है।

उन्होंने पूछा, जीरो एफआईआर के आगमन के साथ, सब कुछ ऑनलाइन करना होगा। इस देश में कितने पुलिस स्टेशनों में ऐसी सुविधाएं हैं और लोग जानते हैं कि पूरी तरह से डिजिटल बनने के लिए ऐसी सुविधाओं का उपयोग कैसे किया जाए?

इसके अलावा, गांवों और कस्बों में कई पुलिसकर्मियों को किसी मामले में की गई जब्ती को डिजिटल रूप से दर्ज करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

ऐसी संभावित समस्याएं यह प्रश्न उठाती हैं कि क्या इन कानूनों को संसद में सभी को शामिल करते हुए विचार-विमर्श के बाद अपनाया जा सकता था, बजाय इसके कि इन्हें जबरन पारित कर दिया गया।

**डॉक्टर सैय्यद खालिद क़ैस एडवोकेट**
**लेखक, समीक्षक, विधि के विद्यार्थी**

## इन्दौर बाजार भाव -

इन्दौर । निचले स्तरों पर हल्की-फुल्की माँग आने से मंगलवार को खाद्य तेलों में बाजार सुर्खी के रहे। तिलहनों में टिकाव रहा। किराना जिंसों में व्यापार की मात्रा कम ही रही। शक्कर में नरमी आयी। दाल-दलहनों में टिकाव रहा।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में व्यापार की मात्रा सामान्य ही रही। निचले स्तरों पर माँग आने से भावों में सुधार देखा गया। तिलहनों में टिकाव रहा। किराना जिंसों में व्यापार की मात्रा कम ही रही। शक्कर बाजार सुस्ती के देखे गये। दाल दलहनों में व्यापार सामान्य ही देखा गया। चना 7000 रू. प्रति क्विंटल पर बना रहा। भाव इस प्रकार रहे -

**किराना** - शक्कर 3840-3860, खोपरा गोला 108-128, खोपरा बूरा 2350-4450 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 320-325, मीडियम 345-355, बेस्ट 360-370, ऊंझा हल्का 365-375, मीडियम 365-375, बेस्ट 390-400, हल्दी निजामाबाद 198-220, सांगली 270-280, साबूदाना हल्का 6350-6450, मीडियम 6500-6550, बेस्ट 6600-6650, वरलक्ष्मी 6750, सौंफ मोटी 105-120, मीडियम 125-150, बेस्ट 175-225, सौंफ बारि?क 375-400, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 785-795, गरबल 727-765, मटरदाना 830-845, खसखस अनक्लीन 725-800, क्लीन 1025-1175, दालचीनी 245-255, जायफल 580-650, बेस्ट 700-710, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 91-101, पत्थर फूल 350-380, बेस्ट 475-480, जावत्री 1900-2000, केसर 190-210, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 550-750, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1850-1900, मीडियम 2200-2300, बोल्ड 2300-2500, एक्स्ट्रा बोल्ड 3100-3200, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1375-1450, मीडियम 1500-1600, बेस्ट 1625-1700, तरबूज मगज 480-520, बेस्ट 575-625, काजू (240) 870-900, काजू (320) 800-825, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-775, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 640-770, सिंगापुरी 650-790, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 650-925, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्स्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1500-1530, मैदा कट्टा 1510-1510, रवा कट्टा 1540-1550, बेसन 3950 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1700-1750, (160) 1950-2000, (200) 2150-2200, (250) 2150-2250

**तेल** - सींगदाना 1540-1560, मुम्बई 1550, राजकोट तेलिया 2430, सोया साल्वेंट 905-910, सोया रिफाइंड 958-960, कपास्या 920, धूलिया 925, कड़ी 930,

**रात की धारणा** - गुजरात लुज 1525, मुम्बई पाम 908, मुम्बई सोया 975,

**खली** - कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2150, देवास-उज्जैन 2150, खंडवा-बुरहानपुर 2125, अकोला 3075 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन** - सरसो 5400-5500, एवरेज 5200-5300, रायडा 5000-5200, सोयाबीन 4500, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन** - चना कांटेवाला बेस्ट 6950-7000, एवरेज 6650-6750, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6150-6200, एवरेज 6100-6150, मूंग देशी 8100-8200, पाला 8200-8300, चमकी 8300-8400, नायलोन 8400-8500, तुअर निमाड़ी बेस्ट 10800-11000, एवरेज 10400-10600, हल्की 9400-9700, तुअर महाराष्ट्र 11800-12000, उड़द बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 8800-8900, शंकर 9000-9100,

**दाल** - चना दाल एवरेज 8400-8600, बोल्ड 8700-8900, तुअर दाल सवा नं. 15700-15800, तुअर दाल फूल 16400-16500, तुअर दाल बोल्ड 17300-17400, मसूर दाल एवरेज 7200-7300, बेस्ट 7400-7600, मूंग दाल 10400-10500, बोल्ड 10600-10700, मूंग मोगर 11100-11200, बोल्ड 11300-11400, उड़द दाल 11400-11500, बोल्ड 11600-11700, मोगर 11700-11900, बोल्ड 12000-12100,

**अनाज** - गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200, (147) 2250-2300, बेस्ट 2300-2350, लोकवन 2500-2550, बेस्ट 2550-2600, चन्द्रोसी 3100-3800, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2150-2200, गज्जर 2100-2150,

**चावल** - चावल हंसा सफेद 2800-3000, सेला 3400-3600, परमल 3200-3400, दुबराज 4500-5000, राजभोग 6500-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9500, मीनी दुबार 7500-8500, मोगरा 4500-7000, तिबार 10000-11000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7000-9500, पोहा 4700-5100,

**मावा** - इन्दौर 300, उज्जैन 260, रतलाम 240 रू. प्रति किलो।

## इन्दौर सराफा बाजार -

इन्दौर । मंगलवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार सामान्य से कम ही रहा। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार मजबूती रही। भाव इस प्रकार रहे -

चाँदी (9999) 91100, चाँदी (99) 91000, टंच 90300, सिक्का 900, सोना 10 ग्राम 73250,

## मुहर्रम की छुट्टी के चलते आज शेयर बाजार बंद

मुंबई। मुहर्रम की छुट्टी के चलते बुधवार को शेयर बाजार बंद रहेगा। ऐसे में इस दिन शेयर मार्केट के दो एक्सचेंजों बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में कारोबार नहीं होगा। इस बंद से इक्विटी, डेरिवेटिव और सिक्योरिटी लेंडिंग एंड बॉरोइंग सहित सभी सेगमेंट प्रभावित होंगे। गुरुवार, 18 जुलाई को बाजार में सामान्य कारोबार फिर से शुरू होगा। वहीं, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड 17 जुलाई को मॉर्निंग सेशन के लिए बंद रहेगा। हालांकि, यह इवनिंग सेशन के लिए शाम 5 बजे से 11.30 बजे या 11.55 बजे तक फिर से खुलेगा।

## आज का राशिफल

**मेष** - आज का दिन आपके लिए कुछ कठिनाइयों भरा रहेगा। आप अपने काम में सूझबूझ से आगे बढ़ें। किसी की दी गई सलाह पर चलना आपको नुकसान देगा। आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटेंगे, जिसे देखकर परिवार के सदस्य प्रसन्न रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको मन मुताबिक लाभ मिल सकता है। आपको अपने बॉस से अपनी आय को बढ़ाने के लिए बातचीत करनी होगी, जिससे आपके वेतन में भी वृद्धि होगी।

**वृष** - आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप अपने काम को आसानी से करने के लिए विवेक का इस्तेमाल करें। आपका किसी नए घर, मकान, दुकान आदि को खरीदने का सपना पूरा होगा। आपने यदि कुछ कर्ज लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतारने में सफल रहेंगे। बिजनेस में कुछ तकनीकी समस्या के कारण आपको काम करने में समस्या आ सकती है।

**मिथुन** - आज आप लोगों से मेलजोल बढ़ा सकते हैं। आज आप तरक्की की राह पर भी बढ़ सकते हैं। यदि आपने पहले कहीं निवेश किया था तो आपको अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है। शेयर मार्केट से जुड़े लोग को धन लाभ की संभावना है। अपने प्रतिद्वंदी से सलाह मशवरा करके समस्या सुलझाएं। आपके मन में प्रेम व स्नेह बना रहेगा। जीवनसाथी आपका हर मामले में सहयोग करेंगे।

**कर्क** - आज आप परोपकार से जुड़े कुछ कार्य कर सकते हैं। आप अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए धन लगा सकते हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई लिखाई पर ध्यान नहीं दे पाएंगे जिससे समस्या हो सकती है। आप किसी लंबी ट्रैवलिंग पर जाने की योजना बना सकते हैं। अपनी संतान के मन में चल रही उलझनों को जानने का प्रयास करें।

**सिंह** - आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आप तरक्की की राह पर आगे बढ़ेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुक हुआ था उसे पूरा करने के लिए आप अपने भाइयों से मदद लेंगे।

**कन्या** - आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ मिलेगा। वैवाहिक जीवन में आपको संयम बनाए रखने की आवश्यकता है। आपको किसी निवेश संबंधी योजना में बहुत ही सोच विचार कर धन लगाना होगा। आपको अपनी वाणी व व्यवहार नियंत्रण रखने की आवश्यकता है।

**तुला** - आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप कार्य क्षेत्र में अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत लोग अच्छा नाम कमाएंगे। संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। परिवार में यदि कोई लड़ाई झगड़ा चल रहा है तो आप उसमें दोनों पक्षों की सुनकर कोई निर्णय लें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप अपने कुछ पुराने कर्ज भी आसानी से उतार पाएंगे।

**वृश्चिक** - आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। जल्दबाजी में कोई काम न करें अन्यथा आपको पछताना पड़ सकता है। शीघ्रता व भावुकता में कोई निर्णय न लें । यदि आप अपने पारिवारिक समस्याओं को लेकर परेशान चल रहे हैं, तो उसके लिए आप बड़े सदस्यों से बातचीत कर सकते हैं। आप जीवनसाथी से बातचीत बहुत ही सोच विचार कर करें, उन्हें आपकी कोई बात बुरी लग सकती है।

**धनु** - आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है। आप जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें, नहीं तो आपको उसके लिए पछतावा होगा। मित्रों व सहयोगियों पर आपको ध्यान देने की आवश्यकता है। आप अपने जीवनसाथी की सेहत को लेकर चिंतित रहेंगे। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं।

**मकर** - आज आप अपने रुके हुए कार्य को पूरा करेंगे। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से आप व्यस्त रहेंगे। कुछ काम को लेकर आपको भाग दौड़ करनी पड़ेगी तभी आपके काम पूरे होंगे। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको छुटकारा मिलेगा। आप किसी से तोलमोल कर बात करें, अन्यथा झगड़ा हो सकताहै।

**कुंभ** - आज का दिन आपके लिए धन संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। आप अपने काम में सोच समझ कर आगे बढ़ें। आपको अपने आसपास में रह रहे लोगों से किसी वाद विवाद में पड़ने से बचें। आपके भाई-बहन आपके काम में आपको पूरा साथ देंगे। आपको अक्समात धन लाभ मिलने से प्रसन्नता होगी। यदि आप अपनी संतान को कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरी उतरेगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**मीन** - आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप अपनी आय को बढ़ाने के स्त्रोतों पर पूरा ध्यान देंगे। आप ऐसी जगह धन निवेश करेंगे जहां से आपको भविष्य में लाभ मिलने की संभावना है। आप अपने भाग्य के भरोसे जिस काम को करेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। यदि आपने कोई भी काम साझेदारी में काम शुरू किया है तो सावधान रहें, धोखा मिल सकता है।

## शब्दजाल - 7602

शब्द जाल में आंध्रप्रदेश के10 जिलों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.

आदिलाबाद, हैदराबाद, अनंतपुर, गुंटुर, चितुर, कृष्णा, कर्नूल, कडप्पा, खम्मन करीमनगर,

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | आ | ए | का | धि | का | र | प | क |
| न | का | क | दि | इं | डो | ने | ग | ति | मा | री |
| अ | दा | र | ला | मा | ग | अ | द | ह | प | म |
| है | द | रा | बा | द | न | स | नं | ह | लि | न |
| त | अ | अ | द | न | कृ | ष्णा | ह | त | न | ग |
| ख | म्म | न | र | व | प | का | त | ह | पु | र |
| ग | मा | ल | मा | व | चि | ला | र | मा | न | र |
| र | न | भा | र | न | प | तु | रा | ल | वि | ला |
| क | गुं | बा | क | ड | प्पा | प | र | न | जू | दे |
| र | टु | ति | मा | न | सिं | ब्रा | रु | का | प | श |
| बां | र | ल | प | रु | स | क | र्नू | ल | र | र |

### शब्दजाल - 7601 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | न | सी | ब | आ | ज | धे | मा | जी |
| रा | वि | ली | प्रे | क | न्या | स | द | ज | कां | ड़ |
| चु | बा | र | पे | टा | छ | मि | रां | ब | वृ | डि |
| इं | नौ | ब | न | बा | वा | स | ग | ल | ष | ब्रु |
| बो | आ | मी | ल | म | चा | न | क्रो | न | भ | ग |
| य | ग | न | र | रा | गो | ली | ती | जो | घ | ढ़ |
| द | स | ई | ग | ट्रे | न | ला | स | र | व | स |
| धु | ह | अ | गां | द | ब | क | घा | हा | श | क |
| ब | म | तु | ला | व | म | स | या | ट | र | आ |
| री | गॉ | ल | क | छा | र | कुं | भ | म | प | द |
| क | ड | क | र्क | या | क | र्त | का | म | रू | प |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**17 जुलाई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

(कुंडली: ४ सूर्य, शुक्र, बुध; ३/२ मंगल, गुरु; ५/६ केतु; ८ चंद्र; १२ राहु; ११ शनि; ७, १०, १, ९)

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | कर्क | 05.25 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | सिंह | 07.41 बजे से |
| मंगल | वृष में | कन्या | 09.53 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.04 बजे से |
| गुरु | वृष में | वृश्चिक | 14.18 ब.से |
| शुक्र | कर्क में | धनु | 16.34 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 18.39 बजे से |
| राहु | मीन में | कुंभ | 20.26 बजे से |
| केतु | कन्या में | मीन | 21.59 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 23.29 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | वृष | 01.09 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 03.07 बजे से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 199 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** एकादशी 21.03 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा 03.13 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शुभ 07.04 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 08.55 बजे तदनन्तर विष्टि 21.03 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 11.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 09' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872043 **जूलियन दिन** 2460508.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 10 **विशेष** देवशयनी एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: मनुष्य की पहचान

यह उस समय की बात है, जब कबीर दास की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैलने लगी थी। लोग बड़ी संख्या में उनसे मिलने आते थे। एक दिन जब वह कपड़ा बुन रहे थे, उनके पास कई सेठ आए और बोले, 'अब आप साधारण व्यक्ति नहीं रहे। जब साधारण व्यक्ति थे तब तो आपका कपड़ा बुनना ठीक था। पर अब आप की चर्चा संत के रूप में होती है। आप को फटे-पुराने कपड़े पहने हुए देख हमें शर्म महसूस होती है। फिर आप को अपने हाथ से कपड़ा बुनने की आवश्यकता ही क्या है। अब हम लोग आप की हर जरूरत को पूरा करेंगे। आप के लिए एक भव्य आश्रम बना देंगे।' कबीर ने कहा, 'आप लोगों को देख कर मुझे शर्म आती है। पहले मैं अपने लिए कपड़ा बुनता था, मगर अब गरीब लोगों के लिए बुनता हूं। मेरी देखादेखी और लोग भी यह काम करेंगे। मनुष्य को अपनी पहचान नहीं खोनी चाहिए। आज आप उस समय हमारी मदद करने आए हैं जब मुझे आपकी सहायता की जरूरत नहीं है। आप उनकी सहायता करें जिन्हें आपकी जरूरत है। आप देखते होंगे कि काशी के घाट पर कितने लोग भूखे सोते है। उन्हें देख कर आप को शर्म महसूस नहीं होती होगी। क्योंकि आप हमारी मदद करने नहीं अपना प्रचार पाने के लिए यहां आए हैं।' यह सुन कर सभी सेठ शर्मिंदा हो गए और उन्होंने माफी मांगी। उन्होंने वचन दिया कि वे हर रोज काशी के घाट पर गरीबों को खाना खिलाएंगे। तब से शुरू हुई वह परंपरा काशी में आज भी जारी है।

## फिल्म वर्ग पहेली- 6546

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की फिल्म-४
४. बी.आर. चोपड़ा की फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
६. अशोककुमार, संजीवकुमार, सुमिता सान्याल की फिल्म-४
७. फिल्म 'चाँद का टुकड़ा' में श्रीदेवी के साथ नायक कौन था-४
९. अयूब खान, आयशा जुल्का की 'ओ सरफि री ओ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'अंख लड़ती है तो लड़ने दे' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा रवीना की फिल्म-२
१२. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. जॉन अब्राहम, उदिता गोस्वामी की 'अपनी चाहतों पे' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'एरी रे एरी क्या है पहेली' गीत वाली ऋतिक, जैकी, करीना की फिल्म-२
२०. अक्षय, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख के' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'पूरब और पश्चिम' का निर्माता निर्देशक, नायक कौन था-३
२४. सुनीलदत्त, वहीदा, आशा पारेख की 'इतना ना मुझसे तू प्यार बढ़ा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'चप्पा चप्पा चरखा' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३
२६. 'मिलती है जिंदगी में' गीत वाली फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'राजाजी' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
३१. अमिताभ, शशि, स्मिता की 'आज रपट जायें तो' गीत वाली फिल्म-३,३

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजयदत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
२. बॉबी देओल, रानी की 'मिलने से डरता है दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'गुड मार्निंग इंडिया' गीत वाली फिल्म-२
४. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले गला ले' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
६. 'दिल में छुपा के प्यार का' गीतवाली फिल्म-२
७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
८. देव आनंद, माला सिन्हा की 'जारे जारे उड़ जारे पंछी' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१२. अजय, मास्टर सत्यजीत, अलका की 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'चोरों को सारे नजर' गीत वाली फिल्म-२,३
१६. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की 'ये सर्द आहें मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आज उनसे पहली मुलाकात होगी' गीत वाली राकेश रोशन, हेमा की फिल्म-३,२
१८. राकेश रोशन, जयाप्रदा की 'तुम संग प्रीत लगाई सजना' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'तुम्हे जिंदगी के उजाले मुबारक' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीना कुमारी की फिल्म-३
२३. प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२७. 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम?-२
३०. अमिताभ वाली संजय लीला की फिल्म जिसमें रानी मुखर्जी मूक-बधिर बनी है-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6545

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | ■ | जी | व | न | मृ | त्यु |
| व | ■ | मे | ■ | भू | त | ■ | ■ | त्यु | ■ |
| स | हे | ली | ■ | मि | ■ | खा | न | दा | न |
| ■ | ग | ■ | शि | का | र | ■ | सी | ता | ■ |
| धू | म | ■ | वा | ■ | क्ष | ■ | ब | ■ | बे |
| प | ■ | खे | ■ | ता | क | त | ■ | ■ | ता |
| ■ | गो | ल | मा | ल | ■ | ला | ट | सा | ब |
| पा | पी | ■ | शू | ■ | जो | श | ■ | या | ■ |
| की | ■ | शं | क | र | ■ | ■ | घा | ■ | स्व |
| जा | नू | ■ | ■ | ज | मा | न | त | ■ | र्ग |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6855

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भर जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6854 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 8070

**बाएँ से दाएँ**

1. जनमत-4
4. सचेत, सजग-4
7. सहयात्री, संगी-5
9. रुपया, पैसा -2
11. छोटी सवारी गाड़ी-2
12. घ्राणेंद्रिय-2
13. बेकार-3
15. झुका हुआ-2
16. बसंत काल-3
17. टिड्डा-3
18. अन्वेषण, ढूंढना-2
19. जलने की प्रक्रिया-3
21. एक विदेशी शराब-2
23. कला, हुनर-2
24. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2
25. आत्मबलिदानी-5
29. करामात-4
30. नामसूची-4

**ऊपर से नीचे**

1. पूजा, प्रार्थना-4
2. मार्ग, पथ-2
3. यमराज, मृत्युदेवता-2
4. स्वच्छ-2
5. दूल्हा, वरदान-2
6. द्वेष, ईर्ष्या-4
8. तमीज, तहजीब-3
10. सेंधमार-5
11. चुगली करना-5
13. देवर्षि-3
14. रसद, खाद्य सामग्री-3
18. भयानक, डरावना-4
20. अक्षर (उर्दू-3)
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर की फिल्म-5
25. तेज, सत्य-2
26. ईश्वर, भगवान-2
27. रुदन, क्रंदन-2
28. मोमबत्ती (उर्दू-2)

### शब्द पहेली -8069 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | ला | क | ■ | ह | म | रा | ज |
| म | ■ | ■ | म | ह | क | ■ | ■ | रु |
| ना | ■ | श | त | ■ | ला | ल | ■ | र |
| ना | म | क | र | ण | ■ | की | म | त |
| ■ | लि | ■ | ता | ■ | म | ■ | क्का | ■ |
| अ | न | ल | ■ | मा | न | क | र | ना |
| रा | ■ | हू | र | ■ | मो | ल | ■ | च |
| ज | ■ | ■ | ज | ग | ह | ■ | ■ | ना |
| क | रा | मा | त | ■ | क | ल | श | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शेयर बाजार रिकार्ड ऊंचाई पर बंद , सेंसेक्स 80,716 पर पहुंचा, निफ्टी 24,613 पर बंद

मुम्बई । घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को भी तेजी रही और ये अब तक के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया है। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आया है। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश से भी बाजार को बल मिला। आज कारोबार के दौरान एफएमसीजी , दूरसंचार और आईटी शेयरों में खरीददारी से भी बाजार में सकारात्मक माहौल रहा।




दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 51.69 अंक करीब 0.06 फीसदी बढ़कर अपने अबतक के सबसे उच्च स्तर 80,716.55 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 26.30 अंक तकरीबन 0.11 फीसदी बढ़कर 24,613 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 74.55 अंक करीब 0.30 फीसदी उछलकर रिकॉर्ड 24,661.25 अंक तक पहुंच गया। बाजार में आये इस उछाल का मुख्य कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की खरीदीदारी है। प्रमुख कंपनियों के तिमाही परिणाम उत्साहजनक रहने से भी बाजार ऊपर आया है। आज कारोबार के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और पावर ग्रिड के शेयर नीचे आये।

आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस 2,648.78 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजार से मिले अच्छे संकेतों की वजह से बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी ने तेजी के साथ शुरुआत की है। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती सौदों में लगभग 170 अंक बढ़कर 80,835 के स्तर पर पहुंच गया, जबकि एनएसई निफ्टी50 ने नया रिकॉर्ड बनाते हुए 24,650 का स्तर छू लिया, जो लगभग 75 अंक की बढ़त है।

एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार देखा गया। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स200 0.08 फीसदी की गिरावट में रहा, जबकि कोरिया का कोस्पी 0.07 फीसदी की बढ़त में रहा। जापान का निक्केई 0.71 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार करता दिखा। यूरोपीय बाजारों में भी गिरावट दर्ज की गई।

## स्मार्टवर्ल्ड डेवलपर्स ने अहलूवालिया को दिया 581 करोड़ का ठेका

नई दिल्ली । रियल एस्टेट कंपनी स्मार्टवर्ल्ड डेवलपर्स ने गुरुग्राम में अपनी लक्जरी आवासीय परियोजना के लिए अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स को 581 करोड़ रुपये का ठेका दिया है। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि परियोजना स्मार्टवर्ल्ड द एडिशन गुरुग्राम के सेक्टर 66 में गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर स्थित है। इसके साथ कंपनी लक्जरी आवासीय खंड में प्रवेश कर रही है। इस परियोजना से 6,000 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है। गुरुग्राम स्थित स्मार्टवर्ल्ड डेवलपर्स की स्थापना 2021 में की गई थी। बयान के अनुसार 30 लाख वर्ग फुट के बिक्री योग्य क्षेत्र और 10 एकड़ में फैली इस परियोजना में करीब 900 अपार्टमेंट होंगे। स्मार्टवर्ल्ड डेवलपर्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कई बड़ी परियोजनाओं को पूरा करने के बेहतरीन रिकॉर्ड के साथ अहलूवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स (इंडिया) ने निर्माण उद्योग में एक मिसाल कायम की है।

## टेलीकॉम कंपनियों पर ट्राई की मेहरबानी

नई दिल्ली । हाल ही में देश के 362 जिलों में लोकल सर्किल का सर्वे किया गया है। पिछले 12 महीना में मोबाइल यूजर्स की सबसे बड़ी परेशानी कॉल ड्रॉप होना, और मोबाइल नेटवर्क के सिग्नल नहीं मिलना है। मार्च से जून के बीच में किए गए सर्वे में 10 में से नौ लोगों ने स्वीकार किया है। बार-बार कॉल ड्रॉप होते हैं। कॉल ड्रॉप की शिकायत 91 फ़ीसदी उपभोक्ताओं ने की है। मोबाइल नेटवर्क नहीं होने से इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या से भी उपभोक्ता जूझ रहे हैं।

कमजोर नेटवर्क के कारण कॉल ड्रॉप होने की शिकायत 41 फ़ीसदी लोगों ने की है। 30 सेकंड के अंदर ही कॉल ड्रॉप हो जाता है।

टेलीकॉम कंपनियां महीने के आधार पर शुल्क वसूल करती हैं। हाल ही में 10 से 25 फ़ीसदी तक शुल्क टेलीकॉम कंपनियों ने बढ़ाया है। टेलीकॉम कंपनियां आज भी उपभोक्ताओं को कॉल ड्रॉप की




समस्या से निजात और मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं करा पाई हैं। इसके बाद भी उन्हें शुल्क बढ़ाने की अनुमति दी गई है। जब मोबाइल कंपनियां मुनाफे में है। उपभोक्ताओं को ट्राई द्वारा निर्धारित सेवा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। उल्टे जजिया कर की तरह हर माह उपभोक्ताओं से शुल्क वसूल किया जा रहा है। ट्राई की स्थापना उपभोक्ताओं और टेलिकॉम कंपनियों के हितों में समन्वय बनाए रखने के लिए की गई थी। न्यायिक प्राधिकरण होते हुए इसका झुकाव टेलीकॉम कंपनियों की ओर होता है। जिसके कारण अब उपभोक्ताओं में टेलीकॉम कंपनियों के साथ-साथ ट्राई के प्रति भी नाराजी देखने को मिल रही है।

# सांसद भारती पारधी के प्रथम नगर आगमन पर किया भव्य स्वागत





लांजी (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र की सांसद भारती पारधी के सांसद निर्वाचित होने के पश्चात लांजी नगर में 16 जुलाई को प्रथम नगर आगमन हुआ जहां भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ताओ के द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। सांसद भारती पारधी का मंचीय कार्यक्रम व सम्मान समारोह सिद्धेश्वर मंगल भवन किया गया। स्वागत सम्मान कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से विधायक राजकुमार करहिे, पूर्व विधायक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश दिलीप भटेरे, हिराचंद आसटकर सांसद प्रतिनिधि, श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले नगर परिषद अध्यक्ष, राणा कल्याण सिंह जनपद अध्यक्ष किरनापुर, दुलीचंद राजनीरे जिला पंचायत सदस्य, पूर्व सरपंच योगेश रामटेक्कर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, सोहन उपराड़े, शिव दशहरे भाडरा मंडल अध्यक्ष, सुशीला दुग्गड़, नीलचंद हरिनखेड़े, विजय खेरे, डामेश्वर वानखेड़े, महेंद्र पटले, अशोक बापुरे, बारेलाल बडघैया, देवेश ऐडे, मण्डल की कार्य समिति सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य, मण्डल पदाधिकारी, शक्ति केन्द्रों के प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, मिडिया प्रभारी, हितग्राही प्रभारी, महिला प्रभारी, महिला मोर्चा, मतदान केन्द्रो के बुथ अध्यक्ष, बुथ महामंत्री, बीएलए सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिती में भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूवात की गई। सर्वप्रथम प्रथम नगर आगमन पर बारी बारी से सभी उपस्थित जनों ने सांसद भारती पारधी का स्वागत सत्कार किया। इसके पश्चात मंचासीन उद्बोधन आरंभ किया गया जिसमें भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, राणा कल्याण सिंह के द्वारा अपने अपने विचार रखे गये।

## इनका कहना है

"लांजी किरनापुर क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे के द्वारा सांसद भारती के प्रथम नगर आगमन पर स्वागत वंदन करते हुये कहा कि इससे पहले आप भारती पारधी जी से मिले होंगे लेकिन आज आपके सामने सांसद भारती पारधी बैठी है जो कि बालाघाट जिले की पहली महिला सांसद होने का गौरव हासिल की है। आपने आगे कहा कि सरकार की योजनाओं के कारण बड़ा समर्थन मध्यप्रदेश में भाजपा को मिला। देश की जनता ने सबसे बड़े दल के रूप में भाजपा के ऊपर विश्वास किया और पुनः एक बार नरेंद्र मोदी जी देश का नेतृत्व कर रहे हैं। धान के 3100 समर्थन मूल्य को लेकर रमेश भटेरे ने कहां कि समर्थन मूल्य किसानों को नहीं मिला। घोषणा पत्र 5 साल के लिए बनता है। हम मानते हैं 3100 एक साथ नहीं दिया जा सकता लेकिन धीरे-धीरे इसकी शुरुआत कीजिए। किसान छत्तीसगढ़ से समर्थन मूल्य की तुलना करते हैं। आपने सांसद महोदय के सामने क्षेत्र वासियों की दो समस्यायें रखी जिसमें आज बडी संख्या में क्षेत्र वासी बालाघाट या आमगांव रेल्वे टीकट बुक करने जाते है यदि लांजी में रेल्वे टीकट काउण्टर खुल जाये तो बहुत सहुलियत हो जायेगी और बहेला में सिर्फ चुनाव का बहिष्कार मोबाईल नेटवर्क नही होने के कारण किया गया था यदि मोबाईल नेटवर्क बहेला में सुचारू रूप से हो जाये इस विषय पर भारती पारधी ने कहा कि दोनो ही समस्याओं को जल्द पूरा करने का प्रयास रहेगा मेरे द्वारा डीआरएम से बात की जायेगी जल्द ही रेल्वे टीकट काउण्टर लांजी में खुलेगा।"

"लांजी किरनापुर क्षेत्र के विधायक राजकुमार करहिे के द्वारा सांसद भारती पारधी के प्रथम नगर आगमन पर स्वागत वंदन करते हुये कहा कि यह संघर्ष बड़ा पुराना है। 10 साल तक लांजी किरनापुर क्षेत्र में भाजपा का विधायक नहीं था। उसके बाद भी हमारा संगठन हर बूथ स्तर पर और गांव स्तर पर खड़ा रहा है तो इसका श्रेय रमेश भटेरे को जाता है। इसके अलावा विधायक ने कहा कि यदि कोई काम नहीं हो रहा है तो हमें बार-बार याद दिलाइए। धान का उत्पादन मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में सर्वाधिक होता है यह हमारा फर्ज भी है और दायित्व भी हम किसानो के समर्थन मुल्य के लिये हमेशा प्रयासरत रहेंगे।"

"सांसद भारती पारधी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मै यह मानती हू यह मेरा सम्मान समारोह नही बल्कि आप कार्यकर्ताओ का आभार समारोह है, मै आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओ की आभारी हूँ जिसने बालाघाट जिले में पहली बार महिला सांसद बनने का गौरव मुझे दिया है। भाजपा ने नवाचार किया है। नए चेहरे को पार्टी ने यदि सांसद बनाया है तो मेरा दायित्व बनता है कि विधायक के साथ मिलकर काम करेंगे। लांजी क्षेत्र में जो विकास कार्य रुके हैं उसे विधायक के साथ मिलकर पूरा करेंगे। आगे भारती पारधी ने संगठन को लेकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमारी पहचान है। भाजपा के नेतृत्व में जो हम काम करते हैं ऐसा संगठन और ऐसे लोग हमारी पहचान है। समर्थन मूल्य को लेकर भारती पारधी ने कहा कि भाजपा जो वादा करती है ये मोदी की गारंटी की सरकार है। यदि हमारी पार्टी ने कहा है तो देर होगी पर जरुर पूरा करेगी। हम किसानों के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। इसके अलावा भारती पारधी ने महिला सशक्तिकरण को लेकर भी बात कही। साथ ही पूर्व विधायक रमेश भटेरे के द्वारा लांजी में रेल्वे टीकट काउण्टर एवं बहेला में मोबाईल नेटवर्क को लेकर जो मांग रखी गई है उसे हम जल्द पूर्ण करने की कोशिश करेंगे।

## पानी टेंकर का किया वितरण

सम्मान समारोह के समाप्ति के पश्चात सांसद भारती पारधी, विधायक राजकुमार करहिे, पूर्व विधायक रमेश भटेरे सहित भाजपा के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ के द्वारा ग्राम पंचायतों को पानी टेंकर वितरित किये गये है। बतादे कि बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद ढालसिंह बिसेन के द्वारा अंतिम बजट में वाटर टैंकर प्रदान किया गया, जिसके तहत लांजी जनपद की 8 ग्राम पंचायतों जिनमें सहेकी, चिचोली, खुर्शीटोला, पौसेरा, अमेड़ा ब, कलपाथरी को 1-1 टैंकर तथा नगर परिषद लांजी को 2 टैंकर सांसद भारती पारधी के हस्ते प्रदान किया गया।

# आज देवशयनी एकादशी से मांगलिक कार्यों में लगेगा विराम

लांजी (पद्मेश न्यूज)। आषाढ़ मास के एकादशी को देवशयनी एकादशी कहा जाता है, हिन्दू धर्म में मान्यता के अनुसार देवशयनी एकादशी ( आषाढ़ शुक्ल 11 ) से देवोत्थान एकादशी ( कार्तिक शुल्क 11 तक ) देवता सोते हैं। इसी आधार पर तमाम कर्मकाण्डी पंडितों द्वारा इस बीच विवाह, यज्ञोपवित आदि पारिवारिक संस्कार करने कराने का निषेध किया जाता है। इसी आधार पर देवशयनी एकादशी से देवोत्थान एकादशी तक मांगलिक कार्यक्रमों पर विराम लगा रहेगा, जिसके चलते वैवाहिक कार्यक्रम इस तरह के कार्यों पर विराम लग गया। वहीं दूसरी ओर चतुर्मास प्रारंभ होते ही धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजन कार्यक्रम, सावन लगते ही अखंड रामायण पाठ एवं अभिषेक पूजा अर्चना जैसे धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे। इसी के साथ चतुर्मास प्रारंभ होते ही गुरु शिष्य परंपरा अनुसार बहुत से लोग अनुष्ठान, जप, ध्यान, नियमों का पालन करते हुये घरों में मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजा अर्चना की जाएगी।



### विट्ठल - रुखमाई मंदिर में आषाढ़ी एकादशी पर आज होंगे धार्मिक कार्यक्रम

नगर के सुन्दरटोला में स्थित भगवान विठ्ठल - रुखमाई मंदिर में आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बड़े ही भक्ति भाव से अभिषेक पूजन भजन के साथ उत्साह पूर्वक मनाकर प्रसादी का वितरण किया जाएगा। ज्ञात हो कि त्रिलोकराव रामटेक्कर जो कि वर्तमान में मुम्बई में रहते हैं के द्वारा अपने पैतृक निवास में वर्ष 2012 में भव्य मंदिर का निर्माण कर पढंरपुर से भगवान विठ्ठल - रुखमाई की प्रतिमाओं को लाकर स्थापित किया गया है। जो कि हमेशा सभी भक्तों के लिए खुला है। यह नगर व क्षेत्र का एक मात्र भगवान विठ्ठल - रुखमाई का मंदिर देवस्थान है। यहां प्रतिवर्ष उनके द्वारा देवशयनी एकादशी ( आषाढ़ी एकादशी ) पर्व पर लांजी पहुंचकर विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इसी के तहत आज 17 जुलाई को सुबह भगवान विठ्ठल - रुखमाई का अभिषेक पूजन किया जाएगा। दोपहर में भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

# फीता काटकर किया मेडिकल स्टोर्स का शुभारंभ

लांजी (पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र का ग्राम दूल्हापुर में 15 जुलाई को महावीर इंटरनेशनल अपेक्स लांजी के चेयरमैन विशाल खोंगल ने फीता काटकर मेडिकल स्टोर्स का शुभारंभ किया। आपने बताया कि ग्राम दुल्हापुर में अब तक एक भी मेडिकल स्टोर्स नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था, एवं समय बेसमय दवाईयों के लिए लांजी मुख्यालय के चक्कर लगाना पड़ता था। इसी के मद्देनजर यहां रितिक चमरूलाल हरदे ग्राम हल्दीटोला (दूल्हापुर) निवासी के द्वारा हरदे मेडिकल स्टोर्स का शुभारंभ किये जाने से ग्रामीण क्षेत्र में एक संजीवनी की तरह काम करते हुए हम सभी को अच्छी सेवा प्रदान करना है। इस अवसर पर चमरूलाल हरदे, श्रीमति लेहसरबाई हरदे, श्रावणलाल हरदे पूर्व सरपंच, बाबूलाल अजीते, कुंवरलाल ठाकरे, युवराज हरदे, बलराम ठाकरे, सुभाष दादरे, नीलकंठ पांचे, दीपक हरदे, संतोष हरदे, विजय हरदे, मनोज हरदे, अजय हरदे, येसन हरदे, श्रीराम हरदे, लीलाराम नगमोते, विशाल सोनी, यूवराज नागेश्वर, उमेश हरदे, प्रदीप हरदे, संदीप हरदे, उमेंद्र हरदे, संतोष हरदे, चमारू लाल पांचे, सुरेंद्र मात्रे, हीरू भैया आदि ग्रामवासी व प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।



# सांसद भारती पारधी ने कोटेश्वर में किया पूजन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी में स्वागत समारोह के उपरांत सांसद भारती पारधी कोटेश्वर धाम पंहुची जहां आपने कोटेश्वर महादेव का जलाभिषेक पूजन अर्चन किया गया वहीं भाजपा कार्यकर्ता श्रीमती श्यामा मुरकुटे के द्वारा मनोकामना पूर्ण होने पर 108 नारियल भेंट सांसद भारती पारधी के हस्ते चढाई गई। सांसद भारती पारधी के द्वारा कोटेश्वर महादेव से प्रार्थना की गई संपूर्ण देश प्रदेश एवं जिले खुशहाली रहे, सुख समृद्धि बनी रहे। इसके उपरांत सांसद श्रीमती भारती पारधी तय कार्यक्रम अनुसार भानेगांव के लिये प्रस्थान किया गया।



### एक पेड़ माँ नाम अभियान के तहत किया वृक्षारोपण

तय कार्यक्रम के अनुसार भारती पारधी ग्राम भानेगांव शासकीय उच्चतर माध्मिक शाला भानेगांप पंहुची जहां पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान विधायक राजकुमार करहिे, हीराचंद आसटकर, दुलीचंद राजनीरे, डॉ अमृत मेश्राम, आलोक चौरसिया, सीताराम रावते, राम ठाकरे, रेवाजी करहाटकरे, नेहल गौतम, एसडीएम प्रदीप कौरव, सीईओ मनीष शेण्डे, प्राचार्य चन्द्रभुषण चौहान, स्कूल स्टॉफ, छात्र छात्राओं एवं ग्रामीण जनो की उपस्थिती मे वृक्षारोपण किया गया। भारती पारधी जी ने वृक्षारोपण कर छात्र छात्राओं से कहा कि आप सभी अपने अपने दायित्व को समझे तथा अपने घर आंगन, सार्वजनिक स्थलों पर पंहुचकर वृक्षारोपण अवश्य करे। इस महाअभियान हिस्सा बनकर पर्यावरण संरक्षण करे।

# वनवासियों ने एसडीएम व वन विभाग के एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। वनांचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम देवरबेली, देवलगांव के अंतर्गत आने वाले वनों में बसे ग्रामो के वनवासी किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपे हैं। ज्ञापन में वनवासियों ने बताया की वनांचल क्षेत्र में कई पीढ़ियों से वह निवास कर रहे हैं, और वन भूमि पर कृषि करते आ रहे हैं, कब्जाधारी वनवासियों द्वारा शासन के निर्देशानुसार वनमित्र पोर्टल पर 2019 में सभी ने अपने दावे भी प्रस्तुत किए हैं। वहीं वनवासियों ने यह भी बताया की वनमित्र पर दावा प्रस्तुत वन विभाग की टीम के सहयोग से किया है।



### वन भूमि पर ट्रेक्टर से जुताई करने पर होगी 4 वर्ष की सजा

किसानों ने बताया वह कई पीड़ियो से वन भूमि पर कृषि कार्य करते चले आ रहे है। परन्तु वन विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के द्वारा हमें भ्रमित किया जा रहा है और वन विभाग के द्वारा ग्राम में स्पीकर से एलाउंस कर कहा जा रहा है कि वन भूमि पर ट्रैक्टर से जुताई कर कृषि करने पर 4 साल की सजा होगी। ऐसा कहकर कृषि करने से रोका जा रहा है।

### 3 दिन के भीतर समाधान नहीं होने पर करेंगे आंदोलन

वनवासियों ने ज्ञापन देने के दौरान कहा की अगर शासन प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इस तुगलकी फरमान पर रोक लगाकर और तीन दिवस के भीतर समस्या का समाधान नहीं होता है तो आक्रोशित वनवासियों के द्वारा वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे।

# एसडीएम,तहसीलदार, सीईओ, पत्रकार संघ किरनापुर द्वारा तहसील परिसर किया गया पौधरोपण

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए गए विभिन्न प्रजाति के पेड़

किरनापुर (पद्मेश न्यूज़)। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तहसील परिसर किरनापुर में दिनांक 15 जुलाई दिन सोमवार को विभिन्न प्रजाति के फलदार शोभादार छायादार पौधे लगाकर वृक्षारोपण कार्य किया गया।एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एसडीएम राहुल नायक द्वारा एक पेड़ तहसील परिसर किरनापुर में लगाया गया तो वंही तहसीलदार पूर्णिमा भगत द्वारा भी एक पेड़-लगाया गया जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीष शेंडे द्वारा भी एक पेड़ लगाया गया जनपद पंचायत किरनापुर के अधिकारी कर्मचारी रोहित सोनी और बी आर सोनेकर ने भी इस अभियान के तहत् पेड़ लगाए पत्रकार संघ किरनापुर से रवि अजीत, संजय सिंह चौहान,राकेश बोरकर, निखिल डोंगरे,विकेश मेश्राम, मंजीत भीमटे, भीमराव डोंगरे ने भी पेड़ लगाया।एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तहसील परिसर में लगाए गए 15 से 20 विभिन्न प्रजात्ती के पेड़। वृक्षरोपण का अर्थ होता है वृक्षों को लगाना और वातावरण को नया जीवन देना पेड़ पौधे हमारे लिए अति आवश्यक है। किंतु आज दिनों दिन आबादी बढ़ती जा रही है पेड़ों की लगातार कटाई होते जा रही है पर्यावरण की बढ़ती समस्या को देखकर वर्तमान समय में सरकार के द्वारा वन संरक्षण एवं वृक्षारोपण के लिए अनेक तरह के प्रयास सरकार के द्वारा किए जा रहे है। इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि पेड़ पौधे हमारे जीवन का एक जरूरी हिस्सा है पौधों के बिना मनुष्य ही नहीं बल्कि किसी भी प्राणी का जीवन संभव नहीं है। हम अपनी सुविधा प्रगति के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई करते जा रहे हैं जिसके कारण पर्यावरण में वृक्षों की आये दिन कमी होती जा रही है। और वहीं जमीन भी बंजर होती जा रही है। वृक्षों को लगाना और उनका संरक्षण करना बहुत आवश्यक है।




आवश्यकता है
ऑफिस कार्य हेतु एक युवक एवं एक युवती की आवश्यकता है
अनुभव होना आवश्यक
संपर्क-07632-243970
विजय फायनेंस
मयूर टॉकिज रोड, हनुमान चौक बालाघाट

आवश्यकता है
चपरासी की
आवश्यकता है
बालाघाट एवं आसपास में रहने वाले ही 25 वर्ष से कम उम्र के युवक/युवती ही संपर्क करें
अनिवार्यतः साइकिल चलाना आना चाहिए
वेतनमान- 10000+
संपर्क करें
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स
चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल हनुमान चौक, मेन रोड बालाघाट (मप्र)
07632-244922, 244933
244944 मो. 9201340520,9244872544
मिलने एवं फोन लगाने का समय- शाम 7.00 से 9.00 बजे तक

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

### मप्र में मानसून की बारिश से हाल बेहाल...आकाशीय बिजली गिरने से 3 बच्चों की मौत...

# नदी-नाले उफनाए...बांधों का पेट खाली

## शाजापुर में गांवों का संपर्क टूटा, उज्जैन में सडक़ों पर डेढ़ फीट पानी भरा




भोपाल। मप्र में बारिश का दौर जारी है। इंदौर और उज्जैन में मंगलवार सुबह तेज बारिश हुई। उज्जैन में सडक़ों पर डेढ़ फीट तक पानी भर गया। भोपाल में भी दोपहर में तेज बारिश होने लगी। शाजापुर के कालापीपल और आसपास के ऊपरी इलाकों में सुबह से रुक-रुक कर पानी गिर रहा है। इससे कालापीपल में नदी-नाले उफना गए हैं। कालापीपल-अरनिया कला रोड बंद होने से कई गांवों का संपर्क कट गया है। इधर, धार में आकाशीय बिजली गिरने से तीन बच्चों की मौत हो गई। मानसून की यह बारिश आमजन के लिए परेशानी का सबब बन गई है। बारिश से भले ही नदी-नाले उफना रहे हैं, लेकिन प्रदेश के अधिकांश बांध खाली पड़े हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह से प्रदेश में बारिश का स्ट्रॅान्ग सिस्टम है। अब तक प्रदेश में सीजन की 27 प्रतिशत यानी एवरेज 10.6 इंच बारिश हो चुकी है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, मानसून ट्रफ थोड़ी नीचे आई है। एक लो प्रेशर सिस्टम बंगाल की खाड़ी से एक्टिव हुआ है। पश्चिमी राजस्थान पर बना चक्रवात मानसून ट्रफ के साथ घुल गया है। गुजरात के ऊपर भी एक साइक्लोनिक सर्कलेशन सिस्टम है। इसके असर से मप्र में तेज बारिश हो रही है। 19-20 जुलाई को बंगाल की खाड़ी में एक नया लो प्रेशर एरिया बनने की संभावना है, जिससे प्रदेश में तेज बारिश का दौर बना रहेगा।

### सडक़ें तालाब बन गई

प्रदेश के 19 जिलों में तेज बारिश का दौर रहा। खरगोन के सनावद में एक टैंकर बांकुर नदी की बाढ़ में बह गया। बड़वाह में मकान-दुकानों में पानी घुस गया। नर्मदा नदी का वाटर लेवल एक मीटर तक बढ़ गया। सीहोर के आष्टा और आगर-मालवा में इतनी तेज बारिश हुई कि सडक़ें तालाब बन गईं। मंडला में सबसे ज्यादा 1 इंच बारिश हुई। रतलाम में भी तेज बारिश का दौर चला। यहां भी करीब 1 इंच बारिश हुई है। छिंदवाड़ा, जबलपुर में आधा इंच के करीब पानी गिरा। इंदौर, सीहोर, भोपाल, रतलाम, मुरैना, नरसिंहपुर, सागर, उमरिया, धार, ग्वालियर, नर्मदापुरम, खरगोन, रतलाम, शिवपुरी समेत अन्य जिलों में भी बारिश का दौर जारी रहा।

### कोलांस नदी 2 फीट ऊपर बही

भोपाल और सीहोर में बारिश के कारण मंगलवार को कोलांस नदी लेवल से 2 फीट ऊपर बही। नदी का पानी बड़ा तालाब में पहुंच रहा है। दोपहर तक बड़ा तालाब का 1659.50 फीट हो गया है। एक ही दिन में 0.25 फीट पानी की बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल में अब तक 345.2 मिमी यानी, 13.59 इंच पानी गिर चुका है। यह सीजन की 30 प्रतिश्ता बारिश है। वहीं, अब तक 20 प्रतिशत से ज्यादा बारिश हो चुकी है।

### कोलार डैम में डेढ़ फीट पानी बढ़ा

बारिश की वजह से प्रदेश के बड़े डैमों में पानी का लेवल भी बढ़ा है। सीहोर के कोलार, शहडोल के बाणसागर, खंडवा के ओंकारेश्वर, जबलपुर के बरगी, नर्मदापुरम के तवा डैम, भोपाल के कलियासोत डैम में एक से दो फीट तक पानी बढ़ गया है। लगातार तेज बारिश होने से लेवल और भी बढ़ जाएगा। भोपाल में कोलार डैम से भी पानी की सप्लाई होती है। डैम का कुल वॉटर लेवल 1516.40 फीट है। मंगलवार दोपहर तक लेवल 1482.87 फीट हो गया। डैम को फुल भरने में अभी काफी पानी की जरूरत है। कैचमेंट एरिया में तेज बारिश होने से लेवल लगातार बढने् लगेगा। शहर की लाइफ लाइन बड़ा तालाब में पानी का स्तर 1659.50 फीट तक पहुंच गया है। इस सीजन में बड़ा तालाब में डेढ़ फीट पानी बढ़ा है। इसका फुल टैंक लेवल 1666.80 फीट है। यानी, यह 8 फीट खाली है। केरवा और कलियासोत डैम में भी पानी का स्तर बढ़ रहा है।

### मध्यप्रदेश के बांधों की स्थिति

| बांध | टैंक लेवल | अभी जलस्तर | कितना खाली |
|---|---|---|---|
| कोलार डैम, सीहोर | 462.2 | 451.5 | 10.70 |
| बाणसागर डैम, शहडोल | 341.64 | 332.3 | 9.34 |
| गांधीसागर डैम, मंदसौर | 399.9 | 394.36 | 5.54 |
| इंदिरा सागर डैम, खंडवा | 262.13 | 247.85 | 14.28 |
| ओंकारेश्वर डैम, खंडवा | 196.6 | 195.24 | 1.36 |
| मोहनपुरा डैम, राजगढ़ | 398 | 393.1 | 4.90 |
| गोपीकृष्ण सागर डैम, गुना | 434 | 426.23 | 7.77 |
| संजयसागर डैम, विदिशा | 448.2 | 441.55 | 6.65 |
| तिगरा डैम, ग्वालियर | 225.55 | 220.25 | 5.30 |
| टिल्लर डैम, शाजापुर | 439.9 | 432.9 | 7.00 |
| कलियासोत डैम, भोपाल | 505.67 | 502.2 | 3.47 |
| बरगी डैम, जबलपुर | 422.76 | 412.3 | 10.46 |
| कुंडलिया डैम, राजगढ़ | 400 | 393.6 | 6.40 |
| तवा डैम, नर्मदापुरम | 355.4 | 342.1 | 13.30 |

**नोट : आंकड़े मीटर में**

# एमपी की राजनीति में पैगासेस की एंट्री

### कांग्रेस नेताओं को आंशका, सरकार कर रही फोन टैप

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस के नेताओ ने मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का मोबाइल हैक होने की शिकायत साइबर सेल में की। इसके बाद दोपहर करीब ढाई बजे नर्सिंग घोटाला मामले में मंत्री विश्वास सारंग के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने टीटी नगर थाने पहुंचे। दोनों ही जगह उन्होंने शिकायती आवेदन देकर जल्द एफआईआर करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार सायबर सेल पहुंचे कॉग्रेस नेता मुकेश नायक अन्य नेताओ के साथ सायबर सेल शिकायती आवेदन देने पहुंचे थे। उनका आरोप हे कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का मोबाइल हैक हो गया है। पार्टी नेता का कहना है की पेगासस सॉफ्टवेयर की मदद से इस काम को अंजाम दिया गया है। इसके लिये एप्पल कंपनी ने जीतू पटवारी को ई-मेल भेजकर फोन टैपिंग की जानकारी दी है। ई-मेल 3 दिन पहले आया था। उन्होंने पार्टी आलाकमान को सूचना दी। इसके बाद कांग्रेस नेतृत्व के कहने पर अब साइबर सेल में शिकायत की गई है। इसके बाद दोपहर करीब ढाई बजे कांग्रेस नेता टीटीनगर थाने पहुंचे। यहां नर्सिंग घोटाला मामले में मंत्री विश्वास सारंग के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। यहॉ मौजूद पुलिस अफसरो ने जांच के बाद कार्यवाही किये जाने की बात कहते हुए आवेदन ले लिया। पीसीसी चीफ पटवारी ने कहा, नर्सिंग घोटाला मामले में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पर्याप्त सबूत सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को दिए। तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने ही नियम बदले। इसी के आधार पर भ्रष्टाचार किया गया। उन्होने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि हमने पुलिस से इसकी जांच करते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। पुलिस ने 14 दिन का समय मांगा है। यदि उचित कार्यवाही नहीं हुई तो हम 18 तारीख को फिर प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान जीतू पटवारी जी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघा, उप नेता हेमंत कटार, कांग्रेस विधायक आरिफ़ मसूद सहित कांग्रेस के अन्य विधायक सहित अन्य नेता मौजूद रहे।



# चहेते को ठेका देने में टेंडर के नियम बदल डाले

### - कॉलेजों में लैब उपकरण खरीदी में की गड़बड़ी

भोपाल । मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग में चहेते को ठेका देने के लिए अधिकारियों ने टेंडर की शर्तों में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। 17 करोड़ के टेंडर में कॉलेजों में लैब के उपकरण खरीदी का काम होना है। अब इस मामले में कांग्रेस विधायक और उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को शिकायत की है। वहीं, विभाग के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता ने मामले की जांच के लिए आयुक्त को निर्देश दिए हैं। मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग में केंद्र सरकार की योजना राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के तहत कॉलेजों में लैब के उपकरण खरीदी के लिए इसी साल जनवरी 2024 में टेंडर जारी किए, इसको बाद में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते रोक दिया गया। इसके बाद आचार संहिता समाप्त होने के बाद 21 दिनों की जगह 14 दिन के लिए टेंडर प्रक्रिया में आवेदन करने का समय दिया गया। फिर इसे 10 दिन में ही खोल दिया गया। यह स्टेट पर्चेस रूल का सीधा उल्लंघन है। आरोप है कि टेंडर प्रक्रिया में कम समय कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए दिया गया। टेंडर की प्रक्रिया को पोर्टल पर भी अपडेट नहीं किया गया। खास बात तो यह है कि पोर्टल पर जब टेंडर प्रक्रिया में दिख रहा है, उसके पहले ही डेमोंस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। इससे साफ है कि टेंडर में भाग लेने वाले लोगों से प्रक्रिया को छिपाया जा रहा है। वहीं, डेमोंस्ट्रेशन के लिए भी एक दिन का समय देने का आरोप है, ताकि दूसरे राज्यों से भाग लेने वाले डेमोंस्ट्रेशन में शामिल ही नहीं हो सकें।

# फिर उपचुनाव की तैयारी

### - दो सीटों बुधनी और विजयपुर में होंगे चुनाव, टिकट को लेकर पीसीसी में मंथन

भोपाल। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा में उपचुनाव के बाद फिर दो विधानसभा में उपचुनाव होंगे। इनमें बुधनी और विजयपुर विधानसभा शामिल है। उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की ओर से तैयारी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में दावेदारों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मंथन शुरू हो गया है। बुधनी विधानसभा से कांग्रेस की ओर से महेश राजपूत, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, विक्रम मतसाल के नाम चर्चा में है। वहीं विजयपुर विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ चुके मुकेश मल्होत्रा, बृजराज रीछी, सलबगढ़ से विधायक रहे बैजनाथ कुशवाहा के नाम चर्चा में है। जुलाई अंत तक उपचुनाव की घोषणा हो सकती है। विजयपुर में प्रत्याशी चयन का जिम्मा पूर्व मंत्री डॉक्टर गोविंद सिंह, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह समेत अन्य नेताओं को दी गयी है, वहीं बुधनी में जयवर्धन सिंह और शैलेन्द्र पटेल को जिम्मा सौंपा गया है। भाजपा की ओर से विजयपुर से कैबिनेट मंत्री की शपथ ले चुके रामनिवास रावत का चुनाव लडना् तय माना जा रहा है। वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की बुधनी सीट पर अभी मंथन जारी है।

# कर्मचारी आयोग का कार्यकाल 1 साल के लिए बढ़ा

### - 5 लाख सरकारी कर्मचारियों पर गिरी गाज

भोपाल। मध्य प्रदेश का सरकार ने कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए कर्मचारी आयोग का गठन किया था। इस आयोग ने अपनी रिपोर्ट पेश कर दी थी। विधानसभा में इसे स्वीकार भी कर लिया गया। 5 लाख कर्मचारियों को आशा थी। जल्द ही इसका लाभ कर्मचारियों को मिलेगा। रिपोर्ट पेश हो जाने के बाद यह पहला मामला है। जीपी सिंघल की अध्यक्षता में बने आयोग का कार्यकाल 24 दिसंबर 2024 तक बढ़ा दिया गया है। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने आयोग की रिपोर्ट मिल जाने की बात स्वीकार की थी। उन्होंने कहा था, उसका परीक्षण किया जा रहा है। जल्द ही आयोग की अनुशंसा लागू होंगी। रिपोर्ट में प्रत्येक संवर्ग के लिए वेतन अनुसंसा की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार लगभग 5 लाख कर्मचारियों को इसका फायदा मिलना था।

सरकार के सूत्रों का कहना है, आयोग ने जो रिपोर्ट सौंप थी। उसमें कुछ विसंगतियां हैं। उनको ठीक करने के लिए आयोग का कार्यकाल बढ़ाया गया है। आयोग ने अभी जो रिपोर्ट सोंपी थी। उसके अनुसार कर्मचारियों को 12000 से 60000 रूपये तक का फायदा होने की उम्मीद थी।

# अब स्कूल बसें होंगी और ज्यादा सेफ

### - स्कूल बसों में फायर अलार्म एंड प्रोटेक्शन सिस्टम डिवाइस जरूरी
### - छत पर लगेगा वाटर टैंक... आग लगते ही चालू हो जाएंगे फव्वारे

भोपाल। मप्र में परिवहन विभाग अब उन्हीं स्कूल बसों का पंजीयन करेगा, जब उसमें फायर अलार्म एंड प्रोटेक्शन सिस्टम डिवाइस लगी होगी। इसमें बसों की छतों पर एक वाटर टैंक बना होगा। अगर बस में आग लगती है, तो डिवाइस एक्टिव हो जाएगा। इसके बाद बस की छत पर लगे फव्वारे चालू होकर आग बुझाएंगे।




गौरतलब है कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रशासन लगातार प्रयास करता रहता है। स्कूलों के लिए खरीदी नई बसों का परिवहन विभाग में पंजीयन तभी किया जा रहा है जब उसमें फायर अलार्म एंड प्रोटेक्शन सिस्टम (एफएपीएस) डिवाइस लगी हो। बसों में आग लगने पर इस डिवाइस के कारण सीटों पर पानी का फव्वारा शुरू हो जाएगा और आग पर तत्काल काबू पा सकेंगे। एफएपीएस डिवाइस फायर अलार्म एंड प्रोटेक्शन सिस्टम है। इसमें बस की छत पर वाटर टैंक बनाना होता है। इसके साथ नाइट्रोजन सिलिंडर भी लगाया जाता है। बस के अंदरुनी हिस्से यानी सीटों के ऊपर पाइप लाइन डालकर उसमें स्प्रिंकलर लगाने होते हैं। बस में आगजनी की घटना होने पर यह नाइट्रोजन और पानी को पाइप लाइन में पहुंचाता है और स्प्रिंकलर के माध्यम से तेजी से सीटों पर आता है, जिससे त्वरित गति से आग पर नियंत्रण पा सकते हैं।

# अब अगस्त से ग्रामीणों से होगा टैक्स कलेक्शन

## चुनाव खत्म...राहत भी होगी खत्म

भोपाल। शहरों की तरह गांवों में संपत्ति, जल और स्वच्छता कर एक बार फिर से वसूला जाएगा। दरअसल, विधानसभा चुनाव को देखते हुए इसे बंद कर दिया गया था। लेकिन अब चुनाव खत्म हो गए हैं इसलिए एक अगस्त से एक बार फिर से गांवों में संपत्ति, जल और स्वच्छता कर वसूले जाएंगे। सीईओ जिला पंचायत ऋतुराज सिंह का कहना है कि पंचायतों में स्वच्छता, जल और संपत्ति कर वसूलने की शुरूआत फिर की जा रही है। टैक्स सखियों के द्वारा कर कलेक्शन किया जाएगा। इससे पंचायतों में विकास कार्या को गति मिलेगी। साथ ही कर वसूली की जिम्मेदारी एक बार फिर टैक्स सखी को दी जाएगी।




गौरतलब है कि पंचायतों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और विकास कार्यों को गति देने के लिए भोपाल की पंचायतों में टैक्स कलेक्शन की शुरूआत वर्ष 2022 में की गई थी। ठीक विधानसभा चुनाव से पहले टैक्स कलेक्शन पर रोक लगा दी गई थी। तब तक 222 पंचायतों से करीब ढाई करोड़ रुपए कर के रूप में वसूले गए थे। अब शहर की तर्ज पर पंचायतों में संपत्ति, जल और स्वच्छता कर वसूलने की तैयारी एक बार फिर शुरू कर दी गई है। इसे भोपाल जिले की 222 पंचायतों में एक अगस्त लागू से कर दिया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में कर वसूली का कार्य टैक्स सखी द्वारा किया जाएगा।

### ढाई करोड़ वसूले गए थे टैक्स

दरअसल, करीब दो साल पहले पंचायतों में संपत्ति, जल और स्वच्छता कर लेने की शुरूआत की गई थी। ठीक विधानसभा चुनाव से पहले टैक्स कलेक्शन पर रोक लगा दी गई थी। तब तक 222 पंचायतों से करीब ढाई करोड़ रुपए कर के रूप में वसूले गए थे। दरअसल, विकास कार्यों के लिए खुद का फंड नहीं होने के कारण पंचायतें विकास कार्यों के लिए दूसरी निधियों के भरोसे रहती है। ऐसे में पंचायतों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और विकास कार्यों को गति देने के लिए भोपाल की पंचायतों में टैक्स कलेक्शन की शुरूआत वर्ष 2022 में की गई थी। इसके पीछे अफसरों की सोच थी कि गांव में प्रॉपर्टी टैक्स का कलेक्शन होने से पंचायत का खुद का फंड होगा। इससे वो विकास के काम कर सकेगी। इस टैक्स से स्ट्रीट लाइट, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, सीवेज, सडक़ सहित अन्य विकास कार्य हो सकेंगे। पंचायतों में प्रॉपर्टी रुपए, स्वच्छता कर 50 रुपए, व्यवसायिक कर सलाना 1400 रुपए और जलकर के लिए 60 से 100 रुपए हर महीने चार्ज किया जाता है।

### टैक्स कलेक्शन की जिम्मेदारी सखी को

जब यह योजना शुरू की गई थी, तब भोपाल जिले में 187 ग्राम पंचायत थी। वर्तमान में यह संख्या बढकर 222 पहुंच गई है। हालांकि 187 पंचायतों से ही तोडक़र नई पंचायतों का गठन किया गया है। इनमें 614 गांव आते हैं। जिला प्रशासन ने इन गांवों में टैक्स कलेक्शन की जिम्मेदारी महिला स्व सहायता समूहों को दी हुई है। जिसमें एक पंचायत में दो महिलाएं टैक्स कलेक्शन का जिम्मा संभालती हैं। इन्हें टैक्स सखी नाम दिया गया है। ये महिलाएं गांवों से प्रॉपर्टी टैक्स, स्वच्छता कर, कमर्शियल टैक्स और जल कर वसूलने का कार्य फिर करेंगी। जनपद पंचायत फंदा की 77 पंचायतों में 4434 लोगों को संपत्ति कर के दायरे में रखा गया है। इनसे 81 लाख 30 रुपए की वसूली की जानी है। टैक्स कलेक्शन पर रोक लगने तक करीब 65 लाख रुपए की वसूली टैक्स सखी के द्वारा की गई थी। जनपद पंचायत बैरसिया की 110 पंचायतों में 7203 लोगों को संपत्ति कर के दायरे में रखा गया है। इनसे 47 लाख 19 हजार 748 रुपए की वसूली की जानी थी। टैक्स कलेक्शन पर रोक लगने तक करीब 35 लाख रुपए की वसूली की जा चुकी थी। इसी तरह जनपद पंचायत फंदा में करीब 25 लाख रुपए और बैरसिया जनपद में 11 लाख रुपए जल कर का वसूला गया था।

# कलेक्टरों की होगी रैकिंग, खराफ परफार्मेंस वाले हटेंगे

भोपाल। प्रदेश में एक बार फिर राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए 18 जुलाई से 31 अगस्त तक महाअभियान शुरू होने जा रहा है। अभियान की तैयारियों की संबंध में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने निवास पर अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें कलेक्टरों को भी वीडिया कॉफ्रेंस के जरिए जोड़ा गया। मुख्यमंत्री ने ज्यादा संख्या में लंबित प्रकरणों वाले जिलों के कलेक्टरों से कारण पूछा तो उन्होंने अभी ज्वाइन करने की वजह बताई। जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नाराजी वाले अंदाज में कहा कि ऐसा नहीं चलेगा। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को कलेक्टरों की रैकिंग करने के निर्देश दिए। अब राजस्व महाअभियान के दौरान कलेक्टरों की रैकिंग होगी। खराब परफार्मेंस वाले कलेक्टरों पर तबादले की गाज गिर सकती है। बताया गया कि मुख्यमंत्री ने 4 कलेक्टरों से प्रकरणों के लंबित होने की वजह पूछी। जिनमें भोपाल कलेक्टर कौशलेंन्द्र सिंह ने अभी ज्वाइन करने का कारण बताया। इसी तरह सिंगरौली कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने भी यह वजह बताई। उमरिया के धरणेन्द्र जैन से कहा कि आपके जिले में काम नहीं हो रहा है। ऐसा नहीं चलेगा। मुरैना कलेक्टर अंकित अस्थाना से भी राजस्व प्रकरणों में देरी का कारण पूछा तो उन्होंने न्यायायल में लंबित होना बताया। जिससे मुख्यमंत्री संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने मुख्य सचिव से कहा कि कलेक्टरों की रैकिंग कराओ और काम नहीं करने वालों को हटाया जाए।

# 31 अगस्त तक चलेगा राजस्व प्रकरणों के निराकरण का अभियान

भोपाल। अभी 18 जुलाई से शुरू होकर 45 दिन का राजस्व महाअभियान 31 अगस्त तक भोपाल सहित प्रदेशभर में शुरू किया जा रहा है, जिसको लेकर मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंस भी ली, जिसमें राजस्व मंत्री के अलावा मुख्य सचिव और सभी संभागायुक्त, कलेक्टर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कलेक्टर इस मामले में मॉनिटरिंग के साथ-साथ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी करें। लम्बित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के अलावा इस अभियान में अभिलेखों में हुई त्रुटियों को भी ठीक किया जाएगा। डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण भी इसी के साथ 1 अगस्त से 15 सितम्बर तक चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछले राजस्व महाअभियान की सफलता को देखते हुए अब दूसरा अभियान 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाने के निर्देश दिए हैं। अभियान के दौरान सभी संभाग आयुक्त और कलेक्टर अपने क्षेत्रों का निरंतर निरीक्षण करेंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालय में समय सीमा पर लंबित प्रकरणों का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान योजना सभी पात्र किसानों को लाभ देना, समग्र का आधार ई-केवाईसी और खसरे की समग्र/ आधार से लिंकिंग एवं फार्मर रजिस्ट्री का क्रियान्वन है। डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण एक अगस्त से 15 सितम्बर तक होगा।

# स्टेट जीएसटी सुस्त...कार्रवाई हुई पस्त

**भोपाल। स्टेट जीएसटी, एक ऐसा विभाग जब इनके अफसरों का मन आए तब सक्रिय वैसे कोई मतलब नहीं। स्टेट जीएसटी में मुख्यालय से पावर दिए जाने के सिस्टम के बाद एक तरह से पूरा विभाग की सुस्त हो गया है। शिकायतें मिलें तो मिलतीं रहें लेकिन मैदानी अमले को कोई पावर ही नहीं है। इसका सबसे ज्यादा फायदा कच्चे में काम करने वाले कारोबारी उठा रहे हैं। एक ई-वे बिल पर चार-चार चक्कर गाडिय़ां लगा रहीं हैं।**

खास बात यह कि स्टेट जीएसटी के अमले को पता सब होता है कि कहां क्या चल रहा है लेकिन सब चुप बैठे रहते हैं। इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होते हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। स्टेट जीएसटी के नए आयुक्त की ज्वाइनिंग अभी तक नहीं हुई है, यह भी एक कारण है कि अफसर होल्ड मोड में हैं। नए आयुक्त आएंगे तो नई गाडइलाइन से काम होने की संभावना जताई जा रही है। बता में ग्वालियर में सिटी सेंटर में कलेक्ट्रेट के पीछे स्टेट जीएसटी का कार्यालय है। यहां दो सर्किल के अलावा एंटी इवेजन ब्यूरा काम करता है। एंटी इवेजन ब्यूरो के मुखिया धूम सिंह चौहान हैं। सर्किल हो या एंटी इवेजन अफसरों की कोई कमी नहीं है। पिछले दिनों स्टेट जीएसटी के आयुक्त का शासन ने स्थानांतरण कर दिया था और इसके बाद आयुक्त के रूप में कमान एस धनराजू को सौंपी है। उनके ट्रेनिंग पर होने के कारण दूसरे अधिकारी के पास चार्ज है। नए आयुक्त के ज्वाइन न होने के कारण अधिकारी हो या मैदानी अफसर सभी होल्ड मोड पर हैं। मुख्यालय से भी अधिकारियों को पावर नहीं दी जा रही है क्योंकि अभी नए आयुक्त के आने का इंतजार है।

### जीएसटी की बड़ी चोरी, रोकेगा कौन

हाइवे हो या शहर स्टेट जीएसटी की टीम कहीं भी एक्टिव नहीं है इसके अलावा काफी वक्त से कोई बड़ी कार्रवाई भी नहीं हुई है। पर्दे के पीछे की कहानी यह कि इसका सीधा फायदा उन कारोबारियों को दिया जा रहा है जो दूसरे राज्यों व शहरों से कच्चे में माल ला रहे हैं। यह पूरा कारोबार सुनियोजित ढंग से हो रहा है।

### एक ई-वे बिल से चार चार चक्कर लगा रहे

एक ई-वे बिल से तीन से चार चार चक्कर लगाए जा रहे हैं। हाइवे पर कोई जांच न होने के कारण बड़े ट्रांसपोर्टर इसका सबसे ज्यादा फायदा उठा रहे हैं, कच्चे का काम करने वाले कारोबारियों से लेकर ट्रांसपोर्टरों को यह पता है कि कोई जांच नहीं होगी और पर्दे के पीछे सांठगांठ का खेल व मुखबिर तंत्र भी सक्रिय रहता है। इससे शासन को बड़ी जीएसटी चोरी हो रही है। सबसे ज्यादा ऐसे माल लोहा,पान मसाला, स्क्रैप पर एक बिल में कई चक्कर लगाए जा रहे हैं। इसमें बाहुबली ट्रांसपोर्टर से लेकर माननीयों के नजदीकी भी शामिल हैं।

### मंत्रियों को मिलने लगा पिछली सरकारों के मंत्रियों का स्टाफ

भोपाल (ईएमएस)। मोहन सरकार के मंत्री पिछले सरकारों में मंत्रियों के स्टाफ में काम कर चुके अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने स्टाफ में पदस्थ करवाने में कामयाब होते दिख रहे हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग (पीएचई) की मंत्री संपत्तिया उइके के विशेष सहायक के लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने दो दिन पहले उच्च शिक्षा आयुक्त कार्यालय में पदस्थ भूगोल के प्राध्यापक डॉ विजय सिंह का आदेश जारी कर दिए है। विजय सिंह पिछली सरकार में खनिज मंत्री वृजेन्द्र प्रताप सिंह के विशेष सहायक थे। इस आदेश के साथ ही अन्य मंत्रियों को भी पुराना स्टाफ के आदेश होने की उम्मीद बढ़ गई है।

अभी तक मोहन सरकार के ज्यादातर मंत्रियों के स्टाफ में पुराने मंत्रियों के साथ काम चुका स्टाफ बिना आदेश के काम कर रहे थे। यह प्रक्रिया पिछले 6 महीने से जारी है। हालांकि दोनों उपमुख्ययंत्रियों के स्टाफ में भी पुराना स्टाफ ही काम कर रहा है। देवड़ा के यहां पदस्थ ओएसडी के आदेश भी नहीं हुए हैं। मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों से नया स्टाफ रखने के लिए कहा था, लेकिन मंत्री अपनी पसंद का स्टाफ रखने की जिद पर अड़े रहे।

सारंग और कंषाना को मिले ओएसडी

खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग और कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना के स्टाफ में भी विशेष सहायकों की नियुक्ति हो गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार गुलाब सिंह बघेल प्रभारी डिप्टी कलेक्टर राजगढ़ को कंसाना का विशेष सहायक और देवेन्द्र चौधरी प्रभारी डिप्टी कलेक्टर छतरपुर को खेल मंत्री विश्वास सारंग का ओएसडी बनाया है। हालांकि पिछले महीने शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह अपने विशेष सहायक आशीष पांडेय की सेवाएं लौटा चुके हैं।

विनोद / 16 जुलाई 24

निराशाजनक प्रदर्शनः डी गुकेश 14 अंकों के साथ 7वें स्थान पर रहे

# शतरंजः रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में फैबियानो कारुआना बने चैंपियन



कारुआना ने 27 अंकों के साथ मैगनस कार्लसन के रिकॉर्ड की बराबरी की

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूनार्मेंट में प्रभावित नहीं कर सके, जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना ने उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता। गुकेश ने इस टूनार्मेंट में 14 अंक बनाए और सातवें स्थान पर रहे। गुकेश अलावा इसमे हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय विदित गुजराती 11 अंकों के साथ नौवें स्थान पर रहे।

रूस के इयान नेपोमनियाचची 18.5 अंकों के साथ पांचवें जबकि अमेरिका के लेवोन आरोनियन 17 अंक बनाकर छठे स्थान पर रहे। अनीश गिरी 13.5 अंकों के साथ 8वें स्थान रहे। क्रोएशिया के इवान सारिक ने 10 अंक बनाए और वह 10वें और अंतिम स्थान पर रहे। कारुआना ने यहां सुपरवेट क्लासिक में जीत दर्ज करने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने 27 अंक बनाकर नॉर्वे के विश्व में नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया, जिसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि दूसरे नंबर पर काबिज फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और मैक्सिम वचियर लाग्रेव तथा अमेरिका के वेस्ली सो उनसे चार अंक पीछे रहे।

## 45वें शतरंज ओलंपियाड के लिए भारतीय टीम में चुने गए गुकेश और प्रज्ञानंद



डी. गुकेश और आर. प्रज्ञानंद को भारतीय नाम में शामिल किया गया है। दोनों सितंबर में हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित होने वाले 45वें शतरंज ओलंपियाड में भाग लेंगे। गुकेश इस प्रतियोगिता के जरिए अपनी तैयारियों को मजबूती देंगे। दरअसल, नवंबर में वह विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन के गत विश्व चैंपियन डिंग लीरेन को चुनौती देंगे। 18 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अप्रैल में टोरंटो में प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स प्रतियोगिता जीती थी और विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में भाग लेने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। एआईसीएफ अध्यक्ष नितिन नारंग ने पीटीआई को टीमों की पुष्टि करते हुए बताया कि टीम में अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती और हरिकृष्ण पेंटाला को भी शामिल किया गया है। महिला टीम में हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव शामिल हैं। इस टीम में ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी को नहीं मौका मिला है।

## युवराज, हरभजन और गुरकीरत और रैना पर विकलांग लोगों का मजाक उड़ाने के आरोप

एनसीपीईडीपी ने पुलिस में दर्ज करायी शिकायत







नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटरों हरभजन सिंह, सुरेश रैना, युवराज सिंह और गुरकीरत मान पर विकलांग लोगों का मजाक उड़ाने के आरोप लगाते हुए एक शिकायत पुलिस में दर्ज करायी गयी है। ये शिकायत नेशनल सेंटर फॉर प्रमोशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट फॉर डिसेबल्ड पीपल (एनसीपीईडीपी) के कार्यकारी निदेशक अरमान अली ने पुलिस स्टेशन में दी। इन क्रिकेटरों के अलावा मेटा इंडिया की उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संध्या देवनाथन के खिलाफ भी शिकायत की गई है।

विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स फाइनल में इंडिया चैंपियंस की पाकिस्तान चैंपियंस पर जीत के बाद इन पूर्व क्रिकेटरों ने इंस्टाग्राम पर एक डांस वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में युवराज , हरभजन और रैना लंगड़ाते और अपनी पीठ पकड़कर मैच के दौरान अपने शरीर पर पड़ने वाले शारीरिक प्रभाव को दिखाते नजर आ रहे हैं। साथ ही लिखा था कि पिछले 15 दिनों के टूर्नामेंट में शरीर की तौबा तौबा हो गई और हर हिस्सा दर्द में है। साथ ही कहा का कि ऐसा लगा जैसे विकी कौशल से हमारा मुकाबला हो। अब इसी वीडियो पर विकलांग कार्यकर्ताओं ने आपत्ति जतायी है। उन्होंने इसे पूरी तरह से अपमानजनक बताया है। अरमान ने शिकायत में कहा कि यह विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम का भी उल्लंघन करता है। उन्होंने अधिकारियों से इसमें शामिल व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल जरुरी कार्रवाई करने का आग्रह किया और सार्वजनिक हस्तियों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराने की आवश्यकता पर जोर दिया। शिकायत दर्ज कराने के बाद अली ने कहा कि इन क्रिकेटरों की ओर से साधारण माफी से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि उन्हें उनके कृत्य के लिए दंडित किया जाना चाहिए।


वहीं इसको लेकर हरभजन ने माफी मांगते हुए लिखा, हम किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाना चाहते थे। हम हर व्यक्ति और समुदाय का सम्मान करते हैं और यह वीडियो 15 दिनों तक क्रिकेट खेलने के बाद हमारे शरीर को प्रतिबिंबित करने के लिए था। हम किसी का अपमान या अपमान करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं अगर फिर भी किसी को ऐसा लगे तो हम माफी चाहते हैं।

## फिटनेस टेस्ट में असफल रहे मेसी

ब्यूनस आयर्स । अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान लियोनन मेसी फिटनेस टेस्ट में फेल हो गये हैं। ऐसे में उनके छठे विश्वकप में खेलने पर आशंकाएं लग गयी हैं। मेसी को कोपा अमेरिका के फाइनल मुकाबले में चोट लग गयी थी जिसके बाद वह खेल से बाहर हो गये थे। खिताबी मुकाबले में उनकी टीम जीती पर वह पैर में सूजन के कारण काफी परेशान दिखे। मेसी को चोटिल होने के कारण ही पिछले साल इंटर मियामी और अर्जेंटीना के खिलाफ हुए काफी मैचों से बाहर रहना पड़ा था। कोपा अमेरिका में भी उन्हें कई ग्रुप मैचों से उन्हें बाहर रहना पड़ा था। इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में वह पेनल्टी को गोल में

## मसूद को तीनों प्रारुपों में कप्तान बनायें - सलमान बट

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर सलमान बट ने कहा है कि शान मसूद को टेस्ट के साथ ही सीमित ओवरों के मैचों की कप्तानी भी दे देनी चाहिये। अभी बाबर आजम एकदिवसीय और टी20 टीम के कप्तान हैं। बट ने कहा है कि जिस प्रकार से टीम का प्रदर्शन एकदिवसीय विश्वकप में खराब रहा है। उसके बाद टीम की कप्तानी में बदलाव जरुरी है। बट ने कप्तानी के लिए शाहीन शाह अफरीदी, विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और पूर्व टी20 उप-कप्तान शादाब खान का नाम नहीं लेते हुए मसूद को ही बेहतर विकल्प बताया है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि वर्तमान टीम को आगे ले जोन में पूरी तरह से असफल रहा है।



बट ने कहा, कुछ ऐसा है जिसके कारण कौशल होने के बाद भी खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। कोई ऐसा है जिसके पास योजना बनाने की कोई रणनीति नहीं है। इसलिए मेरा मानना है कि मसूद को कप्तान बनाया जाना चाहिये। मसूद को बाबर आजम के 2023 एकदिवसीय विश्व कप में टीम के जल्दी बाहर होने के बाद टेस्ट का कप्तान बनाया गया था।

शान काउंटी चैंपियनशिप में यॉर्कशायर और पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में कराची किंग्स के कप्तान भी हैं। बाबर ने एकदिवसीय विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद सभी प्रारूपों में पाकिस्तान की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद शाहीन अफरीदी ने कुछ समय के लिए टी20आई टीम की कप्तानी की पर न्यूजीलैंड में सीरीज हारने के बाद उन्हें हटा दिया गया। मोहसिन नकवी ने पीसीबी अध्यक्ष बनने के बाद बाबर को फिर से सीमित ओवरों के प्रारुप में कप्तान बनाया था पर टी20 विश्वकप में टीम के खराब पदर्शन के बाद उनकी कप्तानी पर सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में बाबर को कप्तानी से हटाने की मांग हो रही है।

## ऑस्ट्रिया ने दो ओवरों में 61 रन बनाकर रोमानिया को हराया

बुखारेस्ट। क्रिकेट में मैच कभी भी पलट सकता है। ऑस्ट्रिया और रोमानिया के बीच खेले गए एक मैच में ये एक बार फिर साबित हुआ है। इस मैच में ऑस्ट्रिया की क्रिकेट टीम को आखिरी दो ओवरों में जीत के लिए 61 रनों की कठिन चुनौती मिली थी पर उसने ये आंकड़ा एक गेंद पहले ही हासिल कर लिया। इस मैच में एक ओवर में ही 41 रन बन गये।

मैच के अंतिम दो ओवरों में ऑस्ट्रिया ने जिस प्रकार 61 रन बनाये उससे सभी हैरत में पड़ गये। इस 10-10 ओवर के इस मैच में अंत तक मेजबान रोमानियाई टीम हावी थी। ऑस्ट्रिया ने रोमानिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। रोमानियाई विकेटकीपर अरियान मोहम्मद के शानदार प्रदर्शन के बाद ऑस्ट्रिया ने 10 ओवरों में 168 रनों बना दिये।। अरियान ने 104 रन बनाये जबकि सलामी बल्लेबाज मोहम्मद मोइज ने 42 रन बनाये।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रिया ने 8 ओवरों में ही 3 विकेट पर 107 रन बना लिए थे और वह हा के करीब जा रही थी पर आकिब इकबाल ने अपनी टीम के पक्ष में कर दिया। इमरान आसिफ और आकिब इकबाल ने जमकर रन बटोरे। कप्तान इकबाल ने 19 गेंदों पर नाबाद 72 रन बना दिये जबकि इमरान आसिफ ने 22 रन नाबाद बनाए। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज करणीर सिंह ने 30 रन बनाये।



## बायजू को झटका, बीसीसीआई की अपील पर एनसीएलटी ने दिवालिया प्रक्रिया शुरू की

### कंपनी की संपत्तियों को बेचकर कर्ज लौटाया जाएगा

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीसी) की प्रयोजक रही एडुटेक कंपनी बायजू अब दिवालिया हो गयी है। ऐसे में रा?ट्रीय कंपनी लॉ ट्रिब?यूनल (एनसीएलटी) ने कंपनी के वर्तमान प्रबंधन को भंग करते हुए ही दिवालिया समाधान प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर कंपनी ने अब भी बीसीसीआई के साथ अपने विवाद को अदालत के बाहर सुलझाने का अवसर देने की अपील की है।

कंपनी के प्रवक ?ता का कहना है कि हम बीसीसीआई के सहयोग से 'आउट ऑफ कोर्ट' सेटलमेंट का प्रयास कर रहे हैं। वहीं बीसीसीआई ने 8 सितंबर, 2023 को एक याचिका दायर कर बायजू के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू करने की अपील की थी। तब बीसीसीआई ने कहा था कि कंपनी ने उसका 158 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया है। इसी याचिका को स?वीकार करते हुए एनसीएलटी ने कहा कि कंपनी के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू नहीं किये जाने का कोई आधार नहीं बनता है। करने का कोई ग्राउंड दिखाई नहीं देता है.

इसी के तहत ही एनसीएलटी ने बायजू की पैरेंट कंपनी थिंक एंड लर्न को बड़ा झटका देते हुए उसके खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू कर दी है। ट्रिब?यूनल ने वर्तमान प्रबंधन को भंग कर पंकज श्रीवास?तव को अंतरिम रिज?योलूशन पेशेवर बनाया है। साथ ही कंपनी के कर्जदाताओं को शीघ्र ही कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स बनाने को कहा है और तब तक इसकी कमान पंकज श्रीवास?तव के हाथ रहेगी। एनसीएलटी ने कहा है कि पंकज कमेटी बनने तक कंपनी को संभालेंगे। ट्रिब?यूनल ने बायजू के सभी मामलों को एकसाथ रखने और भी कर्जदाताओं की कमेटी बनाने का आदेश दिया है। इस आदेश के बाद कंपनी के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही शुरू हो जाएगी। अब कंपनी की संपत्तियों का मूल?य निर्धारित किया जाएगा और उसे बेचकर कर्जदाताओं को पैसे लौटाये जाएंगे।

एनसीएलटी ने साथ ही आदेश दिया कि दिवालिया प्रक्रिया पूरी होने तक बायजू अपनी किसी भी संपत्ति का कोई लेनदेन नहीं कर सकती है। कंपनी के प्रबंधन की कमान भी क्रेडिटर्स की कमेटी को सौंप दी जाएगी।

## क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के रोड शो में उमड़ी प्रशंसकों की भीड़

वडोदरा। टी-20 क्रिकेट वर्ल्डकप जीतकर वडोदरा पहुंचे भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के रोड शो में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। रोड शो के दौरान रेलिंग टूटने से एक युवती घायल हो गई। बेकाबू भीड़ की वजह से यह हादसा हुआ। रेलिंग पर खड़े सभी लोग रेलिंग सहित नीचे गिर गये। रेलिंग टूटने से युवती के पैर और कमर में गंभीर चोटें आईं। 108 एंबुलेंस के जरिए युवती को इलाज के लिए ले अस्पताल जाया गया।




टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद पहली बार सोमवार को अपने गृहनगर वडोदरा पहुंचे7 वडोदरा पहुंचने पर हार्दिक पंड्या का शानदार स्वागत के लिए रोड शो का आयोजन किया गया था7 रोड शो में हार्दिक पंड्या उनके भाई कृणाल पंड्या और मां नलिनी पंड्या के साथ खुली बस में देखा गया7 वडोदरा में रोड शो का नजारा देखकर लोगों को मुंबई की विजय रैली की याद आ गई7 हार्दिक पंड्या की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में वडोदरावासी उमड़ पड़े7 रोड शो के दौरान नवलखी सोनल पैनल के नीचे बेकाबू भीड़ के चलते रैलिंग टूट गई और एक युवती इस घटना में घायल हो गई7 घटना के बाद युवती को तुरंत एंबुलेंस 108 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया7 बता दें कि हार्दिक पंड्या और कृणाल पंड्या मूल रूप से वडोदरा के रहने वाले क्रिकेटर हैं और दोनों भाइयों का वडोदरा से प्रेम बहुत है। वे समय-समय पर वडोदरा आते रहते हैं।

## कोलंबिया फुटबॉल संघ के अध्यक्ष ओर उनका पुत्र गिरफ्तार

मियामी गार्डन्स। कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में दर्शकों की भीड़ को नियंत्रित करने के दौरान पुलिस ने जिन 17 लोगों को पकड़ा था उनमें कोलंबिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष रेमन जेसुरन और उनका पुत्र भी शामिल था। इस मामले को लेकर एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हार्ड रॉक स्टेडियम पर हुए फाइनल के दौरान दर्शकों ने हंगामा शुरु कर दिया जिसे रोकने के दौरान ही रेमन और उनके बेटे रेमन जमील जेसुरन को गिरफ्तार किया गया।

इन दोनों पर पुलिस से झगड़ा करने और एक अधिकारी पर हमले के आरोप हैं। इन दोनों ने ही एक सुरंग के रास्ते मैदान पर जाने के प्रयास किये और जब उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने रोकने के प्रयास किये तो उन्होंने हाथापाई शुरु कर दी। वहीं कोलंबिया फुटबॉल महासंघ ने इस पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। गौरतलब है कि रेमन साल 2015 से ही कोलंबिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष हैं औंर कोपा अमेरिका टूर्नामेंट कराने वाले दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल महासंघ के उपाध्यक्ष भी रहे हैं।

## गंभीर के मुख्य कोच बनने से भारतीय टीम और बेहतर होगी - स्टेन

जोहांसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा है कि गौतम गंभीर का मुख्य कोच बननाभारतीय क्रिकेट टीम के लिए फायदेमंद रहेगा। स्टेन के अनुसार गंभीर के आक्रामक रवैये से खिलाड़ी भी बेहतर प्रदर्शन को प्रेरित होंगे। स्टेन ने कहा, मैं गंभीर का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मुझे उनकी आक्रामकता बहुत पसंद है। वह उन कुछ भारतीयों में से एक हैं जिनके खिलाफ मैंने खेला है और जो आगे बढ़कर जवाबी हमला करते हैं, और मुझे यही रवैया पसंद है। मुझे लगता है कि वह विराट कोहली सहित अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम में इसी रवैये को लेकर जाएंगे।

उन्होंने कहा, भारत के अलावा विश्व क्रिकेट में हमें ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत है जो ज़्यादा आक्रामक हों और विरोधी टीम के लिए खेल को थोड़ा ज़्यादा कठिनल बनाये। हम सभी लीग में एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं, और हम काफी मिलनसार और दोस्त बन जाते हैं। मुझे यह पसंद है कि वह मैदान पर तो बहुत आक्रामक हैं पर मैदान के बाहर बेहद अच्छे व्यक्ति हैं। वह एक समझदार, बहुत ही चतुर क्रिकेटर हैं और उनके पास बहुत ही अच्छा क्रिकेट दिमाग है। इसलिए मुझे लगता है कि इस रवैये से वह कोच के तौर पर और भी सफल होंगे।

स्टेन के अलावा पूर्व क्रिकेटर जैक कालिस भी गंभीर की आक्रामक प्रकृति से प्रभावित हैं। कैलिस ने कहा, गंभीर को कोचिंग के क्षेत्र में आते देखना बहुत अच्छा है। उनके पास क्रिकेट के बारे में बहुत अच्छी समझ है। वह कुछ जोश भरेंगे और आक्रामक तरीके से खेलना पसंद करते हैं। मुझे लगता है कि वह खेल में कुछ नयापन लाएंगे और खिलाड़ी उनसे बहुत कुछ सीखेंगे। उनके पास जोड़ने के लिए बहुत कुछ है और वह भारतीय टीम में अहम योगदान देंगे। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं, हमारे खिलाफ ज्यादा नहीं, लेकिन मुझे

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए वॉर्नर की वापसी से इंकार किया

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर अब पूरी तरह से समाप्त हो गया है। वॉर्नर ने टी20 विश्वकप के बाद इस प्रारुप को अलविदा कह दिया था लेकिन कहा था कि वह अगले साल होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी में खेलने के लिए वापसी कर सकते हैं पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने साफ कर दिया है कि अब वार्नर के नाम पर विचार नहीं किया जाएगा। इसी के साथ वॉर्नर को अंतिम बार खेलते हुए देखने की प्रशंसकों की उम्मीदें भी पूरी तरह से समाप्त हो गयी हैं। वॉर्नर के अंतर्राष्ट्रीय करियर की बात करें तो उन्होंने अब तक 112 टेस्ट मैच, 161 एकदिवसीय और 110 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने टेस्ट मैचों में 26 शतक और 44.56 की औसत के साथ 8786 रन बनाए हैं जबकि एकदिवसीय में उन्होंने 22 शतक के साथ 6932 रन बनाए हैं। वहीं टेस्ट क्रिकेट में उनका स्ट्राइक रेट 70.19 का रहा है। एकदिवसीय क्रिकेट में उन्होंने 97.26 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है। वॉर्नर ने एकदिवसीय में एक कैलेंडर ईयर में 7 शतक लगाए हैं। वॉर्नर के नाम साल 2019 में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 335 रनों की पारी खेली थी। ये टेस्ट मैच में किसी भी ओपनर द्वारा खेली गई 5वीं सबसे बड़ी पारी है।

## इयान चैपल ने एंडरसन को महान गेंदबाज बताया

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनकी कम पूरी करना टीम के लिए आसान नहीं होगा। इयान के अनुसार एंडरसन गेंद को स्विंग कराने में माहिर थे। उनके आंकड़े भी बेहद प्रभावशाली हैं। अपने दो दशक से लंबे करियर में एंडरसन ने 188 मैचों में 26.45 की औसत से 704 विकेट लिए। वह 700 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज हैं।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने कहा, एंडरसन ने सबसे महान स्विंग गेंदबाज के रूप में खेल को अलविदा कहा है। उनसे पहले भी कई शादार स्विंग गेंदबाज हुए हैं पर किसी ने भी उच्चतम स्तर पर इतने लंबे समय तक अपने कौशल का प्रदर्शन नहीं किया है। एंडरसन गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराने में महारथी थे। जहां अन्य अच्छे गेंदबाजों के हाथ के स्लॉट में बदलाव से बल्लेबाज को अंदाजा हो जाता था। वहीं एंडरसन बिना किसी पूर्व चेतावनी के गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराने में माहिर थे। उन्होंने कहा, इसने एंडरसन एक बेहद कठिन प्रतिद्वंद्वी साबित हुए हैं। ऐसे में इंग्लैंड को एंडरसन की कमी खलेगी। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में अपनी लंबी पारी को बनाए रखने के लिए एंडरसन ने कड़ी मेहनत की थी। चैपल ने एंडरसन की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी सख्त गेंदबाजी के बावजूद धैर्य बनाए रखा, जो उनके हिसाब से तेज गेंदबाज की सफलता का मंत्र था।

# सागर कुमार बिसने को मिला श्वाग्धारा सम्मान


वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। देश के लिए यह गर्व का विषय कि प्रसिद्द कार्टूनिस्ट सागर कुमार बिसेन को दिल्ली के हिंदी भवन में श्वाग्धारा सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार देश की प्रसिद्द व्यंग पत्रिका अट्टहास ३३ वें का प्रदान किया गया। यह सम्मान समारोह व्यंग पत्रिका अट्टहास और दिल्ली के माध्यम साहित्यिक संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में दिल्ली के हिंदी भवन में आयोजित हुआ था। समारोह में पद्मश्री अशोक चक्रधर माध्यम साहित्यिक संस्थान के चैयरमेन कप्तान सिंह अट्टहास के संपादक अनूप श्रीवास्तव और माध्यम साहित्यिक संस्थान के चैयरमेन रामकिशोर उपाध्याय ने सागर कुमार बिसेन को उनके २९ सालों से कार्टूनिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष ३२ वें अट्टहास सम्मान समारोह में सागर कुमार बिसेन को देश के प्रतिष्ठित अट्टहास सम्मान से नवाजा जा चूका है। यह वो




सम्मान है जिससे अशोक चक्रधर प्रेम जन्मेजय गिरीश पंकज जैसे अनेकों बड़े व्यंग साहित्यकार से सम्मानित हो चुके हैं। सागर कुमार बिसेन वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम सिर्रा के रहने वाले भापजा के वरिष्ठ नेता निरंजन बिसेन के छोटे भाई है जो देश के पहले ऐसे कार्टूनिस्ट है जिन्हे इन दोनों सम्मान से नवाजा जा चूका है। लगातार २९ सालों से देश ही नहीं विदेशों में भी सागर कुमार बिसेन के बनाये कार्टूनों की धूम रही है। इस बार ३३ वें अट्टहास सम्मान समारोह में प्रसिद्द कवित्री कीर्ति काले को वाणी सम्मान,राम किशोर उपाध्याय को हरीशंकर परसाई सम्मान,सुरेश कांत को अट्टहास शिखर सम्मान और अलंकार रस्तोगी को अट्टहास युवा सम्मान से सम्मानित किया गया। ३३ वें अट्टहास सम्मान समारोह में सम्मानित व्यंगकारों के कैरीकेचर की धूम रही जिन्हे सागर कुमार बिसेन को बनाया था। सागर कुमार को अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑल पेंसिलवानिया से कार्टून पर रिसर्च के लिए फुलब्राइट फेलोशिप भी मिल चुकी है। ब्राजील और साउथ में आयोजित माइक्रोसॉ इनोवेटिव फोरम में सागर कुमार ने देश का प्रतिनिधित्व किया था। इस ग्लोबल फोरम में १७८ देशो के प्रतियोगियों में टॉप १० में चयनित होकर पुरे देश को गौरान्वित किया था। इसी उपलब्धि के लिए वे दो बार राष्ट्रपति से राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके हैं। पत्रकारिता में गोल्डमेंडलिस्ट सागर कुमार लर्निंग के लिए कार्टून पर लंबे समय से काम कर रहे हैं। सागर कुमार बिसेन की इस इनोवेटिव एप्रोच को फिजिकल वर्क शॉप के द्वारा आई आई टी पटना,बिरला एजुकेशन ट्रस्ट पिलानी, एनसीइआरटी, उत्तर प्रदेश सरकार ,असम सरकार और जम्मू कश्मीर सरकार जैसे अनेको संस्थानों प्रदर्शित किया है।

# नकली डीएपी खाद मामले में चौथा आरोपी विनय बिसेन गिरफ्तार

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी पुलिस थाना के द्वारा १६ जुलाई को शासकीय डीएपी इफ को ब्रांड के नाम से अवैध एवं मानक खाद तैयार करने के आरोप में चौथे आरोपी विनय बिसेन को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ९ जुलाई २०२४ को थाना वारासिवनी पुलिस को ग्राम कोस्ते के ग्रामीणजन से सूचना प्राप्त हुई कि रत्नम खाद बालाजी फास्फेट्स प्रा.लि.देवास का सिंगल सुपर फास्फेट अमानक खाद को अवैध रूप से प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना डीएपी इफ को ब्रान्ड में पलटीकर दो गाडी खाद मुनेश चौहान के घर पर स्टोर किया गया है। सूचना पर कृषि विभाग को जानकारी दी गयी जो मौके पर कृषि विभाग की टीम निरीक्षक सह वरिष्ठ कृषि विकाश अधिकारी श्रीमति प्रतिभा टेंभरे एवं थाना वारासिवनी पुलिस के द्वारा जांच हेतु विधिवत संयुक्त छापा मार कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में अवैध ७२ बैग ५० किग्रा भर्ती मात्रा ३६ क्विंटल मौके पर अमाक खाद



जप्त किया गया। जांच उपरांत कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालाघाट का प्रतिवेदन दिनांक १० जुलाई २०२४ का पत्र प्रथम सूचना हेतु थाना वारासिवनी में प्राप्त होने पर आरोपी मुनेश चौहान ग्राम कोस्ते, दीक्षांत जैतवार संचालक सिद्धी विनायक कृषि केन्द्र वारासिवनी ,अजित रमेश बालाजी फास्फेट प्रा.लि.देवास के विरूध भारतीय न्याय संहिता २०२३ की धारा ३१८/४ ,३ ५ आवश्यक वस्तु अधिनियम १९५५ की धारा ३ ,७ के तहत पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष पेश कर रिमांड पर लिया गया था। जिनसे गहन पूछताछ के बाद मामले में चौथे आरोपी आगासी निवासी विनय पिता ओमप्रकाश बिसेन उम्र ३३ वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जिसमें चारों से पूछताछ करने के उपरांत उन्हें १६ जुलाई को वारासिवनी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से

## नवविवाहिता की करंट लगने से हुई मौत

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम गर्रा-गुसाई की एक नवविवाहिता की करंट लगने से मौत हो गई. घटना मंगलवार की सुबह उस वक्त हुई जब महिला कूलर चालू कर रही थी. महिला के पिता ने सबसे पहले अपनी बेटी के शव को देखा. नवविवाहिता की मौत की सूचना मिलते ही तिरोड़ी पुलिस मौके पर पहुंची. जिसने शव बरामद किया और वरिष्ट पुलिस अधिकारियों को हादसे की सूचना दी. सूचना मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस माणक मणि कुमावत और तिरोड़ी तहसीलदार गीता राहंगडाले घटना स्थल पहुंची. इनकी मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई कर शव को पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाया गया और शव को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नवविवाहिता मनीषा पति अनिल धुर्वे उम्र 21 वर्ष की करंट लगने से मौत हुई है. बताया जा रहा है कि मनीषा गर्रा-गुसाई की ही रहने वाली थी और इसी गांव में रहने वाले अनिल धुर्वे से उसका विवाह हुआ था. यह घटना मनीषा के पिता के घर में घटित हुई है।

# तहसीलदार जांच कर अतिक्रमण हटायें

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे ने की। जनसुनवाई में 62 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों पर एडीएम श्री धुर्वे और जिपं सीईओ डीएस रणदा ने संयुक्त रूप से आवेदकों को सुना। अपर कलेक्टर श्री धुर्वे ने नगपुरा के सुखचंद सोनेवानी के आवेदन पर तुरंत तहसीलदार को फोन से कॉल कर अतिक्रमण नहीं हटाने की जानकारी ली। उन्होंने तहसीलदार से कहा कि पिछले 4 बार से आवेदक अतिक्रमण हटाने के लिए आ रहा है। जांच करे यदि शिकायत उचित है, तो अतिक्रमण हटाये और रिपोर्ट से अवगत भी कराएं। इसी तरह नगपुरा के ही एक किसान से सीमांकन के लिए आवेदन किया। जनसुनवाई में एसडीएम बालाघाट गोपाल सोनी ने आवेदन की फोटो लेकर पटवारी को व्हाट्सप्प के माध्यम से पोस्ट कर। कॉल पर जानकारी देते हुए तुरन्त मौके पर भेज कर सीमांकन करने के निर्देश दिए। साथ ही किसान



को भी पटवारी के साथ मौके पर जाने के निर्देश दिये।

### रेड क्रॉस से मिलेगी राशि

जनसुनवाई में वंदना पोरगड़े ने आवेदन कर हृदय रोग के उपचार के लिए आर्थिक सहायता के लिए आवेदन किया। अपर कलेक्टर श्री धुर्वे ने उपचार के लिए रेड क्रॉस से आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिये।

## वृक्षारोपण अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम

किरनापुर (पद्मेश न्यूज़)। 7 वी बटालयन, के0रि0पु0बल द्वारा किरनापुर थाना में एक संयुक्त अभियान के तहत अधिकारी कपिंग गिल (कमांडेन्ट), रविन्द्र कुमार (उप. कमांडेन्ट), किरनापुर थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह तथा सूबेदार मेजर पन्नालाल ठाकुर के अतिरिक्त वाहिनी एवं थाना के अन्य जवानों/कर्मचारियों द्वारा किरनापुर थाना परिसर तथा परिसर के आस-पास के स्थानों में दिनांक 16 जुलाई, 2024 को वृक्षारोपण अभियान 2024 के तहत एक पेड़ मां के नाम पर फलदार पौधे जैसे:- आग, पीपल, जागुन, सीताफल, नीम, अमरूद इत्यादि लगाए गए। कपिंग गिल (कमांडेन्ट) ने उपस्थित सभी जवानों / कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि अपने जीवनकाल में अधिक से अधिक पौधे लगाने का प्रयास करे साथ ही




अपने परिवार सदस्यों, रिश्तेदारों को भी इस पुण्य कार्य में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि जलवायु परिवर्तन की रोकथाम में अहम योगदान दे सके। श्री कपिंग गिल (कमांडेन्ट) ने बताया कि जितना महत्वूपर्ण पौधों को लगाना हैं उतना ही महत्त्वपूर्ण लगाये गये पौधों का देखभाल करना है ताकि हम अपने आने वाले पीढ़ी को स्वच्छ वातीवरण के तौर पर एक बेहतर भविष्य प्रदान कर सकें।

## जिले में अब तक 12 इंच के करीब पहुंची वर्षा

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की 11 तहसीलों में कुल औसत वर्षा 296.7 मिमी वर्षा हुई है। अगर इंच में बारिश देखें तो 1 जून से लेकर अब तक 12 इंच के करीब वर्षा पहुंच चुकी है। तहसीलवार बारिश की स्थिति जाने तो अब तक सबसे अधिक वर्षा बैहर तहसील में 15 इंच से अधिक यानी 394.8 मिमी हुई है।

# महिला श्रमिकों को दी सोशल मीडिया युग में दस्तावेजों के महत्व की जानकारी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। महिला केंद्रित मुद्दों पर जागरूकता और पहुँच बढाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने मिशन शक्ति के तहत संकल्प हब फॉर एमपावेरमेंट ऑफ वुमन कार्यक्रम की शुरुआत 21 जून से की है। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं पर आधारित विभिन्न नियमों, विषयों और आवश्यकताओं पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। यह कार्यक्रम विभिन्न वर्ग की महिलाओं के साथ होते है। मंगलवार को एक कार्यक्रम के बैहर के खुरमुंडी और लूद के मसियाटोला में किया गया। यहां निर्माण कार्यो में जुटी महिलाओं को सोशल मीडिया के दौर में उनके महत्वपूर्ण दस्तावेजों के सम्बंध में जानकारियां दी गई। इसमें आधार, समग्र, वोटर आईडी, बैंक इकेवायसी, आधार लिंक के बारे में बताया गया। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि



अनजान व्यक्ति को इस दस्तावेजों की जानकारी न दे। वहीं मोबाइल नम्बर पर आने वाले ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। इससे फ्रॉड भी हो सकता है।कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रशांत दीप सिंह ठाकुर, हब नोडल श्रीमती दीपमाला मंगोडिया के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पाचवां सप्ताह में आयोजित किया गया। इसके अलावा वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181 की कार्य प्रणाली इत्यादि जानकारी उपस्थित महिला श्रमिकों को दी गई। साथ ही डी.बी.टी सक्षमता, पीएमएमवीवाई लाभार्थियों के साथ योजना से संबंधित चर्चा भी की गई।

# स्वयं सिद्ध आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित



कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। विकासखंड कटंगी में अलग-अलग स्थानों पर इन दिनों खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला खेल अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया के निर्देश पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है. शासकीय कन्या माध्यमिक शाला परिसर में युवा समन्वयक संतोष पारधी के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रधानपाठक एम.एल. भलावी, लक्ष्मी मरावी, जितेंद्र हिरकने और स्कूली विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया. तिरोड़ी के दुर्गा चौक खेल मैदान में फुटबॉल प्रशिक्षक जितेंद्र अहिरवार और महिला खिलाड़ी ऋतु बारेकर, मोहिनी दिवाकर, शीतल मडावी, निकिता खोबरागड़े, झलक डहाटे, पूजा वारसी ने पौधारोपण किया. वहीं कटंगी शहर के शासकीय उत्कृष्ट सीएम राइज स्कूल में कराटे प्रशिक्षण दिया जा रहा है. कराटे प्रशिक्षक संतोष पारधी ने बताया कि बेटियों को मजबूत, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कराटे प्रशिक्षण दिया जा रहा है. आत्मरक्षा का प्रशिक्षण छात्राओं और महिलाओं के आत्म विश्वास को बढ़ाएगा. क्योंकि विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा बिना आत्मविश्वास के नहीं की जा सकती. आत्मरक्षा के सभी उपायों के प्रभावी ढंग से इस्तेमाल के लिए आत्मविश्वास सबसे जरूरी है. छात्राएं अगर छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करने की बजाय आत्मविश्वास से प्रतिकार करना सीख लें तो कई समस्याओं का समाधान आसानी से हो जाएगा. इस प्रशिक्षण में दुश्मन पर काबू पाने के दांव पेंच बताएं जा रहे है कि किस तरह से पेन, मोबाइल, दुपट्टा भी बचाव का कारगर हथियार बन सकता है।

## बाइक को अज्ञात बाइक ने मारी टक्कर, माँ-बेटे घायल

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। जनपद पंचायत कटंगी के सामने अज्ञात बाइक सवार युवक ने एक अन्य बाइक को पीछे से टक्कर मार दी. इस सड़क हादसे में बाइक सवार माँ-बेटे घायल हुए है जबकि जिस युवक ने बाइक को टक्कर मारी है वह युवक अपनी बाइक को लेकर मौके से फरार हो गए. गनीमत की बात तो यह रही कि हादसे के बाद बोनकट्टा की तरफ से आ रही खाली संजीवनी 108 से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया. किन्तु अस्पताल में स्टाफ की कमी के चलते घायलों को समय पर उपचार नहीं मिल पाया. मिली जानकारी अनुसार सेलवा निवासी शंकर पटले उम्र 43 वर्ष अपनी माँ भुवनेश्वरी पटले 62 वर्ष को आधार अपडेशन करवाने के लिए कटंगी लेकर आया था. वापस घर की तरफ लौटकर जा रहे थे. इसी दौरान अज्ञात बाइक पर सवार दो युवकों ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गए. महिला को मामूली चोट आई जबकि शख्स को सिर पर गहरे घाव के साथ हाथ-पैर में चोट आई है।

# किरनापुर मे सांसद भारती पारधी का हुआ गर्मजोशी से भव्य स्वागत



किरनापुर (पद्मेश न्यूज़)। नव निर्वाचित सांसद श्रीमति भारती पारधी के प्रथम किरनापुर नगर आगमन पर ग्राम पंचायत किरनापुर के सरपंच धर्मकला भाई जे पी रामटेके, उपसरपंच रोशनी मनीष उपाध्याय, पंचायत सदस्य विजय लिल्हारे, जे पी रामटेके, अकुंश पचभैया, भोजराज भिमटे, हितेश्वरी अनिल चापेकर, ललिता बाई शेंडे,निशा नागरीकर, जयमाला रहेकवार, उमेश भूते, रेखा भुते, लक्ष्मीकांता चौरीवार, नंदकिशोर पाँचे, नेत्रकला मेश्राम पंचायत कर्मचारियों भजन लाल गुरूबेले गोवर्धन यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिको ने सांसद भारती पारधी का पुष्प गुच्छ एवं पुष्प मालाएं पहनाकर गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी मात्रा मे पटाखे फोड़ कर स्वागत किया गया। इस दौरान लांजी किरनापुर विधायक राज कुमार कर्राहे, जनपद पंचायत किरनापुर अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, बुनेन्द्र सिंह चौहान सहित अनेक गणमान्य लोगों की मौजूदगी रही।

# मुहर्रम के मौके पर शरबत का वितरण

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मुहर्रम के मौके पर यंग मुस्लिम कमेटी के द्वारा कटंगी शहर के बस स्टैंड में शरबत और लंगर वितरण करवाया गया. कल बुधवार 17 जुलाई को देश भर में मुहर्रम का त्योहार मनाया जाएगा. इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना मुहर्रम रविवार (7 जुलाई) से शुरू हो चुका है. ये महीना मुस्लिमों के लिए बेहद खास माना जाता है, जो कि गम के तौर पर मनाया जाता है. इस महीने में मुसलमान खास तौर पर शिया मुस्लिम पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत का गम मनाते हैं. इमाम हुसैन कर्बला के मैदान में अपने साथियों के साथ शहीद हो गए थे. मुहर्रम की दसवीं तारीख को मनाए जाने वाले यौमे-आशूरा के दिन ही ताजिए निकाले जाते हैं. मगर, इस बार कटंगी में यौमे-आशूरा के दिन ताजिया नहीं निकालने का मुस्लिम




समाज ने पहले ही फैसला ले लिया है. मुहर्रम के महीने को लेकर शिया और सुन्नी समुदाय, दोनों की मान्यताएं अलग-अलग हैं. जहां शिया समुदाय के लोग मजलिस (इमाम हुसैन की शहादत का जिक्र) करते हैं और जुलूस निकालते हैं. वहीं सुन्नी समुदाय के कुछ लोग आशूर के दिन रोड़ा रखते हैं।

# उत्कृष्ट विद्यालय मे एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधरोपण



किरनापुर (पद्मेश न्यूज़)। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के परिसर मे में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए गए।लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के निर्देशन में संस्था प्राचार्य श्रीमती अनीता तारन एवं एनसीसी ऑफिसर गणेश प्रसाद सोनी द्वारा कैडेट के साथ वृक्षारोपण किया गया।इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य एन सी परिहार ,सुरेंद्र चित्रीव ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण का महत्व बताया। वही छात्रों ने बैरिकेड लगाकर पौधों को संरक्षण किया गया।

## लिंगा में एक पेड़ मां के नाम के तहत हुआ पौधारोपण

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिले के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति लिंगा में 16 जुलाई को कॉमन सर्विस सेंटर के 15 वाँ स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर बैंक सीईओ आरसी पटले, पी. जोशी प्रबंधक लेखा, शाखा प्रबंधक आशीष मिश्रा, सरपंच ग्राम पंचायत लिंगा, संस्था प्रबंधक मनोज कटरे और रौनक चौकसे सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# विकल्प के रूप में बनाया गया बाईपास नहीं झेल पा रहा यातायात का दबाव

## यातायात का दबाव नहीं सहने की वजह से भारी वाहन पलट रहे नवेगांव - गोंगलई मार्ग पर

**बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। विकल्प के रूप में बनाया गया नवेगांव से लेकर गोंगलई मार्ग इन दिनों बहुत अधिक खराब हो गया है और बरसात होने की वजह से यातायात के दबाव को नहीं सहन कर पा रहा है, जिसके चलते यहां से गुजरने वाले भारी वाहन अब दुर्घटना के शिकार होकर सड़कों पर पलटने लगे हैं कुछ ही घंटों के अंदर इस मार्ग पर दो से तीन बड़ी घटना घटित हो चुकी हैं जबकि बीती रात को एक वाहन ऐसा पलटा की घंटों तक यहां यातायात बाधित रहा जहां पुलिस प्रशासन द्वारा क्रेन के माध्यम से भारी वाहन को हटाया गया और यातायात को सुचारू रूप से शुरू करवाया गया।**



आपको बता दें कि सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे ओवर ब्रिज के कारण बालाघाट गोंदिया मार्ग को बीते कुछ महीने पहले प्रशासन द्वारा बंद कर दिया गया था और इस मार्ग का आवागमन को नवेगांव स्कूल के पास से गोंगलई मंडी होते हुए डेंजर रोड से चालू किया गया था, किंतु जब से यह गोंदिया मार्ग को परिवर्तित किया गया था तब से ही इस मार्ग की हालत खस्ताहाल होते जा रही थी और प्रशासन द्वारा समय-समय पर इस मार्ग में गड्ढे को भरने का भी काम किया गया था किंतु अधिक समय तक यह मार्ग यातायात के दबाव को नहीं सहन कर पा रहा था, वही इस विषय पर संबंधित विभाग के एक अधिकारी द्वारा तो यह भी कहा गया था कि इस मार्ग पर यातायात के दबाव को इसलिए भी सहन नहीं किया जा रहा है क्योंकि इस मार्ग पर महज 20 टन तक के ही वाहनों के दबाव को यह मार्ग सहन कर सकता है, किंतु देखा जाए तो जब से बालाघाट गोंदिया मार्ग को बंद किया गया था तब से 50 टन से भी अधिक के भारी वाहन इस मार्ग से गुजरते थे किंतु वह बरसात का समय नहीं होने के कारण उस समय काम चल गया , किंतु इन दिनों देखा जाए तो बरसात का समय होने के कारण इस मार्ग की स्थिति अब बिगड़ चुकी है और यहां से अब भारी वाहन का आना-जाना मुश्किल है और उन्होंने तो पहले यह भी कह दिया था कि यदि जल्द ही इस मार्ग को वनवे नहीं किया गया तो यहां पर दुर्घटनाएं भी घटित होना शुरू हो जाएगी, जिसका नजारा 15 जुलाई की शाम को देखने मिला और एक भारी वाहन नवेगांव रोड के आगे पलट गया और इस वाहन के पलटने से यहां का पूरी तरह आवागमन रुक गया जिसके बाद लगभग चार से पांच घंटे तक यह मार्ग पूरी तरह बंद रहा और पुलिस प्रशासन द्वारा मार्ग बंद होने के बाद लगे जाम को देखते हुए आनन -फानन में इस मार्ग को शुरू करवाया गया, किंतु पुनः 16 जुलाई की सुबह फिर एक भारी वाहन इस मार्ग पर मार्ग सही नहीं होने के कारण पलट गया इसके बाद हर कोई यही कह रहा था कि यह मार्ग अब भारी वाहनों के दबाव को नहीं सहन कर पाएगा।

### कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

जिस प्रकार से इस समय नवेगांव से गोंगलई तक मार्ग की स्थिति है वह अत्यधिक ही खराब है क्योंकि यह रास्ता अब यातायात के दबाव को नहीं सहन कर पा रहा है और देखा जाए तो कुछ घंटों में जिस प्रकार से दो बड़े भारी वाहन इस मार्ग पर मार्ग सही नहीं होने के कारण या यू कहे की यातायात के दबाव को सहन नहीं करने के कारण यहां भारी वाहन पलटे हैं उसे देखकर तो यही लग रहा है कि इस मार्ग पर अब कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है भले ही अभी दो बार भारी वाहन के पलटने में कोई बड़ी घटना नहीं घटी है और सभी स्वस्थ है किंतु यदि आने वाली बारिश में लगातार बारिश होती है और इस मार्ग पर पानी भरता है तो निश्चित ही यहां पर कोई बड़ी घटना होगी जिससे अब इंकार नहीं किया जा सकता है।

### नवेगांव से गोंगलई रोड का विधायक ने लिया जायजा

जैसे ही इस बात की जानकारी बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे को लगी की नवेगांव से गोंगलई तक जो मार्ग परिवर्तित किया गया है उस मार्ग पर हादसे हो रहे हैं और मार्ग की हालत काफी खस्ता हाल है उन्होंने डेंजर रोड सहित बायपास रोड का जायजा लिया और मार्ग की स्थिति के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को दोषि ठहराया उन्होंने कहा कि रोड की इतनी क्षमता ही नहीं थी, जितना इस रोड से आवागमन हो रहा है जबकि देखा जाए तो आज जो मार्ग की स्थिति है वह बहुत ही खराब है और उस मार्ग पर से इतने भारी वाहन जाना सही नहीं है और जब उन्होंने संबंधित विभाग से चर्चा करी की जब मार्ग की इतनी स्थिति खराब है तो आप इस पर क्या कर रहे हैं तो विभाग का कहना था कि वह इस मार्ग का पेचवर्क करवा रहे हैं, जबकि देखा जाए तो 3 किलोमीटर की यह सड़क पूरी तरह 90 प्रतिशत खराब है जिससे आवागमन संभव नहीं है।


WANTED
TECHENICAL PERSON FOR BROADBAND SERVICES
CONTACT
Padmesh Broadband Pvt.Ltd.
Near Kali Putli Chowk, Balaghat 481001

AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज एण्ड पॉलिटेक्निक
बी.टेक. पॉलिटेक्निक
• कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
• माईनिंग इंजीनियरिंग
• सिविल इंजीनियरिंग *
• मैकेनिकल इंजीनियरिंग*
• इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग*
ADMISSION + ENQUIRY
*Proposed Branches
नई शिक्षा नीति 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों का Lateral Entry द्वारा बी.टेक. के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर (गर्रा) बालाघाट
6262604111, 9425836824 www.satpudaengineeringcollege.com
सतपुड़ा आई.टी.आई.बालाघाट

| मांझापुर | गर्रा | बुढ़ी | कटंगी | बैहर |
|---|---|---|---|---|
| 6262604119 | 6262604121 | 6262604122 | 6262604117 | 6262604125 |







डिंगडांग पॉलीमर्स, बालाघाट
(तिरपाल हाउस)
विगत 35 वर्षों से तिरपाल और पॉलीथीन शीट के क्षेत्र में बालाघाट जिले का अग्रणी प्रतिष्ठान
* बेहतरीन क्वालिटी की तिरपाल उपलब्ध
* ट्रक, मेटाडोर इत्यादि सभी प्रकार के मालवाहक वाहनों के लिए बड़ी रेंज
* गोडाउन, मकान और छत के लिए उपयोगी तिरपाल और पॉलिथीन शीट उपलब्ध
* कृषि उपयोगी तिरपाल और पॉलिथीन
एक बार जरूर आइए
श्रेष्ठ गुणवत्ता और उचित दाम
तभी तो है डिंगडांग पॉलीमर्स का नाम
इतवारी गंज
श्याम मॉल के पीछे
बालाघाट
7000975737
8989269500

विश्वविद्यालय अनुदान से 2 (एफ) में रजिस्टर्ड संस्थान म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति एवं राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा से संबद्ध
SLKCT लांजी 2009
श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफ टेक्नालॉजी 2024-2025
लांजी, जिला बालाघाट (म.प्र.)
College code: P008
प्रवेश प्रारम्भ
स्नातक पाठ्यक्रम (योग्यता 12 वीं)
B.A. Plane, Computer Application
B.Sc. Biology, Computer Application
B.Sc. Maths, Computer Science
B.Com. Plane, Computer Application
स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (योग्यता स्नातक)
M.Sc. Maths, Chemistry, Botany, Zoology
सर्व सुविधा युक्त कॉलेज केम्पस समस्त प्रकार की छात्रवृत्तियां, लाइब्रेरी, प्रयोगशाला, कम्प्यूटर शिक्षा, उच्च शैक्षणिक गतिविधियां, कैरियर गाइडेंस
मध्यप्रदेश राज्य में प्रवेश प्रकिया पूर्णत: ऑनलाइन है महाविद्यालय में प्रवेश के लिए ऑनलाईन पंजीयन कराना अनिवार्य है। महाविद्यालय में ऑनलाईन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क- 8966886111, 9907079078, 7000290694, 9617807954, 07635255888
E-mail:- slkct09@gmail.com Website:- www.laxmikantacollege.in
2024-2025 प्रवेश प्रारम्भ
भारत माता पब्लिक स्कूल, लांजी
(लक्ष्मीकांता ग्रुप का संस्थान)
UDISE code: 23450801131
नर्सरी से आठवीं तक
नवीन शिक्षा पैटर्न, स्मार्ट शिक्षा, वैदिक गणित
केरल, उड़ीसा, मध्यप्रदेश एवं अन्य राज्यों के उत्कृष्ट शिक्षकों द्वारा अंग्रेजी माध्यम में अध्यापन कार्य स्पोकन इंग्लिश के लिए दैनिक कोचिंग, नवोदय की तैयारी
पता-लक्ष्मीकांता केम्पस, भिलाई रोड़, लांजी
संपर्क मो.-9961207141, 9329781739











स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट